श्रावण शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 10 अगस्त 2024
वर्ष 4, अंक 174, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रफ्तार के खेल में पिछड़ीं टीमें 13

डॉन 2 के लिए ऋतिक रोशन से हुई थी बात 14

## वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार को जेपीसी गठित, विपक्ष कर रहा था मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद ने वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने के लिए दोनों सदनों की संयुक्त समिति के गठन की खातिर लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्यों को नामित करने की अनुशंसा संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। बता दें कि विपक्षी दल जेपीसी की मांग कर रहे थे। इस संयुक्त समिति में लोकसभा से जिन 21 सदस्यों को शामिल किया गया है, उनमें भाजपा के आठ और कांग्रेस के तीन सांसद शामिल हैं।

राज्यसभा से समिति में शामिल किए गए सदस्यों में से चार भाजपा के और एक-एक सदस्य कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के हैं। एक मनोनीत सदस्य को भी समिति का सदस्य बनाया गया है। इस प्रकार इस समिति के कुल सदस्यों की संख्या 31 हो गई। संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में यह प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई।



- समिति में 21 लोकसभा और दस राज्यसभा के होंगे सदस्य

### शीतकालीन सत्र से पहले देनी होगी रिपोर्ट

समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। सरकार ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पेश किया था, जिसे सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक एवं चर्चा के बाद संयुक्त समिति के पास भेजने का फैसला हुआ था। रीजीजू ने सदन में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' पेश किया और विभिन्न दलों की मांग के अनुसार विधेयक को संसद की संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव किया।

## आप होंगी सेलिब्रिटी, लेकिन यहां गरिमा का ध्यान रखें

### जया बच्चन की टिप्पणी पर नाराज हुए राज्यसभा सभापति धनखड़

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की सदस्य जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ के बोलने के लहजे पर आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों के बीच नोंकझोंक हो गई। सभापति ने कहा कि उनके जैसी सेलिब्रिटी को भी शिष्टाचार का पालन करने की जरूरत है। वहीं विपक्षी सांसदों ने अपनी बात रखने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

इससे पहले जया बच्चन ने कहा कि मैं जया अमिताभ बच्चन यह बोलना चाहती हूं कि मैं कलाकार हूं। बॉडी लैंग्वेज समझती हूं और चेहरे की अभिव्यक्ति समझती हूं। सर! माफ कीजिएगा, आपका लहजा स्वीकार्य नहीं है। भले ही आप आसन पर बैठे हैं, लेकिन हम आपके साथी हैं। इस पर सभापति धनखड़ ने सख्त लहजे में कहा, 'जया जी, आपने अपनी एक प्रतिष्ठा बनाई है। आप जानती हैं कि अभिनेता निर्देशक के अनुसार काम करता है। आपने वह चीजें नहीं देखी हैं, जो मैंने यहां इस आसन पर बैठकर देखी है। आप मेरे लहजे के बारे में बात कर रही हैं? बस बहुत हुआ। आप होंगे सेलिब्रिटी, लेकिन आपको यहां सदन की गरिमा का ध्यान रखना होगा।'

सदन में विवाद तब शुरू हुआ, जब सपा सदस्य जया कुछ दिन पहले भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी द्वारा खरगे पर की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर विपक्षी दलों और सभापति के बीच चल रही तीखी बहस पर अपनी बात रखना चाहती थीं। धनखड़ ने उन्हें अनुमति देते हुए कहा, 'जया अमिताभ बच्चन अपनी बात रखें।' इसके बाद जया ने सभापति के लहजे पर सवाल उठाए। सभापति ने तल्ख लहजे में कहा, 'बहुत हो गया। आप कोई भी हों, आप भले ही सेलिब्रिटी हों, आपको शिष्टाचार समझना होगा। मैं यह सहन नहीं करूंगा। कभी ऐसा दिखाने की कोशिश न करें कि आप ही ने ख्याति अर्जित की है। हम सभी यहां ख्याति अर्जित करके, प्रतिष्ठा के साथ आए हैं।''



### दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल को स्थगित

नई दिल्ली। अठारहवीं लोकसभा के दूसरे सत्र की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई, जिसमें केंद्रीय बजट 2024-25 को मंजूरी देने की प्रक्रिया संपन्न हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा से पहले बताया कि इस सत्र में 15 बैठकें हुईं, जो 115 घंटे तक चलीं और सदन की कार्य उत्पादकता 136 प्रतिशत रही। वहीं राज्यसभा का 265वां सत्र भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। तीन बार के स्थगन के बाद जब सदन की कार्यवाही साढ़े 3 बजे आरंभ हुई, तब सभापति जगदीप धनखड़ ने कुछ जरूरी कामकाज निपटाने के बाद उच्च सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

### एक नजर

#### मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के सर्वे पर रोक बढ़ी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक नवंबर तक बढ़ा दी, जिसमें मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर की अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने हाईकोर्ट के 14 दिसंबर, 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर शीर्ष अदालत द्वारा 16 जनवरी को लगाई गई रोक को जारी रखने का आदेश दिया।

#### हरियाणा के स्कूलों में गुड मॉर्निंग की जगह जय हिंद

चंडीगढ़। हरियाणा में इस स्वतंत्रता दिवस से सभी स्कूलों में गुड मॉर्निंग के स्थान पर अब जय हिंद का प्रयोग किया जाएगा। स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया है कि हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए इस कदम का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की गहरी भावना उत्पन्न करना है।

#### बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

कोलकाता। मालदा जिले में कुमेदपुर रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के पीआरओ ने बताया कि पेट्रोल ले जा रही मालगाड़ी के पांच डिब्बे शुक्रवार सुबह पटरी से उतर गए।

## पूर्णागिरि मार्ग पर नाले में बहा मैक्स वाहन, दो की मौत, एक बच्चा लापता

### चालक समेत छह लोगों को किया रेस्क्यू, उफनाए नाले को पार करने के दौरान हुआ हादसा

- मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे श्रद्धालु, एसडीआरएफ लापता की तलाश में जुटी

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचारः पूर्णागिरि मार्ग पर स्थित किरोड़ा नाले में शुक्रवार सुबह एक मैक्स वाहन तेज बहाव में पलट गया। इस हादसे में एक किशोरी समेत दो यात्रियों की मौत हो गई। एक बच्चा तेज बहाव में बह गया। चालक समेत छह लोगों का रेस्क्यू कर सकुशल बचा लिया गया। उधर, लापता बालक की तलाश में एसडीआरएफ व पुलिस जवान जुटे रहे।

जानकारी के अनुसार मैक्स वाहन (यूके 05 टीए 1206 ) टनकपुर से पूर्णागिरी की ओर जा रहा था। वाहन में कुल 9 लोग सवार थे, वे पूर्णागिरि धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे। पहाड़ में बारिश की वजह से रास्ते में किरोड़ा नाला उफान पर था। नाले को पार करने की कोशिश में वाहन तेज बहाव में बह गया। वाहन बहते ही उसमें सवार लोग बचाव को चिल्लाने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस व प्रशासन को दी। कई लोग अपने स्तर पर बचाव में जुट गए। हादसे में 14 वर्षीया बलविंदर कौर पुत्री सुखविंदर सिंह और 24 वर्षीया सोनी पुत्री मक्खन सिंह की मौत हो गई। जबकि 9 वर्षीय मंगल सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह तेज बहाव में बह गया।



पूर्णागिरि मार्ग पर नाले में बहा मैक्स वाहन (लाल घेरे में)। ● अमृत विचार

मौके पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ जवानों ने मौके पर मौजूद लोगों की मदद से वाहन के चालक समेत छह लोगों को सकुशल निकाल लिया। इनमें चालक उमेश पुत्र खुर्शीद निवासी टनकपुर, पवनदीप कौर व अमनदीप कौर पुत्रियां गुरमीत सिंह निवासी ग्राम हरदुजिया, खटीमा, सीमा पुत्री सुखविंदर सिंह निवासी विजयपुर पकड़िया, खटीमा, गीता कठैत पुत्री अमर सिंह निवासी खेतखेड़ा व चंचल सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी ज्ञानखेड़ा, टनकपुर को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। सभी घायलों का सरकारी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। उधर, एसडीआरएफ व पुलिस जवान लापता बालक की तलाश में जुटे हैं। डीएम नवनीत पांडेय ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## अदालतों में हिंदी के अलावा क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने कहा है कि न्यायालय में क्षेत्रीय भाषाओं के इस्तेमाल को लेकर कैबिनेट को प्रस्ताव मिले थे, लेकिन उन्हें मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार नहीं किया। इसलिए फिलहाल हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं का न्यायालय में इस्तेमाल नहीं हो रहा है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक पूरक सवाल की जवाब में कहा कि किसी भी राज्य में वहां की राज्यपाल की सिफारिश पर राष्ट्रपति की सहमति से स्थानीय भाषा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस क्रम में हिंदी का प्रयोग अधिकृत किया हुआ है और सभी राज्यों में इसका प्रयोग किया जा सकता है।



- सरकार ने कहा- मुख्य न्यायाधीश ने प्रस्ताव को अस्वीकार किया

कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि केंद्र के बाद तमिलनाडु, गुजरात, बांग्ला तमिल तथा छत्तीसगढ़ी में वहां की भाषाओं के न्यायालय में स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल को लेकर प्रस्ताव कैबिनेट को प्राप्त हुए थे, लेकिन इसे मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार नहीं किया था।

## नर्स की निर्मम हत्या, यूपी के सीमावर्ती डिबडिबा में मिला सड़ा-गला शव

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः कोतवाली इलाके की रहने वाली प्राइवेट अस्पताल की एक नर्स का यूपी के सीमावर्ती डिबडिबा क्षेत्र में झाड़ियों में सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी फैल गई। नर्स की नृशंस हत्या कर शव को खाली प्लॉट में फेंक दिया गया। भीड़ ने प्राइवेट अस्पताल में हंगामा किया। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से पुलिस व प्रदर्शनकारियों में तीखी नोकझोंक भी हुई।

वसुंधरा कॉलोनी निवासी तस्लीम जहां (34) सिविल लाइंस स्थित फुटेला अस्पताल में नर्स थी। 30 जुलाई को तस्लीम जहां शाम साढ़े पांच बजे ड्यूटी समाप्त कर अस्पताल से घर जाने के लिए निकली थी। देर सायं तक वह घर नहीं पहुंची तो उसकी छोटी बहन साहिबा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करवाई। लापता होने के बाद नौवें दिन यानी गुरुवार की देर शाम कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि सीमावर्ती यूपी के गांव डिबडिबा स्थित एक खाली प्लॉट की झाड़ियों में युवती का सड़ा-गला शव पड़ा हुआ है।



- 30 जुलाई से थी लापता रुद्रपुर की तस्लीम जहां, ड्यूटी समाप्त कर घर के लिए निकली थी
- आक्रोशित लोगों ने शव के साथ अस्पताल में हंगामा किया

जानकारी मिलते ही कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी और बिलासपुर यूपी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। जहां मृतका के कपड़ों से उसकी पहचान तस्लीम जहां के रूप में हुई। पोस्टमार्टम के बाद गुस्साए लोग शव को एंबुलेंस में डालकर सिविल लाइंस स्थित अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल के अंदर ही हत्या की वजह जुड़ी होने का आरोप लगाया। अस्पताल में हंगामे की खबर पर कोतवाल, एसएसआई दीपक कौशिक भारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से भी तीखी नोकझोंक हुई। उनका आरोप था कि गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसकी बरामदगी का प्रयास नहीं किया।

## आईएसआईएस आतंकी रिजवान अली दिल्ली से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकवादी संगठन 'इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया' (आईएसआईएस) के पुणे मॉड्यूल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस वांछित आतंकवादी का नाम रिजवान अब्दुल हाजी अली है और वह दिल्ली के दरियागंज का रहने वाला है।अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने एक गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली-फरीदाबाद सीमा पर उसे गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक अवैध हथियार बरामद किया गया है। एनआईए ने आतंकवादी रिजवान अब्दुल हाजी अली पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। एक अधिकारी ने बताया कि ऐसा संदेह है कि वह दिल्ली-एनसीआर के कुछ अतिविशिष्ट लोगों (वीआईपी) पर हमला करने की फिराक में था।



- एनआईए की वांछित सूची में था 3 लाख का इनामी

## पांच छात्रों के लिए लाखों छात्रों का भविष्य खतरे में नहीं डाल सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने की मांग से संबंधित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। इसमें दावा किया गया था कि अभ्यर्थियों को ऐसे शहर आवंटित किए गए हैं, जहां पहुंचना उनके लिए बेहद असुविधाजनक है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह पांच छात्रों के लिए दो लाख छात्रों के करियर को खतरे में नहीं डाल सकते। तीन जजों की पीठ ने कहा, 'हम ऐसी परीक्षा को कैसे स्थगित कर सकते हैं। आजकल लोग बस परीक्षा स्थगित करने के लिए कहते हैं। यह एक आदर्श दुनिया नहीं है। हम अकादमिक विशेषज्ञ नहीं हैं।' याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) को पुनर्निर्धारित करने की आवश्यकता है, क्योंकि एक परीक्षा सुबह और एक दोपहर बाद होनी है।



- सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी परीक्षा स्थगित करने संबंधी याचिका खारिज की

## महिलाओं को अकेले देखते ही मार डालता था साइको किलर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शाही क्षेत्र में एक के बाद एक महिलाओं की हत्या के पीछे किसी साइको किलर का हाथ होने की थ्योरी आखिरकार सही निकली। शुक्रवार को पुलिस ने नवाबगंज के गांव बाकरगंज निवासी 35 वर्षीय कुलदीप को गिरफ्तार कर खौफ के इस लंबे दौर पर विराम लगा दिया। पुलिस के मुताबिक साल भर में शाही क्षेत्र में जिन 10 महिलाओं की हत्या हुई, उनमें से छह की जान कुलदीप ने ली थी। इन सभी को उसने एक ही तरह साड़ी से गला घोंटकर मारा था।

शाही में महिलाओं की श्रृंखलाबद्ध हत्या की शुरुआत 17 जून 2023 को हुई थी। बच्चे की दवा लेकर लौट रही गांव कुल्छा की 43 वर्षीय धनवती को रास्ते में उन्हीं की साड़ी से गला घोंटकर मार दिया गया था और शव खेत में फेंक दिया गया था। इसके बाद एक महीने के अंदर दो और महिलाओं की ठीक इसी तरह हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुरू में इसे गंभीरता से नहीं लिया। हत्या का सिलसिला चलता रहा। नतीजा यह हुआ कि पूरे शाही क्षेत्र में भारी दहशत फैल गई। महिलाओं और बच्चियों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया और पुलिस के विरोध में प्रदर्शन होने शुरू हो गए। इस बीच लगातार हत्याओं का मामला विधानसभा में गूंजा, तब कहीं पुलिस अफसरों ने इन हत्याओं को गंभीरता से लिया।

कई महीने लंबी छानबीन के बाद पुलिस ने कुलदीप को गिरफ्तार कर शुक्रवार को छह महिलाओं की हत्या का खुलासा किया। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उसे मीडिया के सामने पेश किया गया, जहां उसने अपना जुर्म कुबूल किया। तीन महिलाओं की हत्याओं का खुलासा अलग-अलग अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पहले ही पुलिस कर चुकी थी।

### बरेली का गुनहगार गिरफ्तार



- थमा साल भर पुराना खौफ का सिलसिला, 6 महिलाओं की हत्या कर चुका है किलर
- खेतों में मिलती थीं लाशें तीन महिलाओं की हत्या का खुलासा कर चुकी है पुलिस

### सौतेली मां के जुल्म ने बनाया साइको किलर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कुलदीप के पिता बाबूराम ने दो शादी की थीं। एक ही घर में उसकी मां और सौतेली मां साथ रहती थीं। उसके पिता और उसकी मां उसे बहुत प्रताड़ित करते थे। सौतेली मां भी उसे पीटती थी। युवावस्था में शादी होने के कुछ समय बाद उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई तो वह महिलाओं से नफरत करने लगा। नशे में पैदल खेतों और सुनसान इलाकों में घूमने लगा। कहीं अकेली महिला को देखकर उससे बात करने लगता था और फिर उसी की साड़ी से गला घोंटकर उसे मार देता था। हत्या के बाद दुष्कर्म भी करता था।

## सुप्रीम कोर्ट ने हटाई कॉलेज में हिजाब-बुर्का पहनने पर पाबंदी

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई के एक कॉलेज के उस सर्कुलर पर आंशिक रूप से रोक लगा दी है, जिसमें कॉलेज परिसर में हिजाब, बुर्का और नकाब पहनने पर पाबंदी लगाई गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही यह भी कहा कि छात्राओं को यह चयन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह क्या पहनें। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि शैक्षिक संस्थान छात्राओं पर अपनी पसंद को नहीं थोप सकते। मुंबई के कॉलेज में हिजाब, बुर्का और नकाब पर पाबंदी को लेकर काफी विवाद हुआ था। इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी भी सामने आई थी। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या आप लड़कियों के बिंदी या तिलक लगाने पर प्रतिबंध लगाएंगे? मुंबई के कॉलेज ने हिजाब नकाब और बुर्का पर पाबंदी लगाते हुए बाद में जींस पर भी पाबंदी लगाई थी।



- शीर्ष अदालत ने कहा- शैक्षिक संस्थान छात्राओं पर अपनी पसंद नहीं थोप सकते

## जाति आधारित रैली पर आप क्या कार्रवाई करेंगे

### हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चुनाव आयोग से पूछा है कि अगर कोई राजनीतिक दल या प्रत्याशी जाति आधारित रैली करता है तो वह क्या कार्रवाई कर सकता है। कोर्ट ने इस संबंध में हलफनामा दाखिल कर जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त को होगी।

न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। कोर्ट ने मामले में भारत सरकार के विधि व न्याय मंत्रालय को भी पक्षकार बनाने का आदेश याची को दिया है। याची को यह भी निर्देश दिया कि वह पिछले दस सालों में हुई जातीय रैलियों का ब्यौरा शपथ पत्र पर दाखिल करे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा को जारी हुई नोटिस वापस नहीं प्राप्त हुई है।

लिहाजा, इन दलों को नोटिस की प्राप्ति न्यायालय ने मान ली है। चुनाव आयोग ने मामले पर जवाब देते हुए कहा कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट में उसकी तरफ से जातीय रैलियों को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाता है। इस पर न्यायालय ने कार्रवाई करने की शक्ति के बारे में जवाब देने को कहा। उल्लेखनीय है कि उक्त जनहित याचिका में प्रदेश में जातीय रैलियों पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई है।



### कोर्ट ने जाति आधारित रैलियों पर लगाई थी रोक

बता दें कि एक याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने 11 जुलाई 2013 को प्रदेश में राजनीतिक दलों द्वारा जाति आधारित रैलियां किए जाने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा था कि जातीय सिस्टम समाज को विभाजित करता है और इससे भेदभाव उत्पन्न होता है। जाति आधारित रैलियों को अनुमति देना संविधान की भावना, मौलिक अधिकारों व दायित्वों का उल्लंघन है।

## मनीष सिसोदिया 17 महीने बाद तिहाड़ जेल से रिहा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया को शुक्रवार को जमानत दे दी और कहा कि वह 17 माह से हिरासत में हैं।

शीर्ष अदालत ने अधीनस्थ न्यायालयों की आलोचना करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई शुरू हुए बिना लंबे समय तक जेल में रखे जाने से वह शीघ्र सुनवाई के अधिकार से वंचित हुए हैं। दो जजों की पीठ ने कहा कि अब समय आ गया है कि निचली अदालतें और उच्च न्यायालय इस सिद्धांत को स्वीकार करें कि "जमानत एक नियम है और जेल एक अपवाद है।"

- आबकारी घोटाले में आरोपी दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत



## सार-संक्षेप



नैनीताल कुमाऊं विवि में मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

### गृह विज्ञान विभाग ने आयोजित की प्रतियोगिताएं

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के निर्देश पर गृह विज्ञान विभाग में शुक्रवार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में राखी बनाना, वॉल हैंगिंग, बुक मार्क, मेहंदी तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में गृह विज्ञान की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया। जानकारी देते हुए गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. लता पांडे ने सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक समिति में प्रो.ज्योति जोशी, डॉ. हरिप्रिया पाठक, और डॉ. छवि आर्य सम्मिलित रहीं। विजेता प्रतिभागियों को कुलपति द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



नैनीताल में बरसाती के साथ स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### छात्रों को बारिश से बचने के लिए बांटीं बरसाती

**नैनीताल :** समाजसेवी कविता गांगुला ने नैनीताल के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में अपने ससुर की याद में स्कूल के 33 छात्र-छात्राओं को बारिश से बचने के लिए बरसाती बांटी। इस दौरान कविता ने बताया कि निर्धन छात्र-छात्राओं के लिए हमेशा आगे आती हैं। पूर्व में उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं को ट्रैक सूट व किताबें वितरित की थी, अब बरसाती वितरित की हैं। स्कूल की प्रधानाध्यापिका हेमू कांडपाल व मुक्ता साह ने कविता गंगोला का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मनोज गंगोला, प्रबल गंगोला, शिखा गंगोला, विक्रम सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।



नंदादेवी मेले को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते नगर पालिका के प्रशासक।

### नंदा देवी महोत्सव के लिए प्रशासन ने शुरू की तैयारी

**नैनीताल :** नैनीताल के ऐतिहासिक मां नंदा देवी महोत्सव के सफल आयोजन को नगर पालिका और जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। शुक्रवार को नगर पालिका मुख्य प्रशासक केएन गोस्वामी की अध्यक्षता में मेले के आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मेले के दौरान लगने वाली दुकाने, झूले, लाइट व्यवस्था और पंडाल समेत अन्य व्यवस्थाओं के लिए निविदा जारी की। बैठक के दौरान डीएसए महासचिव अनिल गढ़िया भी मौजूद रहे जिन्होंने मेले को खेल मैदान के तय स्थान पर लगाने की मांग की ताकि मेले से खेल की गतिविधियां प्रभावित न हो। इस दौरान नगर पालिका प्रशासक के एन गोस्वामी ने कई विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही टेंडर प्रक्रिया के दौरान होने वाली तकनीकी दिक्कतों पर भी चर्चा की।



पौधरोपण करते ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं।

### ग्राफिक एरा ईको क्लब ने किया पौधरोपण

**भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल के ईको क्लब ने इस मानसून में जंगलों में 500 पौधे लगाने की जिम्मेदारी ली है। बारिश के बावजूद ईको योद्धाओं का जोश कम नहीं हुआ और उन्होंने बारिश में ही 100 पौधे लगाए, जिससे अब तक कुल 250 पौधे लगाए जा चुके हैं। आने वाले महीनों में पौधरोपण जारी रहेगा। इस मानसून सीजन में 500 पौधों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए शेष 250 पौधे लगाने की योजना बनाई गई है। इस अभियान में कुल 51 छात्रों और 3 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल के निदेशक, सेवानिवृत्त कर्नल एके नायर ने इस पहल की सराहना की और ईको योद्धाओं को प्रोत्साहित किया। डॉ. फरहा खान के नेतृत्व में यह अभियान चल रहा है, जिसमें यूनिवर्सिटी की फैकल्टी सदस्य, कविता खाती और निधि जोशी भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। ईको क्लब के अध्यक्ष, हर्ष अग्रवाल ने हिमाशु सिंह, मोहित, राम, लक्षिता, दिव्या, ज्योति, प्रगति, वैष्णवी, तन्नू, स्नेहा , अंजलि, मानसी, हिमानी और सुजल सहित आदि मौजूद थे।



रामनगर में काकोरी कांड की जानकारी देते अंग्रेजी प्रवक्ता नवेन्दु मठपाल।

### शिद्दत से याद किए गए काकोरी काण्ड के क्रांतिकारी

**रामनगर :** राजकीय इंटर कालेज ढेला में काकोरी काण्ड के क्रांतिकारियों और भारत छोड़ो आंदोलन के संग्रामियों को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातकालीन सभा में काकोरी के शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। उस दौर में प्रताप बोरा द्वारा लिखा गीत उठो हिटो ददा भूलियो, आज कसम हम खोला गाया गया। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने इस दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि अगस्त 1925 को लखनऊ के पास काकोरी में क्रांतिकारियों ने ट्रेन लूट ली। यह काम हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएसन के क्रांतिकारियों द्वारा किया गया। बाद में रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह को फांसी हुई थी। भारत छोड़ो आन्दोलन 8 अगस्त 1942 को शुरू किया गया। यह विश्वविख्यात काकोरी काण्ड के ठीक 17 साल बाद गांधीजी के आह्वान पर समूचे देश में एक साथ शुरू हुआ। यह भारत को तुरन्त आजाद करने के लिए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध सविनय अवज्ञा आन्दोलन था।

### भारत को जानो विषय पर आयोजित हुई परीक्षा

**नैनीताल :** भारत विकास परिषद उत्तराखंड द्वारा महर्षि विद्या मंदिर ताकुला नैनीताल में भारत को जानो विषय पर शुक्रवार को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। बता दें परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित थी जिसमें कनिष्ठ वर्ग कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। लिखित परीक्षा से पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे ने सभी विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा से संबंधित जानकारी दी। परीक्षा डीसी सिंह खेतवाल के नेतृत्व में संपन्न की गई। लिखित परीक्षा के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे व परीक्षा प्रभारी हरीश सिंह बिष्ट उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में 10 सितंबर से शुरू होंगे राज्य खेल, लोगो जारी, तैयारी शुरू

## पूर्व विधायक महेश नेगी को चुना गया उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन का अध्यक्ष

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** राज्य में 10 सितंबर से राज्य खेल शुरू हो जाएंगे। इसको लेकर उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन ने तैयारी शुरू कर दी है। नैनीताल में शुक्रवार को ओलंपिक एसोसिएशन की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महेश नेगी को उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया।

नवनियुक्त अध्यक्ष महेश नेगी ने बताया कि उत्तराखंड पांचवें राज्य खेलों की तैयारी पूरी कर ली गई है। राज्य खेलों में करीब 7 हजार खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। राज्य खेलों के लिए उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन ने हिम तेंदुआ को खेलों के लोगो रूप में जारी किया। पत्रकार वार्ता में महेश नेगी ने बताया कि राज्य खेलों के बाद राष्ट्रीय खेलों का उत्तराखंड में आयोजन किया जाएगा। कहा कि ओलंपिक खत्म होने के बाद उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की तिथि घोषित कर दी जाएगी। राष्ट्रमंडल खेलों के तहत पिथौरागढ़ में बॉक्सिंग प्रतियोगिता, उधम सिंह नगर में साइक्लिंग और नैनीताल में सेंलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेलों में ओलंपिक संघ से तय किए गए 34 खेलों को राष्ट्रमंडल खेलों में सम्मिलित किया गया है। उत्तराखंड के पांच जिले देहरादून, हल्द्वानी, उधमसिंग नगर, हरिद्वार व पिथौरागढ़ में खिलाड़ियों के चयन किए जाएंगे। नैनताल में पाल नौकायन ( सेलिंग ) खिलाड़ियों के चयन किए जाएंगे।

अध्यक्ष महेश नेगी बताया कि आज संघ की वार्षिक सामान्य सभा आयोजित की गई। साथ ही संघ के पूर्व अध्यक्ष निर्वाण मुखर्जी को सम्मानित किया और नए अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई। इस दौरान साइकिल फैडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमल चौधरी ने कहा कि राज्य में साइकिलिंग सुविधाएं बढ़ाने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर संघ का नया मोनोग्राम लॉन्च किया गया। इस अवसर पर संघ के राजेन्द्र भट्ट, इंद्र सिंह परिहार, नरेंद्र भाकुनी, यूके सिंह, महेंद्र सिंह, चेतन गुरंग, सतीश शर्मा, देवेन्द्र पाण्डे, किशोर सिंह व कौशल किशोर मौजूद थे।




राज्य खेलों के लिए लोगो जारी करते उत्तरांचल ओलंपिक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## समस्याओं के निदान को डीएफओ से मिले

**रामनगर:** वार्ड नम्बर एक के लोगों ने क्षेत्र की समस्या को लेकर रामनगर वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी दिगन्त नायक से मुलाकात की।

पूर्व छात्र संघ सचिव नवीन सुनेजा के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र में पार्क निर्माण, झाड़ी कटान, बरसात के पानी का डायवर्जन जैसी समस्याओं के निदान की मांग की। लोगों ने कहा कि कोसी किनारे जमीन पर नगरपालिका एक पार्क का निर्माण करना चाहती है। जिसके निर्माण हेतु जिलाधिकारी द्वारा भी कहा गया था। उसके लिए कोसी रेंज द्वारा सहमति भी दी गई थी परन्तु निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। साथ ही साथ सड़क के किनारे बड़ी बड़ी झाड़ी होने के कारण जंगली जानवरों का खतरा बढ़ गया है। डीएफओ ने समस्याओं को हल करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मण्डल में नवीन सुनेजा, देवकी पवार, सावित्री देवी, गंगा देवी, चन्दन रावत आदि रहे।

# कुमाऊं कमिश्नर की मौजूदगी में जंगल में आजाद किए जहरीले सांप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सेव द स्नेक एंड वेलफेयर सोसाइटी के संक्षिप्त कार्यक्रम में भाग लेते हुए सोसाइटी द्वारा घरों से पकड़े गए 50 से अधिक विषैले सांपों को जंगल में आजाद किया। उन्होंने सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि इस बार सर्पदंश से कुमाऊं में 10 लोगों की मौत हो चुकी है जो कि गंभीर है। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में सर्पदंश से बचाव के लिए पर्याप्त इंजेक्शन रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि श्रमिकों के लिए शौचालय की व्यवस्था तथा उनके सोने के लिए ऊंचाई पर पलंग व बिस्तर की व्यवस्था होनी चाहिए। ऐसा न होने पर संबंधित ठेकेदार व बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं। कुमाऊं आयुक्त ने सांपों के संरक्षण को लेकर काम कर रही सेव द स्नेक एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा अब तक हजारों सांपों का रेस्क्यू किया जा चुका है। साथ ही सर्पदंश का शिकार हुए हजारों लोगों की जान भी बचाई गई है जो कि काफी प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि उनके स्तर से सोसाइटी को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस दौरान ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, किशन कश्यप, अर्जुन कश्यप, अनुज कश्यप, विक्की कश्यप मौजूद रहे।



सेव द स्नेक एंड वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों के साथ कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत।

# लालकुआं नगर पंचायत के पर्यावरण मित्र व कर्मचारियों को किया सम्मानित

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** नगर पंचायत लालकुआं को अटल निर्मल नगर पुरस्कार 2023 के अंतर्गत प्रथम स्थान मिलने पर नगर के पर्यावरण मित्रों व अन्य कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

यहां नगर पंचायत के सभागार में आयोजित उक्त सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में उत्तराखंड में नगर पंचायत श्रेणी में लालकुआं नगर पंचायत को पहला स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 12 लाख 50 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप प्राप्त हुए, जिसमें से आधा पैसा नगर पंचायत के पर्यावरण मित्रों को वितरित किया जाना था जिसमें उन्हें एक माह का वेतन, प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किया गया। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष लालचंद सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार नगर पंचायत के पर्यावरण मित्रों की मेहनत और कार्यालय के सहयोग तथा नगर पंचायत बोर्ड की सक्रियता के बल पर प्राप्त हुआ है, उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में निवर्तमान सभासद हेमंत पांडे, दीपक बत्रा, योगेश उपाध्याय, राजलक्ष्मी पंडित, प्रधान लिपिक भुवन जोशी, कामेश भंडारी, मनोज बर्गली, गोपाल खत्री आदि रहे।



नगर पंचायत लालकुआं के पर्यावरण मित्रों को सम्मानित करते अतिथि।

## हाईकोर्ट ने यथा स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि में छात्रों के आंदोलन के बाद चरमराई कानून व्यवस्था बनाने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने पौड़ी गढ़वाल एसएसपी को कानून व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं।

बीती 7 अगस्त को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा था कि कानून व्यवस्था बनाने के लिए जरूरी कदम उठाएं। साथ ही कुलपति कार्यालय और विवि के प्रशासनिक ब्लॉक की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस पर राज्य सरकार ने कहा कि पुलिस ने स्थिति पर कंट्रोल कर लिया है। विवि के गेट पर ताले लगाकर आंदोलित विद्यार्थियों को कैंप से हटा दिया गया है। इसपर कोर्ट ने परिसर में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह के बाद की तिथि नियत की गई है।

## दो आरोपी अब भी पकड़ से बाहर

**नैनीताल, अमृत विचार:** नकली नोट से खरीदारी करने के दो आरोपी चार दिन बीत बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। मल्लीताल क्षेत्र में बीते मंगलवार को नकली नोट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। लेकिन अब भी दो आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाए हैं।

नैनीताल में देशी व विदेशी नकली नोट लेकर पहुंचे चार युवकों में से मुजफ्फरनगर के अकिल बालियान व आरिफ को पकड़ लिया। युवक के पास भी 500 के दो नकली नोट और करीब 65 हजार की असली भारतीय करेंसी बरामद हुई थी। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया था।

# एसेंशियल लाइफ सेटअप की जानकारी दी

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में शैक्षणिक सत्र-2024 के लिए बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम के दूसरे दिन विभागाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने छात्रों को एसेंशियल लाइफ सेटअप (जैसे कि पैन कार्ड, वोटर आईडी, पासपोर्ट, डिजीलॉकर) की जानकारी दी।

परिसर निदेशक ने नये छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कठोर परिश्रम, अनुशासन एवं निष्ठा एक विद्यार्थी को बुलंदियों पर पहुंचा सकती है। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की प्राध्यापिका संगीता बाफिला ने विभिन्न क्लबों से विद्यार्थियों को कराया। एडिटोरियल क्लव के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने छात्रों को क्लब की जानकारी दी तथा विभिन्न एक्टिविटी करवायीं गई। नये छात्रों को अंकित, विभा चन्दोला तथा अन्य क्लब सदस्यों ने वी कोड क्लब की जानकारी देते हुये कोडिंग से सम्बन्धित ज्ञान साझा किये। प्राध्यापिका डॉ. फरहा खान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह बिष्ट, डॉ. नवनीत जोशी, डॉ. मेहुल मानु, डॉ. अमित मित्तल, डॉ. पुष्पा नेगी, डॉ. अमित मित्तल, डॉ. किरन जोशी रहे।




ग्राफिक ऐरा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लाइफ सेविंग एवं बेसिक कयाकिंग प्रशिक्षण शुरू

**भीमताल :** उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद के तत्वावधान में स्थानीय युवाओं के लिए भीमताल झील में आयोजित लाइफ सेविंग एवं बेसिक कयाकिंग प्रशिक्षण का आरंभ प्रबन्ध निदेशक कुमाऊ मण्डल विकास निगम डा. संदीप तिवारी ने किया। प्रबंध निर्देशक ने बताया कि उत्तराखण्ड पर्यटन द्वारा उत्तराखण्ड के बेरोजगार युवाओं के लिए साहसिक प्रशिक्षण करवाये जा रहे हैं, जिससे युवाओं को भविष्य में स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्रशिक्षित युवाओं को राहत एवं बचाव कार्यो में उपयोग किया जा सकता है। प्रशिक्षण उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान गोवा के माध्यम से करवाया जा रहा है। राष्ट्रीय जल कीडा संस्थान गोवा के प्रशिक्षक समीर कोसवे ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान 5 दिन लाइफ सेविंग, सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा 5 दिन बेसिक कयाकिंग का प्रशिक्षण भीमताल झील में दिया जायेगा। इस अवसर पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भण्डारी, बलवन्त सिंह कपकोटी, भूपेन्दर सिंह रहे।

### प्रमोद बने मिनिस्ट्रियल स्टॉफ एसोसिएशन के अध्यक्ष

**नैनीताल :** मिनिस्ट्रियल स्टॉफ एसोसियेशन उद्यान एवं खाद्य विभाग जिला शाखा का द्विवार्षिक सम्मेलन शुक्रवार को राजकीय मौनपालन केन्द्र ज्योलिकोट सभागार में हुआ। सम्मेलन में एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए प्रमोद जोशी को अध्यक्ष, शिवम साह को महामंत्री, संदीप जोशी को उपाध्यक्ष, भुवन चंद्र मुनगली को कोषाध्यक्ष और सपना मेहरा को महिला उपाध्यक्ष निर्विरोध चुना गए। इसके साथ ही राहुल भट्ट को मुख्य सलाहकार, ज्ञानेंद्र पांडे को संप्रेक्षक जबकि प्रेमा पांडे को संगठन मंत्री तथा खीमराज सिंह बिष्ट, हेमंत जोशी, गिरधर सलाल, अक्षय दिगारी तथा गोपेश भट्ट को एसोसिएशन की कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों और कर्मचारियों की समस्याओं और संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई और कहा गया कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष किया जाएगा। बता दें कि चुनाव तकनीकि संघ के अध्यक्ष चंद्रलाल, दान सिंह जग्गी तथा दीपक कृष्णन की देखरेख में हुए।

### प्रांत स्तरीय खेल-कूद में सरस्वती विहार चैंपियन

**नैनीताल :** पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान,भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड के विद्यालयों की बैडमिंटन, वॉलीबॉल तथा शतरंज खेलों की तीन दिवसीय प्रांत स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। सरस्वती विहार के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन (बालक वर्ग) में अन्डर-14, अन्डर-17 और अन्डर-19 में स्वर्ण पदक जीत कर प्रतियोगिता को अपने नाम किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में अन्डर-17 में रजत तथा अन्डर-19 में कास्य पदक और शतरंज (बालक वर्ग) अन्डर-19 में रजत तथा अन्डर-14 तथा अन्डर-17 में कास्य पदक प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर मायापुर हरिद्वार को बैडमिंटन (बालिका वर्ग) अन्डर-19 में स्वर्ण,शतरंज (बालक वर्ग) अंडर-19 में स्वर्ण, शतरंज (बालिका वर्ग) अन्डर-19 में रजत प्राप्त करने के लिए उपविजेता के रूप में पुरस्कृत किया गया। तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर काशीपुर को वॉलीबॉल (बालक वर्ग) अन्डर-14 में स्वर्ण , शतरंज (बालक वर्ग) अन्डर-14 में स्वर्ण, बैडमिंटन (बालक वर्ग) अन्डर-14 में कास्य पदक प्राप्त किया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

**गरमपानी :** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के एसोसिएट सदस्य व एशियन वेट लिफ्टिंग के पांच बार के विजेता राजीव चौधरी ने मेधावियों से कड़ी मेहनत के दम पर सफलता हासिल करने का आह्वान किया। नौनिहालों ने एशियन वेट लिफ्टिंग चैंपियन से खेल के क्षेत्र में तमाम बिंदुओं पर जानकारी भी जुटाई। बेतालघाट स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्या भारती आर्या ने किया। मुख्य अतिथि पांच बार के एशियाई वेट लिफ्टिंग पदक विजेता व उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के एसोसिएट सदस्य राजीव चौधरी ने कब्बड्डी, एथलेटिक्स व बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन करने वाली जीजीआईसी की छात्रा प्रीती, दीपिका रंगवाल, कोमल, सोनी रावत, कविता जोशी, कनिका खंडूरी, तनुजा भंडारी को सम्मानित कर स्पोर्ट्स शूज सौंपे। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र मनजीत नेगी, कृष हजारा, पंकज पुरी व विरेन्द्र बिष्ट को भी क्रिकेट, कबड्डी व एथलेटिक्स में दमदार प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। वेट लिफ्टर राजीव चौधरी ने कहा कि सुविधाओं के अभाव में भी विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना बड़ी उपलब्धि है।

# आंदोलनकारियों को कब मिलेगा नौकरी में आरक्षण

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व दर्जा मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों की लंबे इंतजार के बाद भी नौकरी में आरक्षण की मांग पूरी नहीं हुई है।

पूर्व सीएम एनडी तिवारी ने वर्ष 2004 में राज्य आंदोलनकारियों को नौकरी में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का शासनादेश जारी किया था लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने यह लाभ अभी तक नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष फरवरी में राज्य सरकार ने प्रवर समिति की सिफारिशों को मानते हुए कुछ संशोधनों के बाद विधेयक राजभवन भेजा जो ढीली पैरवी की वजह से राजभवन में लटका हुआ है। पिछले पांच माह से इस विधेयक पर निर्णय नहीं हो पाया है जिससे राज्य आंदोलनकारियों और आश्रितों की नौकरी में आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका है। आरोप लगाया कि भाजपा ने वोट बैंक की राजनीति करते हुए समान नागरिक संहिता बिल की राजभवन से स्वीकृति मंगा ली। विधानसभा से पारित विधेयक को राजभवन में इतने अधिक समय तक रोके रखना असंवैधानिक और अनैतिक है। जब से यह विधेयक लटका हुआ है तब से एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती हो चुकी है। डबल इंजन की सरकार राज्य आन्दोलनकारियों को आरक्षण विधेयक का राज्यपाल से अनुमोदन कराने में नाकाम रही है।

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।

पढ़ते रहिए अपना अखबार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हल्द्वानी | कार्यालय | : | 7830460114 |
| हल्द्वानी | कृष्णानंद जोशी | : | 9759658008 |
| हल्द्वानी | चंदन सिंह राणा | : | 9719437755 |
| हल्द्वानी | बाला दत्त नैनवाल | : | 9759749932 |
| काठगोदाम | शहजादे आलम | : | 9627035285 |
| नैनीताल | गणेश काण्डपाल | : | 9412017422 |
| रामनगर | सिद्धार्थ पपनै | : | 7983376222 |
| रुद्रपुर | कार्यालय | : | 8476843488 |
| काशीपुर | राहुल पाल | : | 82181 00208 |
| जसपुर | सुखवीर | : | 9536211111 |
| बरेली रोड ITI | कमल आसरा | : | 9917106359 |
| कमलुवागांजा | श्याम भोज | : | 9012803251 |
| ब्लॉक (हल्द्वानी) | पूरन बृजवासी | : | 9927780770 |
| लामाचौड़ (हल्द्वानी) | नन्दा बल्लभ जोशी | : | 9568591773 |
| पनचक्की, हल्द्वानी | मनोज डालाकोटी | : | 8923661000 |
| पंचायत घर, हल्द्वानी | हरीश जोशी | : | 8218899134 |
| गौलापार | मनोज शर्मा | : | 9759921464 |
| हल्दूचौड़ | गौतम भट्ट | : | 7248505100 |
| हल्दूचौड़ | पूनम पाण्डे | : | 9412134705 |
| लालकुआं | दीपू पांडेय | : | 6399832290 |
| सितारगंज | अतुल शर्मा | : | 7017941901 |
| बाजपुर | सैनी न्यूज़ एजेंसी | : | 8445072215 |
| बाजपुर | अकील अहमद | : | 9837146215 |
| खटीमा | ओम प्रकाश मौर्य | : | 7500981690 |
| टनकपुर | आबिद हुसैन | : | 6398415199 |
| अल्मोड़ा | टी.डी. गुरु | : | 9410183487 |
| रानीखेत | हेम चन्द्र पांडेय | : | 9758833254 |
| किच्छा | राजू सहगल | : | 9837777817 |
| मालधन (रामनगर) | जितेन्द्र कुमार | : | 9917303031 |
| चकरपुर, बाजपुर | जितेन्द्र पाल | : | 9837135170 |
| कालाढूंगी | गोपाल सिंह बिष्ट | : | 9634222693 |
| गदरपुर | रमेश कुमार | : | 7351388930 |
| दिनेशपुर | केवल चंद्र पाठक | : | 7055150050 |
| गूलरभोज | ऋतिक न्यूज एजेन्सी | : | 9917089411 |

### आज का मौसम

गरज के साथ बारिश होने की संभावना

31.6⁰ अधिकतम तापमान | 26.4⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.38 | सूर्यास्त 06.56

### आज के कार्यक्रम

- उत्तराखंड योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप टूर्नामेंट दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में 8 बजे
- राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एन्टी करप्शन फोर्स की ओर से राप्राबि सुभाष नगर में पौधरोपण होगा 10 :30 बजे
- देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति नगर निगम सभागार में होगी 12 बजे

### एक नजर

#### सुबह रिमझिम बारिश बाद में निकली धूप

**हल्द्वानी :** सुबह के समय रिमझिम बारिश हुई। बारिश की वजह से मौसम सुहावना हो गया। दोपहर बाद धूप निकल आई। मौसम विज्ञान केंद्र ने आगे भी बारिश होने का अनुमान जताया है। हल्द्वानी में सुबह के समय रिमझिम बारिश हुई। बारिश करीब 11 बजे तक चली। दोपहर बाद फिर से धूप निकल आई लेकिन फिर भी लोगों को गर्मी से काफी राहत रही। अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। विगत चार दिनों से गर्मी से काफी राहत है और पारा सामान्य से कम ही दर्ज हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार शनिवार को नैनीताल जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

#### चरस तस्कर को 11 साल का कठोर कारावास

**नैनीताल :** अपर जिला न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट) राहुल गर्ग की अदालत ने 8 किलो चरस तस्करी के अभियुक्त को 11 साल का कठोर कारावास व 1.25 लाख रुपये का अर्थदंड सुनाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 20 अगस्त 2021 को नैनीताल जिले के भौर्सा भीमताल निवासी किशोर पलडिया को पुलिस ने कार में 8 किलो चरस ले जाते गिरफ्तार किया था। अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पूजा साह ने 8 गवाह पेश किए। गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को 11 साल कारावास सुनाया।

# 400 करोड़ के नमो भवन का नक्शा फेल

## अग्निशमन विभाग ने लगाई आपत्ति, सबसे ऊंची इमारत होने के साथ हल्द्वानी का लैंडमार्क बनेगा नमो भवन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं के लिए मिसाल बनाने जा रहे नमो भवन का नक्शा फेल हो गया। ये ऐसा भवन है, जिसमें सभी सरकारी दफ्तरों के साथ बस अड्डा भी बनाया जाना है, लेकिन आठ मंजिला इस इमारत में सुरक्षा का ख्याल नहीं रखा गया। जिसके चलते करीब 400 करोड़ की लागत से बनने से जा रहे इस भवन के नक्शे को दमकल ने अस्वीकार कर दिया। अब इसके नक्शे पर एक बार फिर से काम किया जाएगा।

वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हल्द्वानी आए थे। एमबी ट्रस्ट के ग्राउंड में उनकी रैली हुई थी और यहीं से उन्होंने हल्द्वानी वालों को 2200 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। जिसमें से 400 करोड़ रुपये से हल्द्वानी तहसील को तोड़कर में नमो भवन बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। आठ मंजिला इस भवन का छह मीटर हिस्सा जमीन के नीचे होगा। जिसमें दो बेसमेंट और एक लोअर ग्राउंड फ्लोर होगा। लोअर ग्राउंड फ्लोर में बस अड्डा संचालित होगा। इसके निचले तल में पार्किंग और भूतल में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन होगा।



तहसील भवन को तोड़कर इसी स्थल पर नमो भवन प्रस्तावित है। ● अमृत विचार

### सरकारी विभागों को एक छत्त के नीचे लाने की है तैयारी

**हल्द्वानी :** अगर आपको वाहन का लाइसेंस बनावाना हो तो शहर के अंतिम छोर कुसुमखेड़ा जाना पड़ता है। ऐसे ही तमाम विभागों के लिए अलग-अलग इलाकों में जाना पड़ता है। लोगों की इन्हीं दिक्कतों को दूर करने के लिए नमो भवन का निर्माण प्रस्तावित है। इस भवन में लगभग सभी विभाग के दफ्तर होंगे और सारी दिक्कतों का हल एक स्थान पर किया जाएगा।

नमो भवन के निर्माण का जिम्मा एशियन डवलपमेंट बैंक (उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डवलपमेंट एजेंसी) को दिया गया है। एजेंसी ने 8 मंजिला भवन का नक्शा तैयार कर दमकल को भेजा। दमकल ने नक्शे का बारीकी से आंकलन किया तो खामियां ही खामियां मिलीं। जिसके बाद नक्शे को फेल कर दिया गया। दरअसल, नक्शे में सुरक्षा मानकों को अनदेखी की गई। पहला ऊपरी तल पर बनने वाले प्रशासनिक भवन को बेसमेंट से इस तरह जोड़ा गया कि आग लगने की स्थिति में पूरी इमारत ही खाक में मिल जाए। दूसरा एजेंसी ने बेसमेंट के लिए सीढ़ियां ही नहीं बनाई। वाहनों और लोगों के आने-जाने के लिए सिर्फ रैंप बनाया और वह मानकों के अनुरूप नहीं था। बेसमेंट में वेंटीलेशन (हवा आने-जाने) की उचित व्यवस्था नहीं थी। सबसे नीचे बना चार्जिंग स्टेशन सबसे ज्यादा घातक माना गया। इन सबको देखते हुए दमकल ने नक्शा फेल किया और सुझाव देते हुए पुनः बनाकर लाने को कहा।

### ये बनेगा नमो भवन में

- आठ मंजिला बनेगा, तीन-तीन मीटर के जमीन के अंदर दो बेसमेंट बनेंगे।
- 450 कारों की होगी पार्किंग, 10 कारों की वीआईपी पार्किंग पार्किंग।
- तहसील, रजिस्टार कार्यालय, एसडीएम कोर्ट सहित किराए में चल रहे सभी सरकारी कार्यालय यहीं होंगे।
- लाइब्रेरी, सीनियर सिटीजन के बैठने के लिए रूप, प्रेस क्लब होगा।
- 500 व्यक्तियों के बैठने के लिए ऑडिटोरियम होगा।
- दो कांफ्रेंस हॉल होंगे। इसकी क्षमता 100 और 200 व्यक्तियों के बैठने की होगी।
- बस टर्मिनल बनेगा। एक घंटे में 18 बस यहां पर रुक सकेंगी।
- बस अड्डे में यात्रियों के रुकने के लिए 250-250 के वेटिंग रूम बनेंगे।
- वीआईपी वेटिंग रूम बनेगा। डोमेट्री भी बनाई जाएगी।
- चार फ्लोर कॉमर्शियल के लिए आरक्षित किए जाएंगे। इसे किराए पर देकर यहां से आने वाले पैसे से नमो भवन के खर्चे उठाए जाएंगे।



जो भी सरकारी मानक होते हैं, उनका पालन किया जाएगा। यदि नक्शे में कुछ कमियां है तो उनका संशोधन किया जाएगा। भवन बनाने में सुरक्षा के मानकों का पूरी तरह से निर्वहन किया जाएगा।
**- एपी बाजपेई,** संयुक्त सचिव प्राधिकरण

### एक नजर में नमो भवन

मंजिल- 08, ऊंचाई- 29.50 मीटर
बेसमेंट- 02, लोअर ग्रांउड फ्लोर- 01, गहराई- 06 मीटर

### चौड़ी होगी नमो भवन की मुख्य सड़क

**हल्द्वानी :** नक्शे के मुताबिक नमो भवन के अंदर जाने वाली मुख्य सड़क की चौड़ाई 8 मीटर है, लेकिन मानकों के अनुरूप नहीं है। क्योंकि बसें इस चौड़ाई की सड़क पर सीधा तो चल सकती हैं, लेकिन मुड़ नहीं सकती। इसके लिए अब सड़क को 9 मीटर करना होगा। इसी तरह बेसमेंट के रैंप को भी 9 मीटर का किया जाएगा। बेस में दो सीढ़ियां आने और जाने के लिए होंगी, ताकि आकस्मिक समय में बचाव किया जा सके।

# खत्म होंगे मालखाने, वेयर हाउस में रखे जाएंगे सुबूत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

### नई व्यवस्था

- **प्रदेश में नई व्यवस्था होगी लागू हर जिले में बनेंगे वेयर हाउस**
- **घटना स्थल से मिले सुबूतों व बरामदगी भी जमा की जाएगी**

**अमृत विचार :** राज्य के थानों से मालखाने की व्यवस्था खत्म होने वाली है। जल्द ही जिलों में पुलिस के वेयर हाउस दिखाई देंगे। इस वेयर हाउस में घटना स्थल से मिले सुबूत सुरक्षित किए जाएंगे। साथ ही बरामद माल भी यहीं रखा जाएगा। इससे न सिर्फ बड़ी संख्या में सिर्फ मालखाना ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को अन्य कामों में लगाया जा सकेगा बल्कि कम सुरक्षा बल के बीच सुबूत भी सुरक्षित रहेंगे।

उत्तराखंड पुलिस के प्रवक्ता डॉ.नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण योजना में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में एक वेयर हाउस बनाया जाएगा। घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम जो भी साक्ष्य एकत्र करेगी या फिर अपराधियों की गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से बरामद होने वाले सामान को इन्हीं वेयर हाउस में रखा जाएगा। मौके पर ही प्रत्येक सामान को अलग-अलग सील कर उनकी पैकेजिंग की जाएगी। पायलट प्रोजेक्ट में पहला प्रयोग देहरादून में होगा। कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के अधिकारियों को वेयर हाउस के लिए भूमि तलाशने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नई भारतीय न्याय संहिता के तहत पुलिस आधुनिकीकरण के लिए नए-नए प्रोजेक्ट लाए जा रहे हैं। वेयरहाउस पायलट प्रोजेक्ट इन्हीं में से एक है। इससे साक्ष्यो के एकीकृत व ट्रेस करने में मदद मिलेगी।

### हर सुबूत का होगा एक बार कोड

**हल्द्वानी :** वेयर हाउस में जो भी सुबूत रखे जाएंगे, उनकी पैकेजिंग के दौरान बार कोडिंग की जाएगी। यह बार कोड पुलिस का काम आसान करेगी। सिस्टम में बार कोड, थानाक्षेत्र और वहां सामान जमा कराने वाले पुलिसकर्मी की पूरी जानकारी फीड की जाएगी। सिस्टम को आधुनिक करने का फायदा यह भी होगा कि बार कोडिंग की मदद से जांचाधिकारी को साक्ष्यों से जुड़े मामले की सुनवाई कब है इसका अलर्ट भी मोबाइल पर मिलेगा।

# अवैध ढंग से दवा बेचने वालों पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही की मांग की**

**अमृत विचार :** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन ने प्रशासन से उप्र से दवाइयां लाकर अवैध ढंग से दवा कारोबार करने वालों के खिलाफ नकेल कसने की मांग की है।

शुक्रवार को एसोसिएशन अध्यक्ष गोपाल सिंह अधिकारी के नेतृत्व में मेडिकल कारोबारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बार-बार झूठी शिकायतों पर मेडिकल स्टोर में छापेमारी होने से मेडिकल स्टोर संचालकों की छवि धूमिल होती है। शहर में जिनका मेडिकल कारोबार से कोई लेनादेना नहीं है, वे पड़ोसी राज्य उप्र से अवैध दवाइयां की खरीद फरोख्त कर मेडिकल स्टोर कारोबारियों की छवि धूमल कर रहे हैं। प्रशासन ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने कहा कि जल्द ही शहर के सभी केमिस्ट्स की एक वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। इसमें उनकी समस्याओं को सुना जाएगा और नियमों की भी जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रेम मदान, संजय जैन, संदीप जोशी, गिरीश जोशी, अमित मिश्रा, हिमांशु वार्ष्णेय, उमेश जोशी, नरेंद्र साहनी, ओवैस, चिमू मोहम्मद शुजा आदि मौजूद रहे।

# 44 बेसमेंट में से 32 में पार्किंग के बजाय चल रही दुकानें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की काहिली इस कदर है कि बिल्डर्स में नियमों के पालन को लेकर कोई डर नहीं है। व्यावसायिक मानचित्र पास करते वक्त तो जिला विकास प्राधिकरण खूब कवायद कराता है, पर भवन बनने के बाद उधर झांकता तक नहीं है। यही वजह है कि बिल्डर/कारोबारी नक्शे में धड़ल्ले से मनमुताबिक फेरबदल कर भवन का उपयोग करते हैं। दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद अमृत विचार ने व्यावसायिक भवनों के बेसमेंट के स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक उपयोग का मामला उठाया था। मंडलायुक्त दीपक रावत ने इसका संज्ञान लेकर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को शहर के व्यावसायिक भवनों के प्रत्येक बेसमेंट की जांच के निर्देश दिए थे। सर्वे के लिए निकले प्राधिकरण को अब मुख्य मार्गों पर व्यावसायिक भवनों के बेसमेंट में पार्किंग के इतर उपयोग दिखाई दिए हैं। कुल 44 बेसमेंट में से 32 में पार्किंग स्वीकृत है, लेकिन वहां बनी हैं दुकानें-गोदाम।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के सचिव विजयनाथ शुक्ल व संयुक्त सचिव एपी बाजपेयी की निगरानी में जेई आरएल भारती व एएई राजेंद्र कुमार ने 6 से 8 अगस्त तीन दिन में नैनीताल रोड स्थित एसबीआई भवन से कॉलटैक्स तिराहे तक व्यवसायिक भवनों के बेसमेंट की चेकिंग की। लगभग पांच-छह किमी के दूरी में 128 व्यवसायिक भवनों का सर्वे किया जिनमें 44 में बेसमेंट मिला। इन भवनों में स्वीकृत नक्शे में तो पार्किंग पास कराई गई थी लेकिन मौके पर सिर्फ 12 बेसमेंट में ही पार्किंग मिली। वहीं, 32 भवनों में बेसमेंट का इस्तेमाल पार्किंग के लिए नहीं किया जा रहा था। इस पर डीडीए की ओर से सभी को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।



हल्द्वानी में एक-एक बेसमेंट की होगी जांच
मंडलायुक्त ने कहा- बेसमेंट में सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ व नियमों की अनदेखी पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

### मंडलायुक्त के आदेश ठेंगे पर, किसी भी भवन में नहीं थी रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था



**हल्द्वानी :** मंडलायुक्त दीपक रावत भूमिगत जल स्तर बढ़ाने और बारिश के जल के संचय के लिए व्यवसायिक भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के निर्देश दिए हैं। 27 जून जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की बैठक में भी उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने के निर्देश दिए थे। हालत यह है कि 128 में से किसी भी भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था नहीं थी जबकि मानचित्र स्वीकृत करते समय यह अनिवार्य रूप से लागू करना होता है। अब रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए डीडीए की ओर से नोटिस भेजे जा रहे हैं।

### बिल्डर्स दुकानें बेच गए, लोग परेशान

**हल्द्वानी :** सूत्रों की मानें तो जिन बिल्डर्स ने भी कांपलेक्स बनाए बेसमेंट में पार्किंग दर्शाकर मानचित्र स्वीकृत करा लिया। फिर सांठगांठ कर बेसमेंट में शोरूम, दुकान, गोदाम के लिए बेच कर चले गए। बिल्डर्स ने दुकानें, बेसमेंट बेच दी अब खरीदार परेशान हो रहे हैं।

# दो दिन के लिए रूट रहेगा डायवर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** यातायात के बोझ तले दबे कालाढूंगी रोड पर मुखानी चौराहे से गैस गोदाम तिराहे तक दो दिन यातायात बाधित रहेगा। शनिवार (आज) और रविवार को सात-सात घंटे सड़क बंद कर वृक्षों का कटान होगा और इस दौरान कालाढूंगी रोड के वाहनों को अन्य मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। डायवर्जन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक लागू रहेगा। पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती जाम की होगी, क्योंकि इस मार्ग पर वाहनों का सबसे ज्यादा बोझ होता है और बड़ी संख्या में वाहनों का डायवर्ट करना पुलिस के लिए चुनौती होगी। ऐसे में पुलिस ने भी लोगों से डायवर्जन के तहत चलने की अपील की है।

### यह रहेगी व्यवस्था




- ब्लॉक रोड से हल्द्वानी को आने वाले वाहन ऊंचापुल तिराहे से चौफुला चौराहा होते हुए पनचक्की से भेजे जाएंगे।
- कमलुवागांजा रोड से हल्द्वानी आने वाले वाहन कुसुमखेड़ा तिराहे से डायवर्ट कर चम्बल पुल से पनचक्की होते हुए जाएंगे।
- गैस गोदाम रोड से हल्द्वानी शहर आने वाले वाहन सेंट्रल अस्पताल तिराहे से कुसुमखेड़ा तिराहा, पनचक्की होते हुए आएंगे।
- पनचक्की चौराहे से लालडांठ को आने वाले वाहन चम्बल पुल से ऊंचापुल तिराहा होते हुए अपने भेजे जाएंगे।
- कालाढूंगी तिराहे से कालाढूंगी को जाने वाले वाहन मुखानी चौराहे से नहर कवरिंग, धानमिल तिराहा होते हुए भेजे जाएंगे।
- धानमिल तिराहे से मुखानी चौराहे की ओर आने वाले वाहन क्रियाशाला तिराहे से लाइफलाइन तिराहा होते हुए आएंगे।
- रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी से कालाढूंगी की ओर जाने वाली रोडवेज बसें वर्कशॉक लाईन होते हुए हाईडिल गेट होते हुए ऊंचापुल के रास्ते जाएंगी।
- बाजपुर बस स्टैंड से बाजपुर-रामनगर को जाने वाली बसों का संचालन कुसुमखेड़ा तिराहे से होगा।
- सेंट्रल अस्पताल तिराहे से मुखानी चौराहे तक समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधितरहेगा।

## भाजपा महिला मोर्चा भी निकालेगा तिरंगा यात्रा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश में तिरंगा यात्रा निकालेगा।
प्रदेश मीडिया प्रभारी नेहा शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में महिला मोर्चा की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। शौर्य स्थल पर स्वच्छता अभियान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण होगा। तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक मंडल स्तर से कार्यकर्ताओं को तिरंगा उपलब्ध कराया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर साइलेंट कैंडल मार्च होगा। सभी सोशल मीडिया में रील बनाकर कार्यक्रम अपलोड करेंगे।

# कार सवार छात्रों ने 5 को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रात कार से नशे में निकले 12वीं के छात्रों ने शहरवासियों की जान खतरे में डाल दी। एक के बाद एक पांच लोगों को टक्कर मारी। बुरी तरह घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया और छात्र नैनीताल रोड पर कार लॉक कर फरार हो गए। पुलिस इस पर निष्क्रिय बनी रही। शिकायत लेकर पहुंचे लोग एक थाने से चौकी और कोतवाली के चक्कर काटते रहे।

जानकारी के मुताबिक एक नामी स्कूल के छात्र रात पार्टी करने निकले। काठगोदाम से नैनीताल की ओर से पार्टी कर लौटे तो कार की रफ्तार बेहद तेज थी। शीशमहल और निर्मला कॉन्वेन्ट के पास दो लोगों को चपेट में लेने के बाद कार की रफ्तार और बढ़ गई। देवाशीष होटल के पास पहुंचे तो और 3 लोगों को टक्कर मार दी। लोग कार सवार के पीछे लगे तो आरोपी होटल के ही पास कार लॉक कर फरार हो गए। घटना में एक मोटर साइकिल सवार की कॉलरबोन टूट गई। बड़ी मुखानी पीलीकोठी निवासी पूर्व सैनिक बच्ची सिंह के शरीर में जगह जगह चोट है। एक डिलीवरी बॉय समेत दो और लोग घायल हैं। इधर घटना से नाराज लोग शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे तो उन्हें काठगोदाम थाना भेज दिया गया। यहां से काठगोदाम चौकी और चौकी से फिर कोतवाली। कोतवाली से फिर लोग भोटियापड़ाव चौकी पहुंचे। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। इधर, फरार लड़कों में से एक घर पहुंचा और पूरी बात बताई। जिसके बाद लड़के के परिजन पुलिस के पास पहुंचे। लड़के ने पुलिस को बताया कि वह चालक को धीमा चलाने को कह रहा था, लेकिन उसने रफ्तार कम नही की।



घायल पूर्व सैनिक बची सिंह।

पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है कर चालक फिलहाल फरार है उसकी तलाश की जा रही है
**-उमेश मलिक,** कोतवाल हल्द्वानी

## दमुवाढूंगा में नालों से अतिक्रमण हटाया जाए

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बिठौरिया नंबर एक में बरसाती नाले के पानी की वजह से खराब हो रही फसल को लेकर किसान सभा ने बैठक की। भूपेंद्र तिवारी ने कहा कि दमुवाढूंगा में वनचौकी के पास निकलने वाला नाला बारिश के दिनों में रौद्र रूप लेता और बिठौरिया नंबर एक में घुस जाता है। जिस वजह से यहां काश्तकारों की फसल खराब हो रही है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि लोगों ने नालों के ऊपर अतिक्रमण किया है। इसलिए संबंधित विभाग को चाहिए कि नालों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए। वन भूमि में नालों पर किए अतिक्रमण से कृषि भूमि बर्बाद हो रही है। इस दौरान किशन सिंह, हरेंद्र बिनवाल, गुरविंदर सिंह, देवेंद्र बिष्ट, धर्मेंद्र, हरीश कुमार आदि थे।

**अपराध** ऑटो डीलर अंकित चौहान की हत्या में मुख्य आरोपी है माही, बीते वर्ष 23 जुलाई को पुलिस ने किया था गिरफ्तार

# सलाखों से बाहर आई प्रेमी को सांप से डसवाने वाली माही

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देश के चर्चित अंकित चौहान हत्याकांड की मुख्य आरोपी माही उर्फ डॉली जेल से रिहा हो गई है। उसे कोर्ट ने जमानत दे दी है, जबकि उसके सहयोगी अभी भी सलाखों के पीछे हैं। माही पर अपने प्रेमी अंकित को सांप से डसवा कर मारने का आरोप है। माही और उसके प्रेमी को रुद्रपुर पुलिस ने बीते वर्ष 23 जुलाई को तब गिरफ्तार किया था, जब वह सरेंडर के लिए अपने अधिवक्ता से मिलने जा रही थी।

रामपुर रोड स्थित रामबाग निवासी ऑटो डीलर अंकित चौहान का शव बीती 15 जुलाई की सुबह तीनपानी रेलवे क्रॉसिंग के पास उसकी कार की पिछली सीट पर मिला था। दो डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें अंकित के दोनों पैरों पर सांप के डसने के निशान मिले। दोनों पैरों पर एक ही जगह निशान होने पर पुलिस को शक हुआ। मामले में गोरापड़ाव डिबेर के पास रहने वाली माही आर्या पर पुलिस का शिकंजा कसा।

पुलिस के मुताबिक इस हत्याकांड में माही का साथ उसके प्रेमी हल्दूचौड़ निवासी दीप कांडपाल, अदकाटा भोजीपुरा बरेली निवासी सपेरा रमेश नाथ, नौकर हैदरगंज पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी राम अवतार और उसकी पत्नी ऊषा देवी ने साथ दिया। अंकित की हत्या माही के घर में की गई। दीप कांडपाल भी माही का प्रेमी है।

माही के अलावा इस मामले में सभी आरोपी अभी भी जेल में है। नौकर और उसकी पत्नी हल्द्वानी जेल में और प्रेमी व सपेरा नैनीताल जेल में बंद है। न्यायालय से जमानत मिलने के बाद दो अगस्त को माही उपकारागार हल्द्वानी से रिहा हुई। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि माही जमानत पर रिहा हुई है। दो अगस्त वह जेल से निकली। माही को उसकी बहन के सुपुर्द किया गया।





अंकित की हत्यारोपी माही व अंकित। (फाइल फोटो)

### अतीत

- **घटना में शामिल सपेरा, नौकर-नौकरानी व प्रेमी अभी कारागार में**
- **एक साल पूर्व की थी सनसनीखेज हत्या**

### पुलिस की चूक और सीसीटीवी बना माही की जमानत की वजह

**हल्द्वानी :** पुलिस कार्बन मोनोआक्साइड को मौत की वजह मान रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने कहानी बदली तो पुलिस के भी होश फाख्ता हो गए। अंकित के दोनों पैरों पर एक ही जगह सर्पदंश के निशान थे। पुलिस की चार टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, चार मैनुअल टीम और एक सर्विलांस जांच की। माही की कॉल डिटेल से पता चला कि माही अंकित, सपेरे और दीप कांडपाल से लगातार बात कर रही थी। अंकित की कार माही के घर जाते-आते, भुजियाघाट, गौलापार और फिर तीनपानी रेलवे क्रॉसिंग के पास दिखी। उसी रात एक कार और तीनपानी पहुंची। वह अंकित की कार के बगल में ढाई मिनट रुकी। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज में अन्य आरोपी तो नजर आए, लेकिन माही का चेहरा नहीं दिखा और यही माही की जमानत की वजह बनी।

# प्राचार्य कक्ष की छत पर चढ़े छात्र, सभागार का गेट तोड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एमबीपीजी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष समाजशास्त्र विषय की उत्तरपुस्तिकाओं का फिर से मूल्यांकन किए जाने, कॉपिया जांचने में गड़बड़ी करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर छात्रों ने शुक्रवार को भी प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे प्राचार्य कक्ष भवन की छत पर भी चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे। वहां से उतरने के बाद प्रदर्शन कर रहे छात्र लाल बहादुर शास्त्री सभागार के पिछली छत में चढ़ गए। जब नारेबाजी ज्यादा होने लगी तो पुलिस डिग्री कॉलेज में पहुंच गई। पुलिस ने छात्रों को समझाया और किसी तरह उनको नीचे उतारा। इसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन फिर से शुरू कर दिया और कॉलेज का मुख्य दरवाजा भी बंद कर दिया। छात्रों ने काफी हंगामा किया यहां तक की लाल बहादुर शास्त्री सभागार का मुख्य गेट भी तोड़ दिया। जब छात्रों ने प्रदर्शन नहीं रोका तो शिक्षक उन्हें मनाने के लिए पहुंचे और उन्हें बताया कि उनकी मांगों का समाधान कुमाऊं विश्वविद्यालय स्तर पर ही हो पाएगा। छात्रों के प्रदर्शन की वजह से कॉलेज में अफरातफरी का माहौल बना रहा। छात्र अपनी मांगों को मनवाने में अड़े हुए थे।



एमबीपीजी कॉलेज परिसर में प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



गौजाजाली में निर्माणाधीन मकान का नक्शा देखते दर्जा मंत्री मजहर नईम नवाब।

### उपाध्यक्ष ने बनभूलपुरा में विकास कार्यों का जायजा लिया

**हल्द्वानी :** अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने शुक्रवार को बनभूलपुरा के वार्ड नंबर 59 व 60 में सड़क, पेयजल लाइन, नाला एवं सीवर लाइन निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण में गुणवत्ता बनाने व नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष नवाब ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत 37 करोड़ से बनभूलपुरा के सबसे बडे.वार्ड 59 व 60 में पेयजल, सीवर, सड़क एवं नालियों के निर्माण के लिए बजट आवंटित किया है। जब यह काम पूरा हो जाएगा तो लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी, गंदगी से निजात मिलेगी। सख्त लहजे में कहा कि कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए ताकि आमजन को भी इसका लाभ मिल सके। 20 करोड़ की लागत से नई पेयजल लाइन बिछा दी गई है। इसके रखरखाव का जिम्मा पेयजल निगम को पांच वर्ष के लिए दिया गया है। नवाब ने कहा कि सरकार आमजन के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है ताकि अंतिम छोर पर खड़ा व्यक्ति लाभान्वित हो सके।



रामनगर में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते भाजपा मण्डल प्रभारी।

### घर-घर तिरंगा लगाने के अभियान में जुटें कार्यकर्ता

**रामनगर :** विधायक दीवान सिंह बिष्ट कार्यकर्ताओं से कहा कि 12 से 15 अगस्त तक कार्यकर्ता घर-घर तिरंगा लगाने के अभियान को सफल बनाने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि कोई घर छूटना नहीं चाहिए। भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में मंडल प्रभारी विनीत अग्रवाल ने तिरंगा यात्रा की रूपरेखा से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने कहा कि घर-घर तिरंगा लगाने के लिए प्रत्येक वार्ड का कार्यकर्ता पूरी तरह से ईमानदारी के साथ इस काम को अंजाम देगा। इस दौरान मीडिया प्रभारी कुलदीप शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, नीमा मठपाल, माया रावत, पूरन नैनवाल सत्य प्रकाश शर्मा, भूपेंद्र खाती, मनोज रावत, मो. आदिल अहमद, डॉ. तनवीर अहमद, रुचि गिरी शर्मा, भावना भट्ट, अंजना सुंदरियाल, प्रकाश थापा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### दिव्यांशु का खेल छात्रवृति योजना के लिए चयन



**रामनगर :** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृति योजना के तहत जय मोहन पब्लिक स्कूल छोई के कक्षा चार के छात्र दिव्यांशु अधिकारी का चयन हुआ है। बता दें कि छोटी सी आयु में चयनित छात्र दिव्यांशु अधिकारी ने खेलों में असाधारण प्रतिभा दिखाने में सफलता प्राप्त की है। जिससे उसे यह अवसर प्राप्त हुआ है। स्कूल की प्रधानाचार्य भारती बोहरा ने छात्र की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। स्कूल के प्रबंधक गोपाल दत्त जोशी ने भी छात्र और उनके परिवार जनों को बधाई दी। प्रबंधक गोपाल दत्त जोशी ने कहा "यह उपलब्धि विद्यालय में खेल कार्यक्रम की गुणवत्ता और हमारे स्टाफ की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।



रामनगर मदरसे में नेत्र जांच करतीं चिकित्सक।

### मदरसे में लगा नेत्र शिविर, छात्रों का किया परीक्षण

**रामनगर :** नगर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मोहल्ला खताड़ी स्थित मदरसा दारुल उलूम ओवैसिया में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया लगाया गया। शिविर में दर्जनों रोगियों व मदरसे के विद्यार्थियों ने नेत्र परीक्षण करा कर नि:शुल्क दवाएं भी प्राप्त की। शुक्रवार को उत्तराखंड चेरिटेबल नेत्र हॉस्पिटल की ओर से लगाये गये कैम्प का मोहल्लेवासियों व मदरसे के छात्र- छात्रों ने लाभ उठाया। इस मौके पर मदरसे के प्रबंधक मौलाना महमूद आलम ने आयोजकों का आभार जताया। हॉस्पिटल के चिकित्सक मुजीब ने बताया कि आंखें शरीर की सबसे अनमोल व जरूरी अंग है और उनकी संस्था आंखों की सुरक्षा के संदर्भ में कार्य कर रही है। इस दौरान नेत्र रोगी आमिर अली, लईकी जहां, हम्माद, कुतबे आलम बस्ती, अबू तालिब, ऑप्टिशियन उमेश कुमार, असिस्टेंट मीनू मौजूद रहे।



रामनगर में आयोजित भण्डारे में उमड़ी भीड़।

### बाबा गरिवेश्वर के भण्डारे में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**रामनगर :** श्रावण मास में बीती रात तक बाबा गरिवेश्वर की शाही सवारी निकलने के बाद शुक्रवार को महाकाल ग्रुप की ओर से पायते वाली रामलीला के मैदान पर आयोजित किए भण्डारे में हजारों लोगों ने बाबा गरिवेश्वर महाराज का प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार दोपहर बारह बजे से शाम पांच बजे तक चले भण्डारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रदीप अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, प्रखर मित्तल, पुलकित गोयल, भूपेंद्र खाती, ऋषि अग्रवाल, अरविंद गोयल, विश्वास बंसल, तरुण टर्रे, शशांक टर्रे, आशु मित्तल, मयंक गोयल, ऋतिक अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, शुभ शर्मा, हर्षित उप्रेती मौजूद रहे।

### राजीव गांधी नवोदय का छात्रावास 6 दिन में खाली

**कालाढूंगी :** राजीव गांधी नवोदय विद्यालय स्यात कोटाबाग में अव्यवस्थाओं से नाराज अभिभावक सभी छात्रों को विद्यालय से घर ले गये हैं। विद्यालय में 327 छात्र पढ रहे हैं। विगत रविवार से अभिभावक सभी बच्चों को अपने घर ले गए हैं। अभिभावकों की मांग पर स्थायी प्राधानाचार्य डॉ. नीरजा पांडे ने कार्यभार संभाल लिया है। विद्यालय में साफ-सफाई के साथ सीसीटीवी कैमरे, पंखे व वाशिंग मशीन लगाई जा रही है। प्रधानाचार्य डॉ. नीरजा पांडे ने अभिभावकों को पत्र भेजकर आगामी रविवार को बच्चों के साथ विद्यालय में उपस्थित होने को कहा है। जिसमें पीटीसी की इकाई का गठन होना भी होना है। प्रधानाचार्य पांडे ने कहा कि अगस्त माह में छात्रों की इकाई भी होनी है। छात्रों की पढ़ाई पर असर न पड़े, इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों के साथ विद्यालय पहुंचें। एसडीएम रेखा कोहली ने कहा कि डीएम के निर्देश का पालन करते हुए विद्यालय की अव्यस्थाओं को दूर किया जा रहा है।

# विभिन्न संगठनों ने किया तहसील पर धरना-प्रदर्शन

## केन्द्र सरकार से की विश्व व्यापार संगठन से बाहर निकलने की मांग

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचारः** संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर भारत सरकार विश्व व्यापार संगठन से बाहर आओ के तहत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले रामनगर तहसील पर किसानों एवं जन संगठनों के कार्यकर्ताओं ने धरना देकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

तहसील परिसर में सभा को संबोधित करते हुए किसान संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि आज पूरे देश में अंग्रेजों भारत छोड़ो की तर्ज पर 9 अगस्त को कॉर्पोरेट भारत छोड़ो तथा भारत सरकार डब्ल्यूटीओ से बाहर आओ की मांग को लेकर लोग धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के नाम पर लोगों के घर तोड़े जा रहे हैं। जंगली जानवर रोज खेती किसानी का नुकसान कर रहे हैं तथा आम इंसानों को मार रहे हैं परंतु सरकार जनता की आवाज सुनने के लिए तैयार नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार को तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने की जगह है जनता की आवाज सुननी चाहिए तथा पड़ोसी देश बांग्लादेश के घटनाक्रम से सबक लेना चाहिए। सभा के बाद तहसीलदार कुलदीप पांडे के माध्यम से प्रधानमंत्री को 12 सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया गया जिसमें सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी दिए जाने, 4 श्रम संहिताओं को रद्द करने न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये मासिक करने, अतिक्रमण हटाओ अभियान पर रोक लगाने, वनाधिकार कानून लागू किए जाने, किसानों के कर्ज माफी आदि मांगें प्रमुखता के साथ रखी गई हैं।





रामनगर तहसील परिसर में धरने पर बैठे किसान मोर्चे के सदस्य। ● अमृत विचार

इस दौरान किसान संघर्ष समिति के सोवन तड़ियाल, राजेंद्र ललित मोहन पांडे, गोविंद अधिकारी, तोताराम, रमेश जोशी, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला, सूरज सिंह, आइसा के सुमित, महिला एकता मंच की सरस्वती, कौशल्या, तुलसी, उपपा नेता प्रभात ध्यानी, सुनील, मौ आसिफ, समाजवादी लोकमंच के मुनीष कुमार गिरीश आर्य बीडी नैनवाल, अंकित, दीपक बुधानी आदि मौजूद रहे।

### पेयजल के लिए संघर्ष का ऐलान

**गरमपानी, अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के तल्लाकोट, मल्लाकोट व बादरकोट गांव के बाशिंदों ने पेयजल को लेकर जारी विवाद में एकजुट होकर संघर्ष का ऐलान कर दिया है। तीनों गांवों के बाशिंदों की संयुक्त बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से तय किया गया पानी को लेकर प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई के विरोध में न्यायालय की शरण ली जाएगी। कानूनी लड़ाई में रामलीला कमेटी के कोष का इस्तेमाल किया जाएगा।

धूरापातल प्राकृतिक जल स्रोत से जजूला गांव के चौड़ा तोक को बनाई जा रही पेयजल योजना का विरोध शांत होने का नाम नहीं ले रहा। विरोध पर आमादा ग्रामीणों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद तल्लाकोट, मल्लाकोट व बादरकोट गांव के बाशिंदे पीछे हटने को तैयार नहीं है। चौक बाजार धनियाकोट में हुई तीनों गांवों के ग्रामीणों की संयुक्त बैठक में आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा की लगातार एक तरफा कार्रवाई की जा रही है। मुकदमे दर्ज कर गांव के बाशिंदों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। दो टूक कहा कि पानी को लेकर कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया जाएगा।

### प्रवक्ता के संबद्धीकरण से अभिभावक खफा

**गरमपानी, अमृत विचारः** जीआईसी हल्सों कोरड़ में तैनात संस्कृत विषय के प्रवक्ता को नैनीताल स्थित कार्यालय में संबद्ध करने से अभिभावकों में गहरी नाराजगी है।

शिक्षक अभिभावक संघ, विद्यालय प्रबंधन समिति व अभिभावक विद्यालय जा धमके। महत्वपूर्ण विषय के प्रवक्ता को नैनीताल संबद्ध करने पर नाराजगी जताई। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जैड़ा ने कहा कि नौनिहालों के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षकों की तैनाती के उलट महत्वपूर्ण विषय के प्रवक्ता को नैनीताल संबद्ध किया जाना समझ से परे है। स्थानीय खुशहाल सिंह हाल्सी ने कहा कि संस्कृत जैसे महत्वपूर्ण विषय के प्रवक्ता को नैनीताल संबद्ध करने का विरोध किया जाएगा। किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दलीप सिंह बोहरा ने कहा कि संबद्धीकरण निरस्त करने को वार्ता की जाएगी।

# सीएमओ ने दिए सीएचसी की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

**संवाददाता, कालाढूंगी**

**अमृत विचारः** नवनियुक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश चंद्र पंत ने कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को ठीक रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को अस्पताल से ही दवाएं मुहैया कराई जाएं। अस्पताल स्टाफ यहां आने वाले मरीजों से कुशल व्यवहार रखे।

सीएमओ डॉ. पंत ने यहां स्टाफ ड्यूटी रजिस्टर के साथ ही दवा का स्टॉक रूम भी चेक किया। अस्पताल वार्डों का निरीक्षण करते हुए मरीजों का हाल चाल भी जाना। मरीजों से दवाइयां कहां से मिलती हैं, खाना मिलता है या नहीं आदि जानकारी ली। इस पर मरीजों ने दवाइयां अस्पताल से ही मिलने की बात बताई जबकि खाना नहीं



कालाढूंगी अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ पंत। ● अमृत विचार

मिलने की बात कही। इस पर उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि भर्ती मरीजों के लिए खाने की व्यवस्था कराई जाए। इधर पूर्व सैनिक बीएस बोरा, सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता, नजाकत अली, मुमताज आदि ने यहां प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित बाल रोग विशेषज्ञ, गायनी चिकित्सक की तैनाती, अल्ट्रासाउंड, ट्रामा सेंटर की मांग रखी। आशा वर्करों ने टीकाकरण वार्ड के सामने टिन शेड लगाने की मांग रखी। सीएमओ ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को टिन शेड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड धारकों को सुविधा देने की मांग की। यहां डॉ. अमित मिश्रा, डॉ. बीएस सामंत, डॉ. कल्पना भट्ट, डॉ. आयुष रहे।

# युकांइयों ने देश के नाम रोपे पौधे

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचारः** भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टेढ़ा गांव से सटे कोसी बायोडायवर्सिटी पार्क में पौधरोपण किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने युवक कांग्रेस के गौरव शाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्थापना दिवस पर हम देश के युवाओ के सपनो को पूरा करने का संकल्प लेते हैं।

उन्होंने कहा कि एक वृक्ष राष्ट्र के नाम का संकल्प लेते हुए पौधा रोपण किया गया। कहा कि यूथ कांग्रेस युवाओं की आवाज है और युवाओं को अपना नेतृत्व दिखाने का एक बेहतर जरिया है जिससे समाज सेवाएं कर समाज हित के कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम देश के सर्वश्रेष्ठ संगठन भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्य हैं जो राष्ट्र में आपसी भाईचारे से रहने का संदेश देता है।



रामनगर में पौधरोपण करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

इस दौरान अमित कुमार ,सुमित लोहनी, दीपक राणा, करण पांडेय, तनुज दुर्गापाल, केवल सिंह, फैज़ुल हक़, अब्दुल रहमान, चेतन पंत, बलजीत सिंह, सोमवीर सिंह ,पवन हालसी,गौरव पंत, दीपक टम्टा, मयंक पपनै आदि रहे।

### सड़कों में मिट्टी भरने से बढ़ी परेशानी

**भीमताल, अमृत विचारः** भीमताल में गड्ढों को भरने के लिए लोक निर्माण विभाग ने सड़कों में मिट्टी भर दी है। इससे बरसात में पूरी सड़क कीचड़ से सन गई है। जिस कारण लोगों का वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है।

स्थानीय जनता ने बताया कि इस कीचड़ के कारण जहां फिसलन हो गई है वहीं राह में चलते वाहनों के टायर जहां इन गड्ढों से गुजरते हैं तो वहां से गुजरने वाले लोगों के कपड़े और छात्र छात्राओं के परिधान सब खराब हो रहे हैं। स्थानीय जनता ने लोक निर्माण विभाग से सड़कों की मरम्मत का उचित प्रबंध करने की मांग की है।

**मुखर** हिन्दूवादी संगठनों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

# बांग्लादेश में हिन्दुओं को सुरक्षा देने की मांग

**संवाददाता, कालाढूंगी**

**अमृत विचारः** बांग्लादेश में हिन्दु समुदाय पर हो रहे अत्याचार को लेकर हिंदू समाज और हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश है। हिन्दूवादी संगठनों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को पत्र भेजकर बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने व हिन्दुओं को भारत में शरण देने की मांग उठाई है।

शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व हिन्दू समाज के लोगों ने तहसील पहुंचकर बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचार पर अपना आक्रोश जताया। हिन्दूवादी संगठनों ने एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बांग्लादेश में पीड़ित हिन्दुओं को बचाने व देश में शरण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिन्दुओं का नरसंहार किया जा रहा है। हिन्दू समुदाय के लोगों, धार्मिक स्थलों जो बर्बरता पूर्वक व्यहार किया जा रहा जो चिंताजनक है। इस दौरान पूरन मेहरा, तारा चंद्र, गिरीश पडलिया, रमेश जोशी, पुष्कर खनायत, कमलेश देउपा, रवि दिगारी, अजय मेहता, पूरन सिंह महरा, लाल सिंह जंतवाल, भाष्कर बुधलाकोटी, बब्बी पांडे, तेज सिंह, मनमोहन चौहान, महेश भट्ट, पंकज चौकड़ायत, नितिन पडलिया, चन्द्र मोहन जोशी, कुंदन रावत सहित अनेक हिन्दूवादी संगठन के लोग मौजूद रहे।




कालाढूंगी तहसील में आक्रोश जताते हिंदूवादी संगठन के लोग।

### बांग्लादेश में मन्दिर में तोड़फोड़ की निंदा

**रामनगर :** बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर हुए हमले पर इस्कॉन रामनगर के संचालक मधुहा हरी दास ने कड़ी निन्दा की है। उन्होंने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अन्याय को रोकने व मन्दिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं को रोकने के लिए बांग्लादेश के राजदूत के माध्यम से अपना विरोध व्यक्त करे। वहां सनातनी समुदाय ओर वहां के मंदिरों की सुरक्षा किया जाना सबसे अहम मुद्दा है। इसके अलावा रामनगर में इस्कॉन के सदस्यों ने भी बांग्लादेश में मन्दिर में तोड़फोड़ की निदा करते हुए कहा कि वहां अल्पसंख्यक हिन्दू समाज की सुरक्षा जरूरी है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# निर्माणाधीन भवन में करंट लगने से मजदूर की मौत

## जज फार्म में भवन में हुआ हादसा, परिजनों ने किया हंगामा, नक्शे में खामी को देखते हुए प्राधिकरण ने किया भवन को सील

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जज फार्म में निर्माणाधीन मकान में एक मजदूर की मौत हो गई। वह करंट की चपेट में आ गया। जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। आनन-फानन में मजूदर को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। खबर प्रशासन को लगी तो टीम मौके पर पहुंच गई। निर्माणाधीन मकान का नक्शा तो पास था, लेकिन मौके पर मिली खामी के बाद प्राधिकरण ने भवन को सील कर दिया।

जज फार्म में जज की कोठी के बगल में रम्भा देवी के भवन का निर्माण चल रहा है। बिहार के पश्चिमी चंपारण स्थित गांव मौलनिया वार्ड 9 निवासी 45 वर्षीय सरल साह एक महीने से यहां मजदूरी कर रहा था। सरल की पत्नी, एक बेटा व एक बेटी है। बताया जाता है कि इमारत का तीन मंजिला ढांचा बना कर तैयार हो चुका था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे सरल बिल्डिंग में पानी का छिड़काव करने के लिए मोटर चलाने गया था। तार जोड़ते समय वह करंट की चपेट में आ गया। लोगों का कहना है कि करंट लगने के बाद वह इमारत से नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल सरल को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मौत की पुष्टि होते ही परिजनों व साथियों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों को मुआवजा देकर शांत करने का प्रयास शुरू कर दिया गया। मुआवजा बतौर ठेकेदार ने 50 हजार देने की बात कही लेकिन जब हंगामा बढ़ा तब ठेकेदार ने डेढ़-डेढ़ लाख के दो चेक मृतक के भाई राजकुमार को दिए। घटना की जानकारी सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई को लगी तो उन्होंने घटना स्थल पर टीम भेजी। सिटी मजिस्ट्रेट के मुताबिक भवन का नक्शा तो पास था, लेकिन नक्शे के मुताबिक कुछ खामी सामने आ रही है। भवन को सील कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

इधर, कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मौत हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई या मोटर के तार से जांच की जा रही है।


इसी निर्माणाधीन भवन में मजदूर की करंट लगने से हुई मौत। ● अमृत विचार

### करंट लगा, लेकिन कैसे ये स्पष्ट नहीं

**हल्द्वानी :** कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जिस पाइप से सरल पानी का छिड़काव कर रहा था, उसमें लोहे का डंडा बांध रखा था। छिड़काव करते समय निर्माणाधीन भवन के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टच होने पर करंट आ गया और सरन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कुछ लोगों का दावा है कि पानी की मोटर की तार लगाते वक्त वह करंट की चपेट में आया।

# कपिलाज रेस्टोरेंट की छत से गिरकर कर्मचारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काम खत्म कर रात रेस्टोरेंट की छत पर सोने गया रेस्टोरेंट कर्मी संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिर गया। बुरी तरह लहूलुहान हालत में उसे डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलरूप से मल्ली रियूणी मझखाली रानीखेत अल्मोड़ा निवासी नवीन कुमार (35 वर्ष) मुखानी थाना क्षेत्र में कालाढूंगी रोड स्थित कपिलाज रेस्टोरेंट में काम करता था। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी के मुताबिक गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे राहगीरों ने रेस्टोरेंट के बाहर सड़क पर किसी व्यक्ति के घायल पड़े होने की सूचना दी थी। पुलिस पहुंची तो घायल को डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया कि नवीन कुमार घटनास्थल के पास मौजूद कपिलाज रेस्टोरेंट में ही काम करता था। गुरुवार रात रेस्टोरेंट बंद होने के बाद वह छत पर सोने गया था। इसी दौरान वह छत से नीचे गिर गया था। हालांकि वह किन परिस्थितियों में गिरा, इसकी जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


वीर सैनिकों केलिए राखी बनाती एनसीसी, रेंजर तथा गृह विज्ञान की छात्राएं।

### सैनिकों के लिए हाथ से बनाई राखियां भेजी

**हल्द्वानी :** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, रेंजर और गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'एक राखी देश के वीर सैनिकों के नाम' कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि देश के सैनिकों की कलाई इस अवसर पर सूनी रह जाती है। ये जवान राष्ट्रीय सीमा के साथ ही अलग-अलग मोर्चे पर तैनात रहकर हमारी रक्षा करते हैं। इन वीर भाईयों की कलाई सूनी ना रहे, इसके लिए महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने हाथ से राखियां बनाई हैं। जिन्हें सैनिकों के पास भेजा जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत, गृह विज्ञान प्रभारी डॉ. विद्या कुमारी, एनसीसी प्रभारी लेफ्टीनेंट डॉ. रेखा जोशी आदि रहे।

### गोवंशीय पशुओं को आवारा छोड़ने पर कार्रवाई की मांग

**गरमपानी :** बाजार क्षेत्र में बेसहारा गोवंशीय पशुओं के दुर्घटना का सबब बन जाने के बाद अब गांवों में मवेशियों को खुला छोड़ दिए जाने से किसान परेशान हैं। रतौडा गांव में आवारा छोड़े गए मवेशी खेतों में उपज को बर्बाद कर दे रहे हैं। उपज के बर्बाद कर दिए जाने से किसान आक्रोशित हैं। किसानों ने मवेशियों को खुला छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित गरमपानी, खैरना, सुयालबाड़ी, लोहाली समेत तमाम बाजार क्षेत्रों में बेसहारा गोवंशीय पशु परेशानी का सबब बन चुके हैं। बाजार क्षेत्र में आवाजाही कर रहे स्कूली बच्चों व राहगीरों पर हमलावर होने से बड़ी अनहोनी का अंदेशा बना हुआ है वहीं गांवों में पशुपालक गोवंशीय पशुओं को आवारा छोड़ दें रहे। गोवंशीय पशु खेतों में पहुंचकर किसानों की हाड़तोड़ मेहनत पर पलभर में ही पानी फेर दे रहे हैं। खेतों में गोभी, टमाटर, शिमला मिर्च, मंडवा की उपज को गौवंशीय पशु तहस नहस कर दे रहे हैं।


साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने किया पौधरोपण। ● अमृत विचार

### साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने किया पौधरोपण

**हल्द्वानी :** साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति की ओर से लामाचौड़ मंदिर के समीप रिक्त प्लॉटों पर आम, अमरूद, लीची, बेल, नीम के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष दया बिनवाल, सचिव हेमा मेलकानी, लीला मनराल, रमेश चन्द्र, हेमा चिलवाल, दीपा जोशी, कंचन शर्मा, मधु बिष्ट, गीता पन्त, विमला कान्डपाल आदि मौजूद रहे।

### गुजरौड़ा में पौराणिक रामलीला कमेटी का गठन

**हल्द्वानी :** रामलीला कमेटी श्रीचारधाम मंदिर गुजरौड़ा में आगामी रामलीला मंचन के लिए कमेटी का गठन किया है। सर्वसम्मति से हेमू पडलिया को अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा जमन सिंह निगल्टिया को महाप्रबंधक, पंकज जोशी को प्रबंधक, नवल सती को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देव बिष्ट को उपाध्यक्ष, गोपाल पडलिया को सचिव, चेतन जोशी को उपसचिव, प्रमोद पलडिया को कोषाध्यक्ष, तिलकराज किरौला को मेला इंचार्ज और मुकेश भट्ट सह मेला इंचार्ज चुना गया है। कमेटी के निवनियुक्त पदाधिकारियों ने इस रामलीला का मंचन विगत 50 सालों से हो रहा है। इसलिए इसका समाजिक, धार्मिक महत्व है।

# युवती के लापता होने से हड़कंप

**गरमपानी, अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के नौडा गांव से युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की सूचना से हड़कंप मच गया। हरकत में आई खैरना पुलिस की टीम ने रातीघाट - बेतालघाट मोटर मार्ग पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। नाटकीय अंदाज में युवती के सकुशल घर पहुंचने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

समीपवर्ती नौड़ा क्षेत्र से देर शाम एक युवती के गायब होने से स्वजन सकते में आ गए। खोजबीन में निकली युवती की मां बेटी को तलाशती हुई नौड़ा ब्यासी मोटर मार्ग तक पहुंच गई। बेटी के पिकअप वाहन में होने के अंदेशे से खैरना पुलिस टीम से संपर्क साधा गया। वाहनों की तलाशी ली गई। बाद में युवती के घर पहुंचने पर स्वजनों व पुलिस ने राहत की सांस ली।

# विधायक भगत के जन्मदिन पर रक्तदान

संवाददाता, हल्द्वानी/कालाढूंगी

**अमृत विचार :** भाजपा के कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के 75वें जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने कोटाबाग, बैलपड़ाव, कालाढूंगी एवं हल्द्वानी में रक्तदान शिविर लगाए और 405 यूनिट रक्त इकट्ठा किया। वहीं, विधायक के आवास पर केक काटा गया और उनकी दीर्घायु की कामना की गई।

विधायक भगत ने कमलुवागांजा रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंच कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। विधायक भगत, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने पर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं हल्द्वानी ब्लड बैंक की टीम का भी सहयोग लिया गया।


कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के जन्मदिन में हल्द्वानी में रक्तदान करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

विधायक भगत ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके जन्मदिन पर रक्तदान कर समाजसेवा के क्षेत्र में जो काम किया है उसके लिए उनका आभार है।

इस दौरान नवीन भट्ट, धीरज पांडे, सुरेश गौड़, राजेंद्र नेगी, दीपक सनवाल, दीपक बिष्ट, संदीप सनवाल, चंद्र प्रकाश, कमल नयन जोशी, लाखन निगल्टिया, हरिमोहन अरोरा, प्रमोद तोलिया, कमल किशन पांडे, निर्मला पाटनी, कल्पना बोरा, मोहन पाठक, देवकी नंदन जोशी, मदन रावत मौजूद रहे।

इधर, कालाढूंगी में भी शुक्रवार को विधायक बंशीधर भगत का 75वां जन्मदिवस पर कालाढूंगी मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन पार्वती गार्डन कालाढूंगी किया गया। जिसमें 60 लोगों ने रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। भगत ने कार्यकर्ताओं के बीच में केक काटकर आभार व्यक्त किया।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महामंत्री हरीश मेहरा, गोपाल बुदलकोटी, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष भुवन कुमार, जिला पंचायत सदस्य आरती टम्टा, दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्कर क्त्यूरा रहे।

# कल रामनगर में पौधे रोपेगा संत निरंकारी मिशन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए वर्ष 2021 में 'वननेस वन' नामक मेगा पौधरोपण प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसका लक्ष्य वृक्षों के समूह का रोपण एवं देखभाल करना है, जिसमें वर्ष दर वर्ष बढ़ोत्तरी हो रही है।

मंडलीय सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि वर्ष 2021 में वननेस वन प्रोजेक्ट के पहले चरण में देशभर में डेढ़ लाख पौधे रोपे गए थे। उन्होंने बताया कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नये स्थानों को जोड़कर इसका चौथा चरण शुरू करने जा रहे हैं। इसमें 11 अगस्त को देशभर में 600 से अधिक स्थानों पर 10 लाख पौधे रोपे जाएंगे फिर इनकी देखभाल की जाएगी।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में 9500 बच्चों ने किया प्रतिभाग

- हल्द्वानी के 43 स्कूलों में हुई लिखित प्रतियोगिता
- भारत विकास परिषद की शाखा हल्द्वानी ने आयोजित की परीक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की शाखा हल्द्वानी ने सामान्य ज्ञान पर आधारित 'भारत को जानो लिखित प्रतियोगिता' का आयोजन किया। प्रतियोगिता हल्द्वानी के 43 स्कूलों में हुई, जिसमें लगभग 9500 बच्चों ने लिखित परीक्षा दी।

शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता पूरे भारत वर्ष में आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को अपने देश और समसामयिक विषयों की जानकारी देना है। प्रतियोगिता में 30 मिनट की लिखित परीक्षा होती है, जिसमें धर्म संस्कृति, इतिहास राजनीति, भूगोल, खेल, साहित्य, विज्ञान और समसामयिक विषयों पर ओएमआर शीट पर उत्तर भरने होते हैं। शाखा सचिव डॉ. अभिषेक मित्तल ने कहा कि शाखा स्तर के विजेता नगर स्तरीय प्रश्नमंच में भाग लेते हैं, इसके बाद नगर के विजेता प्रांतीय स्तर से क्षेत्रीय स्तर के प्रश्न मंच में जाते हैं। अंत में राष्ट्रीय स्तर में प्रतिभाग करते हैं। प्रतियोगिता संयोजक दीपक बक्शी ने बताया कि अब शीघ्र ही नगर स्तरीय प्रश्न मंच का आयोजन होगा।


भारत को जानो प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

# वन तस्करों की धरपकड़ को पांच टीमें गठित की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गदगदिया के जंगलों में वन कर्मियों पर हमला करने वाले तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं। वन अधिकारियों का दावा है कि जल्द हमलावरों पर कार्रवाई होगी।

तराई केंद्रीय वन डिवीजन की गदगदिया रेंज के अंतर्गत थापकनगला क्षेत्र के जंगलों में बीती 7 अगस्त को गश्त कर रही वन टीम की लकड़ी तस्करों से मुठभेड़ हो गई थी। आमने-सामने की भिड़ंत में तस्करों ने वन टीमों पर कई राउंड फायरिंग की थी। इसमें वन कर्मचारियों का वाहन जंगल में कीचड़ में फंस गया था ऐसे में वन कर्मचारियों ने जंगल में यहां-वहां छिपे थे। तस्करों से मुठभेड़ की सूचना पर डीएफओ यूसी तिवारी भी फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और टीम को रेस्क्यू किया था। मुठभेड़ की घटना पर पश्चिमी वन वृत्त के वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव ने भी मौके का स्थलीय निरीक्षण किया था। इधर, वन्य तस्करों की धरपकड़ के लिए पांच टीमों का गठन किया है। ये टीमें थापकनगला के साथ ही बाजपुर क्षेत्र के लकड़ी तस्करों की कुंडली खंगाल रही हैं। दावा किया गया है कि जल्द ही सभी तस्करों की गिरफ्तारी होगी। तराई केंद्रीय वन डिवीजन के डीएफओ यूसी तिवारी ने बताया कि बीती 7 अगस्त को वन टीम की तस्करों से मुठभेड़ हुई थी। तस्कर एक भी पेड़ ले जाने में नाकाम रहे हैं। तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं।

# साईं हॉस्पिटल में बुजुर्गों के लिए लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी स्थित साई हॉस्पिटल में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उनको स्वास्थ्य संबंधित सलाह भी दी गई।

अस्पताल के प्रबंधक बृजेश बिष्ट ने बताया कि हमारे यहां सेवानिवृत्त लोगों के लिए गोल्डन कार्ड की सुविधा उपलब्ध है। गोल्डन कार्ड के अंतर्गत आने वाली बीमारियों का उपचार साई हॉस्पिटल में होता है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद जोशी ने हृदय रोगों की जानकारी दी और बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही खान-पान को लेकर भी सलाह दी। कार्यक्रम में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन, हल्द्वानी संगठन के वरिष्ठ नागरिकों ने सांई हॉस्पिटल के स्वास्थ्य शिविर की सराहना की और अस्पताल को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में छह नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। वेलफेयर में अब कुल 11600 पेंशनर जुड़ चुके हैं। इस अवसर पर साई हॉस्पिटल के प्रबंधक निदेशक डॉ. मोहन सती, अधिवक्ता प्रदीप ओली, पेंशनर्स वेलफेयर के अध्यक्ष लीलाधर पांडे, महासचिव विजय तिवारी, रमेश चंद्र पांडेय, आरएस कैड़ा, पीसी जोशी, बीडी भट्ट, उमाकांत, एमएल शाह, जेएस खोलिया, कॉरपोरेट मैनेजर ज्योति सिंह रहे।


प्रशस्ति पत्र देते गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के सदस्य।


विधायक कैड़ा का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### कार्यकर्ता तिरंगा अभियान को सफल बनाएंगे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शुक्रवार को धारी मंडल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। विधायक कैड़ा ने कहा कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हुए हर घर तिरंगा लगाएंगे। प्रत्येक मंडल में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में शक्ति केंद्र व प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ता घर-घर जाकर तिरंगा लगाएंगे। यह सभी की जिम्मेदारी है कि आसपास के घरों पर भी झंडा लहराए। हर घर तिरंगा के अंतर्गत प्रत्येक मंडल में युवा मोर्चा 11-14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकालेगा। सभी मोर्चे 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमाओं समीप स्वच्छता, 13 से 15 अगस्त तक वीर सपूतों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता व माल्यार्पण किए जाएंगे। इस दौरान भावना महरा, प्रदीप बिष्ट, आशा रानी, संजय नयाल, विवेक डंगवाल, कृपाल मेहता, मोहन सिंह आदि रहे।

# दमुवाढूंगा में जल संकट बरकरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कई दिन से पानी के लिए तरस रहे दमुवाढूंगा की लोगों का समस्या का समाधान धरना-प्रदर्शन के बावजूद नहीं हुआ। लोगों को पानी के टैंकर के भरोसे रहना पड़ रहा है। जबकि समस्या की जड़ सिर्फ एक वॉल है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों को ज्ञापन देने के बावजूद कोई अधिकारी निरीणक्ष के लिए नहीं पहुंचा।

दमुवाढूंगा वार्ड 37 के लीसा फैक्ट्री और कालिका मंदिर क्षेत्र में पानी की दिक्कत है। बीती 6 अगस्त को स्थानीय लोगों ने समाजसेवी मन्नू गोस्वामी के साथ जल संस्थान में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया था। मन्नू के मुताबिक तब अधिकारियों ने दो दिन के भीतर समस्या के समाधान का भरोसा दिया था, लेकिन समाधान तो दूर कोई अधिकारी समस्या की जड़ देखने भी नहीं पहुंचा। स्थानीय लोगों का कहना है कि लीसा फैक्ट्री के पास पानी की पुलिया है, जहां पाइप लाइन में वॉल लगा था। यहां से चार इलाकों को पानी वितरित होता है। वॉल हटाने के बाद से लीसा फैक्ट्री और कालिका मंदिर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई। जबकि उसी लाइन से हरिपुर गांगू में पानी की आपूर्ति सुचारू है। मन्नू का कहना है कि एई नीरज तिवारी ने भरोसा दिया था, लेकिन वह मौके पर नहीं आए। अब अपनी गलती छिपाने के लिए पानी का टैंकर भेज हैं, जो क्षेत्रवासियों के लिए नाकाफी साबित हो रहा है।


दमुवाढूंगा में टैंकर से पानी भरते स्थानीय निवासी। ● अमृत विचार

# गांवों की सुख शांति व समृद्धि को प्रार्थना

**गरमपानी, अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के नैनीचैक गांव में स्थित तिनारा बूबू मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान से माहौल भक्तिमय हो उठा। भजन मंडली ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा लगा। आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

तिनारा बूबू मंदिर में धर्माचार्यों ने यजमान गोपाल सिंह जैड़ा, गणेश सिंह, प्रताप सिंह से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। विधी विधान से पूजा अर्चना के बाद अखंड रामायण पाठ का श्रीगणेश हुआ। भजन मंडली ने भी शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। विशेष मंत्रोच्चार के साथ गांवों की सुख, शांति व समृद्धि को प्रार्थना की गई। आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

# निलंबित कर्मचारियों को नौकरी में वापस बुलाया

- परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ का आंदोलन समाप्त
- रुद्रप्रयाग जिले में वाहन दुर्घटना के बाद हटाए गए थे कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ ने कार्य बहिष्कार समाप्त कर दिया है। संगठन की मांग मान ली गई है और सेवा से निकाले गए कर्मचारियों को वापस नौकरी में बुला लिया है।

उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुषमा चौधरी ने जारी बयान में कहा कि 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में वाहन दुर्घटना के बाद परिवहन विभाग ने ब्रह्मापुरी चैक पोस्ट पर तैनात चार कर्मियों को घटना का दोषी ठहराया था और चारों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। परिवहन विभाग के इस निर्णय के खिलाफ परिवहन कार्यालयों में कार्यरत परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया था। इस आंदोलन अन्य कर्मचारी संगठनों ने भी समर्थन दिया था।

प्रवर्तन कर्मचारी संगठन परिवहन विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार बहुगुणा ने कहा कि चरणबद्ध आंदोलन की वजह से चारों निलंबित किए गए कर्मचारियों को सेवा में वापस बुला लिया गया है। इसलिए आंदोलन समाप्त किया जाता है।

## सार-संक्षेप



बाजपुर नगर में फ्लैग मार्च करते आरएएफ व पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

### आरएएफ व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बाजपुर** : देश में दंगों व अन्य सार्वजनिक गड़बड़ियों से निपटने के लिए गठित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की विशेष इकाई रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवानों ने स्थानीय पुलिस की मदद से नगर में फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर आरएएफ डिप्टी कमांडेंट प्रेम थापा, नोडल आधिकारी इंस्पेक्टर जगदीश ढकरियाल, बाजपुर कोतवाली में तैनात एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल आदि मौजूद रहे।



किच्छा में खाद्य अधिकारी मलकीत सिंह का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### नवनियुक्त खाद्य अधिकारी मलकीत सिंह का स्वागत

**किच्छा** : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री विजय अरोड़ा एवं कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने नवनियुक्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मलकीत सिंह का पद भार ग्रहण करने पर जोरदार स्वागत किया। विगत दिवस क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी भारत सिंह राणा का स्थानांतरण हो गया था। मलकीत सिंह के पदभार ग्रहण करने की सूचना पर व्यापारी नेता तहसील स्थित कार्यालय में पहुंचे और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। व्यापारी नेता नितिन फुटेला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नए खाद्य अधिकारी क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करेंगे। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मलकीत सिंह ने व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करेंगे।



किच्छा में हज यात्रियों का स्वागत करते विधायक तिलकराज बेहड़। ● अमृत विचार

### विधायक बेहड़ ने किया हज यात्रियों का स्वागत

**किच्छा** : मक्का मदीना शरीफ की यात्रा के लिए रवाना हो रहे चार लोगों का विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। नगर के वार्ड नंबर 11 निवासीगण इरफान मियां, रईस अहमद, नफीस अहमद तथा बाबू खान मक्का मदीना की यात्रा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, पूर्व सभासद नजाकत खान, पूर्व वार्ड सदस्य फिरासत खान, राजेश प्रताप सिंह, ओमप्रकाश दुआ, सैयद हकीम मियां, शफीक अहमद, मुनीम अहमद, इब्ने अली खान, सनी खान आदि मौजूद रहे।



खटीमा के पटपुरा में पकड़े गए मगरमच्छ को कब्जे में लेते वनकर्मी। ● अमृत विचार

### कराटे खिलाड़ी पर खेत में झपटा मगरमच्छ, पकड़ा

**खटीमा** : अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी पर धान के खेत में बैठे मगरमच्छ ने एकाएक झपट्टा मारा लेकिन उन्होंने मगरमच्छ पर लाठी से वार किया जिससे वह पीछे हट गया। बाद में ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को बांधकर वन विभाग को सूचना दी। जिन्होंने मगरमच्छ को अन्यत्र ले जाकर छोड़ दिया। पाटपुरा निवासी कराटे खिलाड़ी वरिंदर सिंह महरोक धान के खेत में मजदूरों के साथ निराई करवा रहे थे। इस दौरान खेत में बैठे मगरमच्छ ने उन पर झपट्टा मारा लेकिन उनके हाथ में लाठी थी जिससे उन्होंने मगरमच्छ के मुंह पर वार कर दिया। इससे मगरमच्छ पीछे हट गया। मगरमच्छ को देख खेत में काम कर रहे मजदूर भी वहां आ गए और उन्होंने मगरमच्छ को रस्सी से बांध लिया। महरोक ने इसकी सूचना वन विभाग को दी।

# काशीपुर शहर में बहुमंजिला पार्किंग बनाने की कवायद शुरू

## डीडीए को पार्किंग का डिजाइन व आगणन शासन को भेजने के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रशासन ने काशीपुर में बहुमंजिला पार्किंग बनाने की कवायद शुरू कर दी है। जिला विकास प्राधिकरण इस बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कराएगा। इसके निर्माण के लिए अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय काशीपुर को ध्वस्त कर पार्किंग बनाया जाना प्रस्तावित है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में काशीपुर में बहुमंजिला पार्किंग बनाये जाने के लिए जिला कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय काशीपुर को अस्थायी रूप से अन्यत्र स्थापित करने के लिए सहकारिता विभाग के भवन व उद्योग विभाग के ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण कर उपजिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। उचित स्थान मिलते ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय को अस्थायी रूप से विस्थापित करते हुए ध्वस्त कर पार्किंग निर्माण किया जाएगा।

**कार्रवाई**

▸▸ **एएसपी कार्यालय का ध्वस्तीकरण कर पार्किंग बनाया जाना प्रस्तावित**

जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्णय लिया कि पार्किंग के ऊपरी तल पर अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सचिव जिला विकास प्राधिकरण को पार्किंग का डिजाइन व आगणन संशोधित कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रुहेला, सचिव पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार सहित ग्रामीण निर्माण विभाग के अभियंता मौजूद थे।

# डेंगू से बचाने के लिए छात्रों को पहनाई जाए पूरी बाजू की शर्ट



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के तहत ऊधमसिंह नगर जनपद के सीबीएसई, आईसीएसई और उत्तराखंड बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए बैठक आयोजित हुई। इस दौरान डेंगू रोग की जानकारी और रोकथाम के लिए वर्तमान में किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गयी।

शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने सभी निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि डेंगू की रोकथाम के लिए विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की जाए। साथ ही मच्छरों के पनपने के संभावित स्थानों जैसे ओवरहेड पानी की टंकियों को ढक कर रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूली छात्रों को मच्छरों के काटने से बचाने के लिए पूरी बाजू की शर्ट, पतलून, लेगिंग, लम्बी जुराबों वाली ड्रेस पहनने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को पेरेंट्स-टीचर मीटिंग एवं स्कूल एप के माध्यम से डेंगू से बचाव उपायों के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्र-छात्राओं की जागरूकता के लिए गोष्ठी, सेमिनार, वाद-विवाद, पोस्टर, चित्रकला, निबंध लेखन आदि की प्रतियोगिता और डेंगू प्रोजेक्ट वर्क कराने को कहा। इस अवसर पर डॉ. राजेश आर्या, राम प्रकाश गुप्ता, एएस धारीवाल, एनएस धारीवाल, एचएस सिद्धू, मोहित रॉय, विनित सिंघल, डॉ. हरमित सिंह, तौफिक अहमद, राहुल कुमार, मनोज कुमार आर्य, प्रदीप प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# कर्मकार बोर्ड के मनोनीत सदस्य गुप्ता का स्वागत



स्वागत के दौरान कर्मकार बोर्ड के मनोनीत सदस्य, भाजपा नेता चुघ व अन्य।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड के सदस्य मनोनीत होने पर राम प्रकाश गुप्ता का भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक भारत भूषण चुघ के साथ ही अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

शुक्रवार को स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक चुघ ने कहा कि उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड के सदस्य राम प्रकाश गुप्ता कई दशकों से भारतीय जनता पार्टी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लगातार पार्टी हित के लिए बढ़-चढ़कर कार्य करते हैं। ऐसे में सरकार ने उनको बोर्ड का सदस्य मनोनीत कर सम्मान दिया है। इस दौरान बोर्ड के मनोनीत सदस्य गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उसका वे पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। श्रमिकों के हित के लिए सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान पिंटू, मुकेश, विशाल, शिवचरण, चंद्रपाल, सूरज, सनी पासवान, शिबू, राजू, अमित, राहुल वर्मा, सोनू राठौर, सनी राठौर, दीपक राठौड़, संतोष पाल, चंद्र प्रकाश, राज कोली मौजूद थे।

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का फिर उठा मुद्दा

संवाददाता, रुद्रपुर



रुद्रपुर में प्रेस वार्ता करते गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डायरेक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का प्रकरण एक बार फिर उठने लगा है। कमेटी के डायरेक्टरों ने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष असंवैधानिक तरीके से गुरुद्वारे पर कब्जा जमाए हुए है और वर्तमान में गुरु घर का अपमान कर रहा है।

शुक्रवार को डायरेक्टर प्रीतपाल सिंह और निर्मल सिंह हंस पाल ने प्रेसवार्ता में कहा कि 24 सदस्यीय कमेटी को जिस प्रकार पुलिस की मौजूदगी में खंडित किया। उसमें पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध थी। कारण न्यायालय के आदेश के बाद भी गुरुद्वारे में भीड़ भाड़ क्यों जमा हुई। उन्होंने उपनिबंधक, चिट फंड एवं जिले की भूमिका पर भी सवाल उठाए और 9 मई 2024 को जोगेंद्र सिंह की अध्यक्षता को मंजूरी दी। वहीं ईमानदार छवि के सेवानिवृत आईएएस हरबंस सिंह चुघ को अध्यक्ष पद से हटाते हुए सदस्यता भी रद्द कर दी। वहीं बर्खास्त प्रबंधक रंजीत सिंह की बहाली कर दी गई।

**लामबंद**

▸▸ **डायरेक्टरों ने ली कई बिंदुओं की जानकारी, प्रेसवार्ता कर उठाए 15 बिंदु, पूछे सवाल**

गुरुद्वारे की गोलक का हिसाब किताब भी सार्वजनिक नहीं किया गया। जबरन बनाई गई कार्यकारिणी के दौरान के सीसीटीवी कैमरों से भी छेड़छाड़ का आरोप डायरेक्टरों ने लगाया है। उन्होंने कहा कि मनमानी का आलम यह है कि 35 लाख की लागत से बनाई गई बिल्डिंग को ध्वस्त कर दिया गया। करोड़ों की हेराफेरी के लिए शिक्षा समितियों का निर्माण करना, पुराने व वफादार सेवादारों को भी मनमाने ढंग से हटाने, साजिश के तहत बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में प्रबंधक हरबंस चुघ को फंसाने, कार सेवा को लेकर भ्रामक प्रचार करना तत्कालीन असंवैधानिक कमेटी कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, विपक्ष के नेताओं से आह्वान किया कि सत्य व असत्य की इस लड़ाई में सहयोग करें। इस मौके पर धर्म सिंह, वजिंदर सिंह, पलविंदर सिंह, चरणजीत सिंह, गुरमुख सिंह, गुरमीत सिंह, गुरसेवक सिंह, नरेंद्र सिंह, गुरजीत सिंह, जगप्रीत सिंह, जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी में अव्यवस्थाओं को सुधारने की कोशिश

**सितारगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्साधीक्षक का कार्यभार ग्रहण करते ही डॉ. संदीप कौर ने अव्यवस्थाओं को सुधारना आरम्भ कर दिया है। उक्त पद पर पूर्व में तैनात डाक्टर अभिलाषा पांडे के स्थानांतरण के बाद विभाग ने डाक्टर कौर को नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में जच्चा-बच्चा के लिए अल्ट्रासाउंड और जांच निशुल्क हैं। उन्होंने अनावश्यक रूप से रखे गए प्रशिक्षुओं को हटा दिया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरे पुत्र तनिष्क के हाई स्कूल के प्रमाण पत्र- 2024 में मेरा नाम Winning Manohar Lall गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम Winning Manoher Lall है। मेरे गलत नाम के स्थान पर मेरा सही नाम दर्ज किया जाए।

**विनिंग मनोहर लाल पुत्र श्री सी पी लाल निवासी महुवाडाबरा जसपुर (ऊधम सिंह नगर)।**

# जनजाति गौरव दिवस पर कलाकारों ने बांधा समां

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के साथ कलाकार।

**अमृत विचारः** विश्व आदिवासी दिवस पर थारू संस्कृतिक महा संगठन के तत्वावधान में जनजाति गौरव दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।

थारू विकास भवन में आयोजित जनजाति गौरव दिवस का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने लोगों को आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए सरकार द्वारा जनजाति समुदाय के विकास के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान थारू संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप थारू सांस्कृतिक उत्थान समिति, जय भूमि सेन होलिका समिति, एकलव्य एवं जनजाति आश्रम पद्धति विद्यालय, कन्या थारू उत्थान समिति, लक्ष्य समिति, राणा युवा समिति, थारू सांस्कृतिक विकास समिति ने आदिवासी नृत्य, झींझी नृत्य, होली गायन, देशभक्ति के गीत एवं नाटक प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख दान सिंह राणा, सुषमा राणा, जनजाति थारू युवा समिति अध्यक्ष ढिल्लू सिंह राणा, नरसिंह, राजकुमार सिंह, रविंद्र सिंह राणा, सिकंदर राणा, राजकुमार सिंह आदि मौजूद थे। संचालन बंटी सिंह राणा ने किया। समिति अध्यक्ष रिंकू राणा, हरिश्चंद्र राणा, आदित्य सिंह, परविंदर एवं शालिनी आदि मौजूद रहे।

HINDUJA HOUSING FINANCE

**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हलद्वानी-263132

आरआरएम – पंकज सिंह चौधरी – 7081828333, आरएलएम – अरुण कुमार सिंह – 9506011777, सीआरएम– जनेश्वर प्रसाद–9917778324, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार / गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन नं. UP/HDW/STGJ/AOOOOOO61 **श्री संजय गुप्ता और श्रीमती जूली गुप्ता, दोनोंः** निवासी वार्ड नं. 6, पोस्ट ऑफिस रोड के पास, सितारगंज, उधम सिंह नगरसितारगंज, ग्रामीण, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 | 26-03-2024 / 06-08-2024 सांकेतिक | ₹ 8,48,145/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि | सम्पत्ति जोकि प्लॉट खेत नं. 42 ए मिन ग्राम - रामपुरा, परगना किलपुरी, तहसील - सितारगंज, जिला - उधम सिंह नगर, रामपुरा, भूमिया मंदिर के पास, सितारगंज, उत्तराखंड-262405, क्षेत्रफल 222.22 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - रोड़, दक्षिण में - रोड़, पूरब में - तुलसीदेवी का मकान, पश्चिम में - दीपा जोशी का प्लॉट |
| 2 | आवेदन नं. UP/HDW/STGJ/AOOOOOO88 & CO/CPC/CPOF/A0O000771 **श्री देवाराम चौधरी और श्रीमती संतोष देवीपुरानी मंडी, दोनोंः** वार्ड नं. 7, सितारगंज सेमीअर्बन सी23 सितारगंज उत्तराखंड, भारत - 262405 | 28-03-2024 / 06-08-2024 सांकेतिक | ₹ 25,28,535/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खेत 843 मिन पर मकान, ग्राम सिसोना तहसील सितारगंज जिला उदमसिंह नगर, खेत 843 मिन पर मकान, ग्राम सिसौना तहसील सितारगंज जिला उदमसिंह नगर, सितारगंज रोड, सितारगंज, उत्तराखंड-262405, क्षेत्रफल -158.4 वर्ग मीटर, चौहद्दीः उत्तर में - राम सिंह कुंवर की संपत्ति, दक्षिण में - मापा चंद की संपत्ति, पूरब में - 16 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में - राणा जी का प्लॉट |

दिनांक : 09-08-2024, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# नशे के सौदागर को 14 साल के कठोर कारावास की सजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** वर्ष 2022 में कुंडा थाना पुलिस ने गिरफ्तार नशे के सौदागर को एनडीपीएस विशेष न्यायाधीश द्वारा 14 साल कठोर कारावास और डेढ़ लाख रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दांडिक दीपक अरोड़ा ने बताया कि 4 जुलाई 2022 को थाना कुंडा के उपनिरीक्षक प्रकाश भट्ट पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। अचानक सरवनखेड़ा स्थित श्मशान रोड मोड़ पर बाइक पर सवार युवक पुलिस को देख गत्ते के पैकेट छोड़कर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम बरखेड़ा थाना स्योहारा बिजनौर यूपी निवासी मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से दो कंपनियों के 9072 नशीले कैप्सूल भी बरामद किए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस आशुतोष कुमार मिश्रा की अदालत में शुरू हुई। जहां एडीजीसी दीपक अरोरा ने अदालत के सामने दरोगा सहित सात गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने नशीले कैप्सूल बेचने के दोषी मोहम्मद आसिफ को 14 साल कठोर कारावास और 1.50 लाख रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

### टाटा मोटर्स में चोरी के आरोपी 12 वर्ष बाद दोषमुक्त

**पंतनगर।** वर्ष 2012 में पुलिस ने टाटा मोटर्स फैक्ट्री से चोरी के आरोप में पुलिस ने आईपीसी की धारा 397 व 411 के तहत तीन लोगों प्रमोद कुमार, सुरेंद्र सिंह व तारा सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में चोरी का स्क्रैप और दो बाइक भी बरामद दिखाई थीं। मामले में लगभग 12 साल चली सुनवाई में आरोपियों के अधिवक्ता रिजवान अहमद की अकाट्य दलीलों के आगे सरकारी अधिवक्ता टिक नहीं सके। जिसके बाद बीते बुधवार सिविल जज जूनियर डिवीजन रुद्रपुर रिजवान अंसारी ने आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## नर्स हत्याकांड : नर कंकाल में बदली तस्लीम, हथेली-पैर भी हैं गायब, क्रूरता के दिखे निशान, कपड़ों से बमुश्किल हुई शिनाख्त

# पहले दी यातना फिर केमिकल डालकर गलाने का प्रयास

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अपनी दस वर्षीय बेटी तंजलिना के साथ हंसी-खुशी जिंदगी व्यतीत करने वाली नर्स तस्लीम जहां को इस बात का इल्म नहीं होगा कि 30 जुलाई उसकी आखिरी और दर्द भरी मौत की दास्तां लिखेगी। डिबडिबा यूपी और घर से महज सौ मीटर की दूरी पर मिले नर्स का शव इस दास्तां को चीख-चीख कर बयां कर रहा था। कारण जिस रूप में नर्स का शव पड़ा हुआ मिला उससे यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि हत्या से पहले तस्लीम को यातनाएं दी होंगी। हत्या के बाद केमिकल डालकर शव को गलाने का भी प्रयास किया गया होगा। इसी कारण शव की शिनाख्त चेहरे नहीं, बल्कि कपड़ों से हो पायी।



गुस्साई भीड़ को समझाने की कोशिश करती पुलिस। ● अमृत विचार

गुरुवार की देर शाम जब कोतवाली रुद्रपुर व कोतवाली बिलासपुर पुलिस को सूचना मिली। उस वक्त सीमावर्ती पुलिस घटना स्थल को देखकर हैरान हो गई। वहीं मृतक के रिश्तेदारों का कहना था कि तस्लीम की शिनाख्त उसके कपड़ों और कद-काठी से हुई है। साथ ही दावा किया कि हत्या से पहले युवती को यातनाएं दी होंगी और हत्या करने के बाद शव को डिबडिबा खाली प्लॉट पर लाया गया होगा। साथ ही झाड़ियों में फेंकने के बाद केमिकल डालकर गलाने की कोशिश हुई होगी।





रोते बिलखते नर्स के परिजन। ● अमृत विचार

तस्लीम के चेहरे पर कई बार केमिकल डालने से चेहरे की हड्डियां भी गल गई थी और हाथों की हथेलियां व पैर का हिस्सा भी गायब बताया। मृतक के परिजनों ने संदिग्ध हत्यारे पर हत्या से पहले यातना देने का संदेह जताया है। वहीं पुलिस का भी मानना है कि जिस प्रकार तस्लीम का शव मिला है। उसका शव क्रूरता को बयां कर रहा है। वहीं पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है कि क्या तस्लीम की सिर्फ निर्मम हत्या ही हुई होगी या फिर उसके साथ अमानवीय व्यवहार भी किया होगा।

### घर से महज सौ मीटर दूरी से कैसे लापता हो गयी तस्लीम

**रुद्रपुर :** प्राइवेट अस्पताल की नर्स तस्लीम जहां का शव जहां मिला है। वहां से घर की दूरी महज सौ मीटर है। इसी सौ मीटर के दायरे से तस्लीम कैसे लापता हो गई। यह सवाल हर किसी के जहन में उठ रहे हैं। यही नहीं तस्लीम को ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि चंद कदमों की दूरी होने के बाद भी वह घर नहीं गई, जबकि नर्स की दस वर्षीय बेटी और बहन का कहना था कि अक्सर तस्लीम ड्यूटी से जिम जाती थी और आठ या साढ़े आठ बजे तक हर हाल में घर आ जाती थी। देर होने पर फोन पर जानकारी देती थी।

### कौन ले गया तस्लीम के दोनों मोबाइल

**रुद्रपुर :** प्राइवेट अस्पताल में नर्स की नौकरी करने वाली तस्लीम अक्सर दो मोबाइल रखती थी। 30 जुलाई को भी वह अपने दोनों मोबाइल लेकर आई थी और शाम साढ़े पांच बजे करीब ड्यूटी समाप्त कर अस्पताल से निकली थी। सवा नौ बजे उसका मोबाइल फोन बंद आने लगा। घटनास्थल पर भी कोई मोबाइल नहीं मिला, जबकि परिजनों का कहना था कि पुलिस ने तस्लीम के एक मोबाइल के साथ युवक को पकड़ा था। पुलिस कहां की थी इसकी कोई जानकारी नहीं है।

### हत्याकांड के खुलासे को गठित हुई चार टीमें

**रुद्रपुर :** एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि नर्स तस्लीम हत्याकांड को पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है। बताया कि 31 जुलाई को गुमशुदगी की रिपोर्ट रुद्रपुर में दर्ज की गई थी। वहीं घटनास्थल यूपी का है। ऐसे में हत्या कहां हुई है। यह तफ्तीश के बाद निर्णय होगा, लेकिन सबसे पहले जघन्य हत्याकांड का पर्दाफाश करना ही पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए बिलासपुर-रुद्रपुर पुलिस मिलकर कार्य करेगी। हत्या कांड को लेकर आदेशित किया जा चुका है।

### तीन साल से कर रही थी नर्स का कार्य

**रुद्रपुर :** सिविल लाइंस स्थित फुटेला अस्पताल में नर्स का कार्य करने वाली तस्लीम जहां तीन साल पहले ही नौकरी पर आई थी। अस्पताल संचालक डॉ. रवि फुटेला ने बताया कि रोजमर्रा की भांति तस्लीम ड्यूटी समाप्त करने के बाद साढ़े पांच बजे अस्पताल से निकली थी और उसके बाद जिम जाने की बात भी सामने आई है। 31 जुलाई को जब लापता होने की खबर मिली तो फौरन उनके द्वारा एसएसपी सहित कोतवाली पुलिस को भी सूचना दी थी और बरामदगी की मांग की गयी थी। वहीं दस वर्षीय बेटी से भी संपर्क साधा गया। तस्लीम की मौत की खबर से अस्पताल प्रशासन गमजदा है।

## एक नजर

### युवक को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक पर मुकदमा

**काशीपुर :** आईटीआई क्षेत्र में युवक को ट्रक से टक्कर मारने वाले चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम उधौपुरा मुरादाबाद निवासी चन्द्रपाल सिंह ने आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई बीती चार अगस्त को अजय कुमार हिमालयन फूड पार्क में पार्ट टाइम कार्य करने के लिए गया था। कार्य करते समय थकान महसूस होने पर वह कार्य स्थल से कुछ दूरी पर बैठा था। तभी एक ट्रक के चालक ने ट्रक को तेजी व लापरवाही से बैक करते हुए उसके भाई के ऊपर चढ़ा दिया। इससे उसकी मौत हो गई।

### भाकियू ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**काशीपुर :** भारतीय किसान यूनियन ने न्यूनतम समर्थन मूल्य देने समेत सात सूत्रीय मांग की। इस दौरान उन्होंने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन उग्राह के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम अभय प्रताप सिंह के न होने पर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उनके पेशकार को दिया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की गारंटी, दिल्ली में हुए आंदोलन के दौरान समझौते को लागू करने, किसान आंदोलन के दौरान हुई किसानों की मौत को शहीद का दर्जा देने आदि की मांग की है। इस दौरान हरजिंदर सिंह, रणवीर सिंह, अवतार सिंह, सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# कॉलोनियों में जलभराव से भड़क उठे कॉलोनी के लोग, हंगामा

## महिलाओं ने पहले कॉलोनी में किया प्रदर्शन फिर डीएम कार्यालय में जताया आक्रोश, पूर्व पार्षद ने ज्ञापन सौंपकर की समस्या के समाधान की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विगत दिनों तराई में हुई बारिश से रुद्रपुर में कई स्थानों में जलभराव की समस्या पैदा हो गयी थी। इसको लेकर लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। वहीं जलभराव को लेकर पूर्व पार्षद ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपा है। कॉलोनी की महिलाओं ने जलभराव को लेकर कॉलोनी में प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम कार्यालय परिसर पहुंचकर आक्रोश जताया और डीएम से समस्या के समाधान की मांग की।

शुक्रवार को डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए शिमला पिस्तौर के पूर्व पार्षद सुरेश गौरी ने बताया कि बरसात के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया है। इससे लोगों की आवाजाही ठप पड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की टीम ने तीन पानी डैम का मौका मुआयना किया था। कारण डैम के ओवरफ्लो होने के कारण अक्सर आसपास के इलाकों में जलभराव हो जाता है। यदि तीन पानी डैम की चारदीवारी को ऊंचा कर दिया जाए तो समस्या का समाधान हो सकता है। इसके अलावा इलाके में विद्युत पोल की जर्जर हालत हो चुकी है। पोल नीचे गिर चुके हैं और कभी भी कोई हादसा हो सकता है। ऐसे में क्षेत्र में नये विद्युत पोल लगाए जाने जरूरी हैं।

उधर, बिगवाड़ा मुख्य मार्ग स्थित कॉलोनी की महिलाओं ने आवाजाही मार्ग पर एकत्रित हुई और जलभराव के बीच खड़े होकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि कॉलोनी का विस्तार करते वक्त कॉलोनी संचालक ने जल निकासी बेहतर होने का सपना दिखाकर मकान व प्लॉट तो बेच दिए, लेकिन पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की। बारिश के चलते मुख्य मार्ग सहित कॉलोनी परिसर में जलभराव की समस्या पैदा हो चुकी है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर भावना जोशी, अंजू देवी, शशि त्रिपाठी, सुशीला सिंह, पूजा सिंह, अनीता देवी, खुशी देवी मौजूद रहीं।



रुद्रपुर में जलभराव के बीच आक्रोश जताती महिलाएं। ● अमृत विचार



डीएम को जलभराव की जानकारी देते पूर्व पार्षद सुरेश गौरी। ● अमृत विचार

### काशीपुर में वार्ड तीन के लोगों का नगर निगम के खिलाफ फूटा गुस्सा

**काशीपुर :** जसपुरखुर्द वार्ड नंबर तीन लंबे समय से हो रही जलभराव की समस्या को देखते हुए लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। इस पर लोगों ने रास्ते में भरे पानी में खड़े होकर नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। शुक्रवार को वार्ड नंबर तीन जसपुरखुर्द के लोगों ने सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जसपुरखुर्द के वार्ड नंबर तीन में बीते 25 सालों से सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। रास्ता कच्चा होने के कारण उस रास्ते में बरसातों में सड़क पर जलभराव हो जाता है। इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार जलभराव के चलते बाइक सवार इन गड्ढों में गिर चुके हैं। उन्होंने जल्द ही सड़क का निर्माण कराने की नगर निगम से मांग की है। मांग पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रदर्शन में देवेंद्र सिंह बिष्ट, महिपाल सिंह रावत, अशोक कुमार, हरिओम अग्रवाल, डॉ रंजन शर्मा, डीबी पांडेय, भास्कर बिष्ट, सुनीता देवी, गंगा कांडपाल, ममता भारद्वाज, सुशील बिष्ट, भूपेंद्र सिंह आदि लोग शामिल रहे।



काशीपुर में सड़क निर्माण के लिए प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

### नगर निगम पर लगाया आरोप

**काशीपुर :** वार्ड नंबर तीन के स्थानीय लोगों ने नगर निगम पर आरोप लगाया कि दो साल पहले भी सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा था। बावजूद इसके अब तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। आरोप लगाया कि मामले में विधायक द्वारा भी सड़क की नापतोल की जा चुकी है, लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में नगर निगम को सड़क बनाने का अधिकार नहीं है। नगर निगम अपने वार्डों में सड़कों का निर्माण कराते आ रहा है। अन्य स्थानों पर भी सड़कों का निर्माण जल्द कराया जाएगा।

# बाढ़ पीड़ितों ने किया एसडीएम दफ्तर पर प्रदर्शन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बाढ़ पीड़ितों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर प्रभावितों ने एसडीएम दफ्तर पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। साथ ही उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग भाजपा नेता विमल शर्मा की अगुवाई में एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय जा धमके और मुआवजे को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसके पश्चात मौके पर मौजूद एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना था कि 6, 7 व 8 जुलाई को बारिश व बाढ़ की वजह से अनेक घरों, दुकानों आदि में जलभराव हो गया था जिससे लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। डीएम व एसडीएम के दिशा-निर्देशों राजस्व प्रशासन की टीम ने नगरीय क्षेत्र में बाढ़ प्रभावितों को मुआवजा देने से पहले सर्वे का कार्य किया था, लेकिन अभी भी वार्ड नंबर-एक में 270 से 280, वार्ड नंबर-तीन में 25 से 30, वार्ड नंबर-छह में 50 से 60, वार्ड नंबर-सात में 70 से 80, वार्ड नंबर-दस में 50 से 55, वार्ड नंबर-11 में 30 से 40, वार्ड नंबर-12 में 35 से 40 एवं वार्ड नंबर-13 में 90 से 95 बाढ़ प्रभावित परिवार मुआवजा प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं। इसके अलावा प्रभावित दुकानदारों खासकर छोटे व्यापारियों को भी मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने पुनः सर्वे करवाकर प्रभावितों को उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, पूर्व बीडीसी राजू वाल्मीकि, पूर्व प्रधान पप्पू कोहली, सुनील कौशिक, ओमवती, गौरव, आशा, जगदीश, सुमनलता, गीता, मछंदर, कुसुम, ममता, किरेश, मंजू, दयावती, दर्शन, रुखसाना, सुरेश, कुंता, सुमन, अंशु, राममुखी, पूनम, शब्बो, सरोज, शांति, राजवाला, किरन, अन्नू, मीना, सुधा, सीमा, दीप्ति, अनीता, राममूर्ति, बलविंदर, लखपत, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते बाढ़ पीड़ित। ● अमृत विचार

### चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर:** काशीपुर की मानपुर रोड स्थित कौशम्बी कॉलोनी से लोहे की ग्रिल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर ग्रिल को बरामद कर लिया है। गिरीताल निवासी संदीप सहगल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका मानपुर रोड स्थित कौशाम्बी कॉलोनी में एक गोदाम है। गोदाम में ग्रिल आदि सामान रखा था। गुरुवार की दोपहर एक युवक गोदाम के शटर को उठाकर उसके नीचे रखी ग्रिल को खींचकर बाहर निकल रहा था। इस दौरान लोगों के आने पर युवक ग्रिल छोड़कर मौके से फरार होने लगा। लेकिन लोगों ने युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी युवक कटोराताल निवासी सूरज वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# एक रात में कॉलोनी के 4 घरों में चोरी

**कार्रवाई**

▸▸ तहरीर के बाद पुलिस ने शुरू की तलाश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** बेखौफ चोरों ने ट्रांजिट कैंप इलाके की एक कॉलोनी में धावा बोलकर चार घरों से जेवर, नगदी और कई मोबाइल चुरा लिए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना ट्रांजिट कैंप की कृष्णा ग्रीन कॉलोनी के लोग गुरुवार की देर शाम खाना खाकर सो गए थे। देर रात चोरों ने कृष्ण पाल के घर का ताला तोड़कर सोते वक्त अलमारी में रखी सोने की नथ, सोने का मांग टीका, दो जोड़ी चांदी की पायल व 32 हजार रुपये चोरी कर लिए। इसके बाद ओमप्रकाश मौर्या के घर से दो एंड्रॉयड मोबाइल, एक हजार की नकदी, करन सिंह के घर से दो मोबाइल व 16 हजार की नगदी और पप्पू प्रजापति के घर से एक मोबाइल चोरी कर लिया।

सुबह उठने पर चोरी की घटनाओं की भनक लगी। इसके बाद पीड़ितों ने थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचकर पुलिस को घटना की तहरीर सौंपी। उधर, थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। जिसमें देर रात्रि 11 बजे कुछ संदिग्ध घूमते हुए नजर आ रहे है। संदिग्धों की पहचान होते ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।



चोरी के बाद खाली पर्स देखती महिलाएं। ● अमृत विचार

# कर्मियों की बहाली पर हड़ताल खत्म

▸▸ पिछले चार दिन से मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे परिवहन कर्मी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रप्रयाग में सड़क दुर्घटना के बाद परिवहन विभाग के चार निलंबित कर्मियों की बहाली के बाद परिवहन कर्मियों का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार समाप्त हो गया है। परिवहन आयुक्त ने विभागीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर सभी को बहाल करने के आदेश जारी कर दिए हैं। जांच समिति ने पूरे मामले में इन कर्मचारियों की संलिप्तता से इंकार किया है।

उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ और उत्तराखंड प्रवर्तन कर्मचारी संघ के आह्वान पर पिछले चार दिन से परिवहन कर्मी कार्य बहिष्कार पर थे। कर्मचारी रुद्रप्रयाग में मई माह में हुई दुर्घटना में निलंबित किए गए प्रधान सहायक यशवीर बिष्ट, कनिष्ठ सहायक विवेक उनियाल, परिवहन उप निरीक्षक मेहताब अली, परिवहन आरक्षी अमन सैनी की बहाली की मांग कर रहे थे। इससे एआरटीओ कार्यालय में लाइसेंस संबंधी कार्य के साथ अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे थे और विभाग को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा था। गुरुवार को विभागीय जांच समिति बनाकर रिपोर्ट परिवहन आयुक्त बृजेश कुमार संत को सौंपी गई। जिसमें पूरी दुर्घटना में इन चारों परिवहन कर्मचारियों की संलिप्तता को नकार दिया गया। रिपोर्ट के आधार पर परिवहन आयुक्त की तरफ से चारों परिवहन कर्मचारियों की सेवाएं बहाल करने के आदेश शुक्रवार को जारी कर दिए गए। उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा चौधरी ने बताया कि सभी कर्मचारियों की बहाली के बाद प्रदेश भर में हड़ताल समाप्त कर दी गयी है। साथ ही सभी कर्मचारी काम पर लौट आये हैं।

### काशीपुर में भी काम पर लौटे कर्मचारी

**काशीपुर :** बीते दिनों उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संगठन ने निलंबित कार्मिकों की बहाली की मांग को लेकर परिवहन विभाग में धरना प्रदर्शन किया था। जहां उन्होंने रुद्रप्रयाग जिले में हुई वाहन दुर्घटना में निलंबित किए कर्मियों को जल्द बहाल करने की मांग की थी। वहीं गुरुवार को निलंबित कर्मियों की बहाली के बाद संगठन ने हड़ताल को समाप्त कर दिया।

### तीन बाइकों की भिड़ंत में पांच लोग घायल

**बाजपुर :** तीन बाइकों की भिड़ंत में महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार को दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे गांव बाजपुर निवासी रिंकू (35) सागर अपने साथी बरहैनी निवासी सुनील (40) के साथ बाइक पर बेरिया रोड स्थित अपनी बुआ के घर से वापस जा रहा था। इसी बीच बाजपुर-पिपलिया मुख्यमार्ग पर गांव बाजपुर के नजदीक स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार गांव बाजपुर निवासी विकास ने रिंकू की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइकें सड़क किनारे गन्ने के खेत में जा घुसी। इतना ही नहीं बाजपुर की ओर से जा रहा गांव बाजपुर का ही संजय भी पीछे से रिंकू की बाइक में जा टकराया। घटना में रिंकू, सुनील के साथ ही दूसरी बाइक पर सवार विकास व उसकी चाची रेखा पत्नी पप्पू तथा तीसरी बाइक पर सवार संजय घायल हो गया। इनमें से दो युवकों को सरकारी व बाकी को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

**बैठक** जिला टास्क फोर्स की बैठक में सीडीओ ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# जून से अब तक चार बाल श्रमिक पकड़े गए

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला टास्क फोर्स के साथ बैठक की और जानकारी ली। इस दौरान श्रम विभाग, महिला कल्याण, शिक्षा, चिकित्सा, समाज कल्याण, बाल विकास, पंचायती राज, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन समेत कई संस्थाओं के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को बैठक के दौरान सहायक श्रम आयुक्त अरविंद सैनी ने बताया कि जून से अब तक 35 निरीक्षण किए गए। इसमें चार बाल श्रमिक पकड़े गए। जिन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी किशोर का संबंधित जिले के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए उनके पुनर्वास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को सभी इंटर स्कूल में चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से 1098, गुड टच बैड टच आदि पर गोष्ठी आयोजित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर एसीएमओ डॉ. एसपी सिंह, डीईओ हरेंद्र मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योम जैन, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, बाल कल्याण समिति सदस्य पुष्पा पाणु आदि उपस्थित थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय :पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम् ॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता,जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दुध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है।

संपादकीय

# आभासी न्यायालय

देश की अदालतों का बोझ कम करने के लिए आभासी न्यायालय बहुत उपयोगी हैं और न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, पक्षकारों और नए प्रशिक्षुओं सहित सभी के लिए फायदेमंद हैं। ये अदालतें नई पीढ़ी को कानून का अध्ययन करने और देश की न्यायिक प्रणाली को अपनी बहुमूल्य बुद्धिमत्ता देने के लिए भी प्रोत्साहित करेंगी। वर्तमान में आभासी न्यायालय केवल ट्रैफिक चालान संबंधित मामलों को संभाल रहे हैं, जिससे न केवल मुकदमेबाजी की लागत कम हुई है, बल्कि ट्रैफिक चालान मामलों के निवारण की प्रक्रिया भी सरल हुई है। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि वर्तमान में 28 आभासी न्यायालयों से ट्रैफिक चालान मामलों के निवारण की प्रक्रिया सरल हुई है। वास्तव में यह अवधारणा न्यायालय के संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने और वादियों को विवादों को निपटाने के लिए एक प्रभावी मार्ग प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। आभासी न्यायालय या ई-न्यायालय ऐसी अवधारणा है जिसका उद्देश्य न्यायालय में वादियों या वकीलों की उपस्थिति को समाप्त करना और मामले का ऑनलाइन निर्णय करना है। आभासी न्यायालय द्वारा 5.26 करोड़ से अधिक मामलों का प्रबंधन किया गया है और 56 लाख से अधिक मामलों में 30 जून तक 579.40 करोड़ रुपये से अधिक का ऑनलाइन जुर्माना वसूला गया है। आभासी न्यायालय परियोजना के अंतर्गत, एक मजबूत डिजिटल बुनियादी व्यवस्था बनाने के लिए संबंधित उच्च न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र के तहत अतिरिक्त 1150 आभासी न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान है। वर्ष 2020 में कोरोना वायरस महामारी के मद्देनज़र, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 142 के तहत अपनी पूर्ण शक्ति का प्रयोग करते हुए देश भर के सभी न्यायालयों को न्यायिक कार्यवाही के लिए वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग का व्यापक रूप से उपयोग करने का निर्देश दिया था।

आभासी न्यायालय एक आभासी इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्म से एक न्यायाधीश द्वारा प्रशासित हो सकता है जिसकी अधिकारिता संपूर्ण राज्य तक हो सकती है और जो लगातार 24 घंटे कार्य कर सकता है। वार्ता और संगोष्ठियों के माध्यम से आभासी-न्यायालय के बारे में जागरूकता पैदा कर सुविधाओं के संबंध में जानकारी देने में मदद मिल सकती है और आभासी-न्यायालय आसानी से न्याय की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। आभासी न्यायालय में संचालन संबंधी कुछ चुनौतियां भी हैं। खराब कनेक्टिविटी, प्रतिध्वनि और अन्य व्यवधानों के कारण सुनवाई के दौरान तकनीकी रुकावटें देखी गई हैं। हैकिंग और साइबर सुरक्षा प्रौद्योगिकी के स्तर पर साइबर सुरक्षा भी एक बड़ी चिंता होगी। ऐसे में न्यायिक प्रणाली के लिए एक नया मंच विकसित करते समय डेटा गोपनीयता और डेटा सुरक्षा चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता है।

# स्वतंत्रता आंदोलन के प्रवाह का महत्वपूर्ण मोड़



डॉ. नवीन गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर
बरेली

वास्तव में इन क्रांतिकारियों ने काकोरी घटनाक्रम को अंजाम देकर यह साबित कर दिया कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत अब और ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकेगी। इस घटनाक्रम के बाद सिर्फ 22 साल के अंतराल में आजादी के लिए छिड़ी यह जंग निर्णायक साबित हुई और अंततः इन क्रांतिकारियों का संकल्प और सपना साकार हुआ।




काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष

भारतीय इतिहास में काकोरी घटनाक्रम क्रांतिकारी आंदोलन की ऐसी ऐतिहासिक महत्वपूर्ण घटना है, जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रवाह को ही मोड़ दिया था। 9 अगस्त, 1925 को हुए इस ऐतिहासिक घटनाक्रम ने जनपद शाहजहांपुर की विशेष भूमिका रही, क्योंकि इस घटनाक्रम के प्रमुख सूत्रधार पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां तीनों का संबंध शाहजहांपुर जनपद से ही था, जो क्रांतिकारियों की जन्मस्थली और कर्मस्थली बनी। जब 9 अगस्त 1925 को 8 डाउन पैसेंजर ट्रेन को लखनऊ से कुछ दूर पहले काकोरी स्टेशन पर रोककर सरकारी खजाना लूट लिया गया और क्रांतिकारियों ने उसका उपयोग हथियार खरीदने और अन्य क्रांतिकारी गतिविधियों के संचालन में कर लिया तो सारे क्रांतिकारी लगभग निश्चिंत से हो गए थे।

ऐसे समय में मेरठ में स्थित रामानुज वैश्य अनाथालय इन क्रांतिकारियों की कर्मस्थली बना, क्योंकि इनको मेरठ सबसे सुरक्षित स्थान के रूप में दिखाई पड़ा और क्रांतिकारी विष्णु शरण दुबलिश ने इन सभी को क्रांतिकारी गतिविधियों को संचालित करने के लिए रामानुज वैश्य अनाथालय में स्थित अपने आवास पर आश्रय दिया। 13 सितंबर ,1925 को वैश्य रामानुज अनाथालय में बुलाई गई बैठक में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी, शचींद्रनाथ बख्शी समेत प्रमुख क्रांतिकारियों को बुलाया गया था,जिसकी सूचना पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ने अपने छद्म नाम रुद्र से दी थी। वैश्य अनाथालय में बुलाई गई बैठक का उद्देश्य काकोरी घटनाक्रम के उपरांत हुए कार्यों की समीक्षा तथा आगामी योजना की रूपरेखा तय करना था। इस बैठक को सब इंस्पेक्टर ब्रह्मा सिंह एवं पेरु सिंह ने स्वयं देखा था। मगर दोनों ही पुलिस अधिकारी स्थिति को भाप नहीं सके। उधर 9 अगस्त 1925 को 8 डाउन पैसेंजर से लूटे गए इस खजाने की खबर अखबारों की सुर्खियां बनी और यह घटनाक्रम एक तरह से ब्रितानियां हुकूमत को खुली चुनौती थी। लिहाजा सरकार पूरी तरह से सक्रिय हो गई।

सरकार ने मिस्टर हार्टन की अध्यक्षता में विशेष पुलिस शाखा को जांच सौंपी जिसे इस ट्रेन डकैती में लूटे गए तीन नोट शाहजहांपुर में मिले। बस यहीं से इस घटनाक्रम की कड़ियां जुड़ती चली गईं और जीआईसी शाहजहांपुर के छात्र इंद्र भूषण मित्र के घर से बरामद बिस्मिल के क्रांतिकारी दल संबंधी दस्तावेजों के आधार पर जांच कमेटी ने 13 सितंबर को मेरठ के रामानुज अनाथालय में होने वाली बैठक की जानकारी जुटाई थी। इस बैठक में बिस्मिल ने दल की केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों तथा जिला संगठन के विशिष्ट कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया था। क्रांतिकारियों के छद्म नाम रखे गए, जिनका विवरण योगेश चंद्र चटर्जी ने दिया है। रामप्रसाद बिस्मिल को छद्म नाम आनंद प्रकाश, रूद्र, राम परमहंस, मास्टर महाशय,महंत तथा राजेंद्र लाहिड़ी को निताई, निताई चंद, निताई मामा, चारू, जुगल किशोर दीक्षित,मथुरा प्रसाद जवाहरलाल बाजपेई और केपी श्रीवास्तव के नाम से जाना जाता था। जबकि अशफाकउल्लाह खां को, कुंवरजी, मन्ताना ,बारी ,कृष्ण आदि नाम दिए गए। चंद्रशेखर आजाद को क्विक सिल्वर का नाम दिया गया था। क्रांतिकारी मन्मथ नाथ गुप्त को नवाब तथा नवाब साहब,योगेश चंद्र चटर्जी को राय, प्रफुल्ल चंद्र राय, महाशय और मुकुंदी लाल को महाराज का नाम दिया गया था। रामकृष्ण खत्री को नरेंद्र, गंगाराम ,गोविंद प्रकाश, बनवारीलाल को तारा सिंह रामांदा सिंह, शचिंद्र नाथ बख्शी को बद्री कन्हैयालाल, बागची नाम से जाना गया। जबकि बरेली के सेठ दामोदर स्वरूप को लालाजी, जी .सी. कर को चौधरी तथा इंद्र भूषण मित्र को गोवर्ड नाम दिया गया था।

8 सितंबर 1925 को फरार घोषित अशफाक उल्ला खां को दिल्ली में उनके दगाबाज पठान दोस्त की मुखबिरी से गिरफ्तार किया गया जबकि 26 सितंबर 1925 को इस घटनाक्रम में क्रांतिकारी मन्मथ नाथ गुप्ता को बनारस से, राम प्रसाद बिस्मिल को उनके शाहजहांपुर स्थित आवास से, प्रेम किशन खन्ना, इंद्र भूषण मित्र, हरगोविंद,बनारसीलाल और ठाकुर रोशन सिंह को गिरफ्तार किया गया।

राजेंद्र लाहिड़ी के यहां भी गिरफ्तारी के लिए दबिश पड़ी मगर वह बम बनाने की ट्रेनिंग देने के लिए कोलकाता गए हुए थे। राजकुमार सिन्हा को बीएचयू परिसर से उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। जहां से दो राइफलें भी मिली। रामकृष्ण खत्री को पुणे से, भूपेंद्र नाथ सान्याल को इलाहाबाद से और विष्णु शरण दुवलिश को मेरठ से गिरफ्तार किया गया। जबकि शिवचरण लाल को मथुरा से, बनवारीलाल को रायबरेली से और मुकुंदीलाल को बनारस से गिरफ्तार किया गया। यद्यपि अशफाक उल्लाह फरार हो चुके थे,मगर 8 सितंबर को दिल्ली में सैयद फरीद अहमद ने उनको गिरफ्तार करा दिया। अशफाक रूस जाने का विचार कर रहे थे,किंतु इन क्रांतिकारियों की गिरफ्तारी के लिए 5000 रुपए का इनाम घोषित हो चुका था, जिसके कारण इस पठान मित्र ने ईनाम के लालच में अशफाक उल्ला को गिरफ्तार करा दिया। काकोरी अभियोग में 43 क्रांतिकारी गिरफ्तार किए गए। इस केस का किंग बनाम रामप्रसाद बिस्मिल एवं अन्य के नाम से विचारण शुरू हुआ। अभियोग स्पेशल मजिस्ट्रेट सैयद ऐनुद्दीन की अदालत में पेश हुआ, जिसमें जगतनाराण मुल्ला सरकारी वकील थे। जबकि क्रांतिकारियों के बचाव में हरकरन मिश्रा, मोहनलाल, चंद्रभानु गुप्ता और कृपा शंकर हजेला ने पैरवी की।

स्पेशल मजिस्ट्रेट सैयद ऐनुद्दीन ने यह मुकदमा सेशन कोर्ट को काफी समय बाद भेजा, जिसमें कुल 21 अभियुक्तों को सेशन के सुपुर्द किया गया और 21 मई 1926 को सेशन जज हैमिल्टन की अदालत में मुकदमा शुरू हो गया। 6 अप्रैल,1927 को लखनऊ में सिनेमा हॉल रिंग थिएटर को इस सुनवाई के लिए किराए पर लिया गया। 6 अप्रैल,1927 को सेशन कोर्ट ने अपना फैसला दिया,जो 115 पृष्ठों में था। इस फैसले में राम प्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी को प्रथम दो धाराओं, 121 अ, 121 बी के अंतर्गत काला पानी तथा 396 के अंतर्गत फांसी की सजा दी गई। रोशन सिंह को प्रथम दो धाराओं में 5-5 वर्ष के कठोर कारावास तथा तीसरी में फांसी की सजा दी गई,जो बमरौली में हुई डकैती से संबंधित थी। इसी प्रकार अभियुक्त कारावास हुआ। सभी अभियुक्तों की फांसी की सजा अवध कोर्ट के अनुमोदन के बाद तथा अपील के लिए 7 दिन का समय निर्धारित किया गया था। तमाम प्रयासों के बाद इन सभी क्रांतिकारियों के मुकदमों पर फैसला हुआ। इस फैसले के अनुसार 22 अगस्त,1927 को अपील निस्तारित कर दी गई, जिसमें बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह तथा अशफाक उल्ला की सजाएं कायम रहीं। राजेंद्र लाहिड़ी को 19 दिसंबर,1927 को गोंडा जेल में फांसी दी जाने की तिथि निर्धारित होने के बावजूद 17 दिसंबर को ही 2 दिन पहले फांसी दे दी गई। राम प्रसाद बिस्मिल को 19 दिसंबर, 1927 को गोरखपुर जेल में फांसी दी गई। उनके अंतिम शब्द थे,“मैं ब्रिटिश साम्राज्य का भारत से विनाश चाहता हूं”। अशफाक उल्ला खां को फैजाबाद जेल में फांसी दी गई,फांसी के वक्त उनके हाथ में कुरान और गीता थी। उनके अंतिम शब्द थे कि “मेरे हाथ इंसानी खून से कभी नहीं रंगे, मेरे ऊपर लगे सभी इल्जाम गलत हैं और इस सबका हिसाब और इंसाफ खुदा के यहां होगा”।

ठाकुर रोशन सिंह को इलाहाबाद जेल में फांसी दी गई। वह हंसते-हंसते वंदेमातरम गाते हुए शहीद हो गए। बनारस से प्रकाशित अखबार आज ने इन क्रांतिकारियों की फांसी की सजा पर जनता की असहाय स्थिति पर खेद व्यक्त किया था। ब्रिटिश सरकार की नजर में काकोरी ट्रेन लूट का घटनाक्रम सिर्फ एक अपराधी घटना नहीं थी, बल्कि सम्राट के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति की घोषणा था, जिसका उद्देश्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकना था।

वास्तव में इन क्रांतिकारियों ने काकोरी घटनाक्रम को अंजाम देकर यह साबित कर दिया कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत अब और ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकेगी। इस घटनाक्रम के बाद सिर्फ 22 साल के अंतराल में आजादी के लिए छिड़ी यह जंग निर्णायक साबित हुई और अंततः इन क्रांतिकारियों का संकल्प और सपना साकार हुआ। काकोरी घटनाक्रम से संबद्ध क्रांतिकारियों के दिलों में बस एक ही जज्बा था कि दासता में जकड़ी भारत मां आखिर कैसे स्वतंत्र होगी? इन अमर क्रांतिकारियों के लिए स्वराष्ट्रधर्म और स्वराज से बढ़कर कुछ नहीं था,जिसका मूल्य अपने बलिदानों से चुकाया।

व्यग्य

# मुहावरों में सांप

हमारी एक मित्र से बात होने लगी। मित्र सांपों के विशेषज्ञ हैं। वह बोले, “उम्र के इस पड़ाव पर हमें सांपों की पहचान करनी तो आ गई है,लेकिन इंसानों की नहीं।” हमने कहा, “आप ठीक कह रहे हैं,यहां लोग सांप से ज्यादा जहरीले हैं और गिरगिट से ज्यादा रंग बदलते हैं। उन्हें कैसे पहचाना जाए और यहां आस्तीन के सांप भी रहते हैं,उनसे बचकर रहिएगा।”



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

वह बोले, “आप ठीक कह रहे हैं,यहां हर ओर सांप घूमते रहते हैं। जब मैं नौकरी में था तो मेरी कार्यकुशलता और अधिकारियों की दृष्टि में मेरा मान देखकर अनेक लोगों के सीने पर सांप लोटते रहते थे।” हम बोले, “हां, ऐसा ही है! यहां अनेक दो मुंहें सांप भी होते हैं,वह कब किस मुंह से काट लें, कहा नहीं जा सकता है।” वह बोले,“आप ठीक कह रहे हैं, मैंने अपने जीवन में अनेक लोगों की मदद की,लेकिन उन्होंने हमें ही डसा। मुझे क्या मालूम था कि मैं सांपों को दूध पिला रहा हूं।” हम बोले,“आप अपना जलवा ऐसा रखिए कि जिधर से भी निकल जाएं, विरोधियों को सांप सूंघ जाए। वह बोले,“हम तो अपना काम करते रहते हैं, हमें किसी से कोई अंतर नहीं पड़ता है, अब सांप निकल जाने पर लोग लकीर पीटते रहें तो मुझे क्या फर्क पड़ता है।” हमने कहा, “ठीक कहा आपने! हमें काम ऐसे ही करना चाहिए कि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।”

वह बोले, “हम तो ऐसा ही करते हैं। हमने जीवनभर हाथों पर सांप खिलाए हैं। हम तो लोगों की नस-नस पहचानते हैं।” हमने कहा,“यहां ऐसी-ऐसी टेढ़ी चाल चलने वाले लोग मिलते हैं कि सांप भी शर्मा जाए।” वह बोले,“ठीक कहा आपने,लेकिन सांप भी अपने बिल में तो सीधा ही जाता है,यहां तो लोग अपने घर में भी टेढ़ापन दिखा देते हैं।” अभी बात और चलती, लेकिन तभी एक ओर से शोर उठा “सांप-सांप!” और हमारे मित्र उधर ही लपक लिए,शायद किसी जहरीले सांप के जहर के दांत तोड़ने के लिए। फिर हम भी अपने रोगियों में उलझ गए।

# कालजयी वकील की याद में अदालतों की हालत



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

सुप्रीम कोर्ट के कहने के बावजूद देश में सड़कें तो क्या सरकारी दफ्तरों में कोई सिगरेट पीना नहीं छोड़ रहा है। न ही गंगा समेत देश की नदियों में प्रदूषण रुक रहा है। न ही सामान्य नागरिक संहिता रची जा रही है। न ही देश गरीब बच्चों की अच्छे स्कूलों में शिक्षा मिलने की कोई जुगत बन पाई है। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपने सरकारी निवास में अपने बच्चों की कंस्ट्रक्शन कंपनी के पंजीबद्ध कार्यालय बताए जाने के आरोप से बच नहीं पाए हैं।

भारतीय संसद और न्यायपालिका अंग्रेजी संस्थाओं की प्रतिकृतियां हैं। ब्रिटेन में बरायनाम लिखित संविधान है,क्योंकि वह परंपरा का वंशधर है। भारतीय संविधान में हमारे पुरखों की आत्मा नहीं बोलती। वह भारत की धरती में रोपा गया अंग्रेजी तेवर है,जिसमें कोशिश की गई है कि वह कहीं कहीं हिंदुस्तानी नस्ल का भी दिखे। उसमें अंग्रेजों के ज्यादा शैतान वंशज अमेरिकियों के न्यायिक ज्ञान की छौंक लगाई गई है। उसे संविधान की पांडित्यपूर्ण भाषा में मूल अधिकार कहते हैं। इन मूल अधिकारों को पाने के लिए अंग्रेजी प्रणाली की कुछ याचिकाएं उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में भी लगाई जा सकती हैं।

छोटे से देश इंग्लैंड की यह ढकोसला पद्धति भारतीय संविधान की सबसे कारगर प्रणाली के रूप में लिख तो दी गई। इस देश के करोड़ों गरीब उच्च न्यायालय तक ही महंगी न्याय व्यवस्था के कारण नहीं पहुंच पाते। सुप्रीम कोर्ट जाना तो देश के मध्य वर्ग तक के व्यक्ति के लिए असंभव है। सुप्रीम कोर्ट के बड़े वकील इतनी फीस लेते हैं कि उनकी कमाई देश के किसी उद्योगपति से ज्यादा होती है। पांडित्यपूर्ण शैली में न्याय पाने की महंगी कोशिशों को पैरवी करना कहा जाता है। एक बड़बोले आदेश को जो लागू ही नहीं हो पाता-न्याय का फतवा कहकर अखबारों और चैनलों की सुर्खियों में प्रचारित किया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट के कहने के बावजूद देश में सड़कें तो क्या सरकारी दफ्तरों में कोई सिगरेट पीना नहीं छोड़ रहा है। न ही गंगा समेत देश की नदियों में प्रदूषण रुक रहा है। न ही सामान्य नागरिक संहिता रची जा रही है। न ही देश गरीब बच्चों की अच्छे स्कूलों में शिक्षा मिलने की कोई जुगत बन पाई है। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपने सरकारी निवास में अपने बच्चों की कंस्ट्रक्शन कंपनी के पंजीबद्ध कार्यालय बताए जाने के आरोप से बच नहीं पाए हैं। न ही देश में ऐसा कोई कानून बन पाया है कि इस देश के मंत्रिगण, शीर्ष न्यायाधीश और नौकरशाह वैश्विक तथा देशी धनाढ्य कंपनियों के बड़े शेयर होल्डर नहीं बनें।

अंग्रेज सिखा गए कि न्यायाधीश कैसे भी निर्णय करें उनके विरुद्ध कोई मुकदमा नहीं चल सकता। न्यायाधीश खुलेआम घूस ले रहे हैं। कर्नाटक के मुख्य न्यायाधीश का मामला तो न्यायपालिका पर कलंक है। फिर भी बेशर्मी और कुर्सी का गहरा रिश्ता है। उच्च न्यायालय में कई संदिग्ध चरित्र के न्यायाधीश हैं। वरिष्ठ होने पर भी सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम उन्हें तरक्की देकर सुप्रीम कोर्ट में प्रोन्नत नहीं कर रहा है। इसके बावजूद वे अपनी न्यायप्रियता,नैतिकता और न्यायिक ज्ञान की डींगें मारते हुए पक्षकारों और वकीलों को तबाह किए हुए है। गांधीजी ने वकीलों को व्यवस्था का दलाल कहा था। क्या आज यह सच नहीं है? यही कटाक्ष उन्होंने न्यायाधीशों के लिए किया था। उच्च न्यायालयों में अंग्रेजी बोलने का संवैधानिक आदेश भारतीय जनजीवन और न्यायाधीशों की जुबान में लड़खड़ा रहा है। कई न्यायाधीश समझते तक नहीं कि ऑल इंग्लैंड रिपोर्टर तथा प्रिवी कौंसिल और सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों में अंग्रेज अपनी भाषा में क्या जुमले बांच रहा है,जिसका अनुवाद भारतीय न्याय कहा जा रहा है। यह बात उस बैरिस्टर ने लिखी थी,जिसने अपने छात्र जीवन में जस्टिनियन का रोमन लॉ पढ़ने के लिए लैटिन भाषा सीखी थी। अंग्रेज में जो अच्छी बातें हैं वह गांधी रखना चाहते थे। संविधान और कानून के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, अपनी परंपराओं को सहेजता उनका सामाजिक संस्कार जो शहर लंदन से लेकर शेक्सपियर के पुश्तैनी घर और आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय तक दिखाई देता है। आधुनिक सभ्यता के विरुद्ध चुनिंदा अंग्रेज विद्वानों की समझ जिनसे प्रेरित होकर गांधी ने ‘हिन्द स्वराज’ लिखी थी। यह अंग्रेज थे जिन्होंने संस्कृत के पुराने वैभव का पूरी दुनिया में प्रचार किया। उन्होंने अंग्रेजी नामक भाषा दी है। अपनी राजनीतिक बदनीयती के चलते हिन्दी को वह तबाह तो कर रही है, लेकिन अपनी मातृभाषा के प्रति प्रतिबद्धता का गुण उनमें कूट-कूटकर भरा है। गांधी अंग्रेज के गुणों के ग्राहक थे। इसलिए ‘भारत छोड़ो’ का उनका अर्थ अंग्रेज देह नहीं अंग्रेज आत्मा को छोड़ देने का था। गोरे अंग्रेज चले गए,लेकिन उनके काले दुर्गुण वे गेहुंए भारतीयों को उत्तराधिकार में सौंप गए।

सोशल फोरम

# गोल्ड के लिए चमत्कार की उम्मीद

बचपन से अखबार पढ़ने का शौक था। थोड़े और बड़े (आठवीं में) होने पर क्रिकेट सम्राट, इंडिया टुडे पढ़ने लगा था। अखबार में सबसे पहले खेल वाला पन्ना पढ़ता था। हर चार साल में ओलंपिक आते थे।

ओलंपिक के कुछ महीने पहले देश में एक दो हीरो पैदा होते थे,जो गॉड गिफ्टेड टैलेंट के साथ अपनी मेहनत से राष्ट्रीय,दक्षिण एशियाई (सार्क), कॉमनवेल्थ खेल कभी-कभी एशियाई खेलों में पदक जीत खबरों की सुर्खियों में छाए होते थे। एक माहौल बनता था कि इस बार ये ओलंपिक में कोई न कोई पदक ले आएगा/आएगी। भले ही उनका प्रदर्शन ओलंपिक फाइनल में क्वालिफाइंग लेवल का भी नहीं होता,लेकिन हम लोग चमत्कार की पूरी उम्मीद लगाए रहते।



इकबाल अहमद

लिम्बा राम,बहादुर प्रसाद, जसपाल राणा, लियेंडर पेस, रमेश कृष्णन इत्यादि इत्यादि कितने नाम हैं,जो अब भूल चुके हैं। सब अपनी मेहनत और कुदरती हुनर से वहां तक गए जहां तक उनकी आखिरी सीमा थी,लेकिन मेडल बस ऐसे ही मिलते,जैसे आज मिल रहे हैं। छुटफुट न कि बंच में। अक्सर बिना मेडल के भी हमारा सबसे बड़ा दल वापस आ जाता,जिसमें खिलाड़ी से ज्यादा अधिकारी होते थे। जिनका एक ही मकसद होता था, सरकारी पैसे से विदेश यात्रा और शॉपिंग। खिलाड़ियों को जरूरी हरबा-हथियार भी नहीं मिलता था। बीस-पचीस साल बाद भी कहानी वैसी ही है। एक सौ चालीस करोड़ आबादी का देश एक गोल्ड के लिए चमत्कार की उम्मीद आज भी करता है। एक शर्म का एहसास है,जो जाता नहीं,जब उनकी झोली के सैकड़ों पदक देखता हूं,जिनसे मुकाबला करने का दावा हम करते हैं। हम अपना आयुर्वेद, अपना खाना, अपना सोना, जागना सब कुछ उनसे श्रेष्ठ बताते आए हैं। फिर भी एक गोल्ड, सिर्फ एक गोल्ड के लिए ऊपर वाले की ओर देख प्लीज बोलते रहते हैं।

डेढ़ अरब की आबादी में से सौ डेढ़ सौ खिलाड़ी खोजकर उन्हें तैयार नहीं कर सकते कि उनका काम सिर्फ और सिर्फ ओलंपिक में गोल्ड लाना हो। बाकी रोजी रोटी की चिंता सरकार पर छोड़ दें। क्या दुनिया से जाते-जाते ऐसा होता देखने का सौभाग्य हमारी पीढ़ी को मिलेगा। **-फेसबुक वॉल से**

# लोक संस्कृति में नाग तत्व



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर



कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत की लोक संस्कृति में नाग तत्व बहुत व्यापक है। कश्मीर में बालादित्य से गोनंदवंश की समाप्ति और कर्कोटक नागवंश की स्थापना हुई। कश्मीर की जनसंख्या में नागों का बाहुल्य था। कश्मीर में नाग तीर्थ हैं। जलाशयों के साथ नाग शब्द जुड़ा हुआ है,जैसे-अनंतनाग। नागबोधि और नागार्जुन जैसे नाम मिलते हैं। बुद्ध के पश्चात् जब भारतवर्ष में बौद्ध धर्म का प्रचार हुआ तो कश्मीर में सर्वप्रथम नाग ही इसके अनुयायी हुए। कुछ विद्वान तो पाणिनि को गांधार के नागवंश से जोड़ते हैं। (धर्मयुग 10 अगस्त 1969)

ब्रज भूमि के चारो और नागों की बस्तियां थीं। लोकजीवन ने अनेक जटिल विधि-विधान, अनुष्ठान तथा विश्वासों और मिथकों को जोड़कर अपने जिस जातीय इतिहास को अपनी मौखिक परंपरा में जीवित रखा है,उसका महत्व नागराजाओं, नागकन्याओं और नागदेवताओं की उन मूर्तियों से तनिक भी कम नहीं,जो मथुरा के राजकीय संग्रहालय में सुरक्षित रखी हैं। नाग, यक्ष, दानव और असुर जैसी प्राचीन जातियों से गोपालक जातियों और क्षत्रिय कुलों के साथ जो संघर्ष हुआ तथा सांस्कृतिक अंतर्भुक्ति हुई,उनकी याद इन लोक गाथाओं में छिपी हुई है। मथुरा में नागटीला है। ब्रजमंडल के विभिन्न स्थलों से नाग मूर्तियां प्राप्त हुई हैं,सौख की खुदाई में वासुकिनाग की भव्यप्रतिमा प्राप्त हुई थी। मथुरा में नागफनों से युक्त जो मूर्तियां मिली हैं,इन्हें बलराम की मूर्ति माना जाता है। बलराम के रूप में प्रच्छन्न रूप में किसी समय ब्रज में नाग पूजा का प्रचलन था। कोटवन में शेषशायी मंदिर है। हरियाणा में सफीदों का संबंध सर्प दमन की कहानी से बताया जाता है। खांडव वन में नागजाति का निवास था,जनमेजय ने हरियाणा के सफीदों नामक स्थान पर नागयज्ञ किया था। राजस्थान में गोगाजी नागों के देवता के रूप में पूजे जाते हैं। राजस्थान के देवता वीर कल्लाजी (चार हाथों वाले देवता) शेषनाग का अवतार माने जाते हैं। बातां दी फुलवारी (विजयदान देथा) में सर्प और नाग से संबंधित राजस्थान की शताधिक लोककथाएं संकलित हैं। कुमाऊं में नाकुरी, राऊं में बैनी नाग, फैनी नाग, कालीनाग, धौली नाग, करकोटक, पिंगलनाग, खरहरी नाग और अठगुली नाग,नागद्यौं, पद्मद्यौं आदि स्थानों पर नागसंस्कृति के अवशेष हैं। बाला-भानिज, बलराम-कृष्णा, रितुरैण गोरिथना, अर्जुन वासुदंता तथा रामौलों की गाथाओं में नागों के उल्लेख हैं। हिमाचल में नागकथाएं प्रचलित रही हैं। जैसे कुल्लू में भोटती देवी और वासुकि नाग से अन्य नाग उत्पन्न हुए। एक कन्या द्वारा अट्ठारह नाग पैदा होने की कथा भी है। किन्नौर में भी नाग उत्पत्ति कथा है। चंबा और कांगड़ा में नाग मंदिर हैं। पंजाब जालंधर में सोढल देवता को शेष नाग का अवतार माना जाता है। चड्डा कुल की एक महिला जोहड़ में कपड़े धोने आई थी, उनका बालक सोढ़ी यहां डूब गया। उसने मां को दर्शन दिए और सर्प देवता का रूप ग्रहण कर लिया।

बंगाल में गंगा-दशहरा के दिन मनसा देवी की पूजा होती है,मनसा मंगल गाथा गाई जाती है। मनसा देवी की पूजा के बाद फिर नागपूजा होती है। लोक मान्यता है कि पंचमी के दिन घर के आंगन में नागफनी की शाखा पर मनसा देवी की पूजा करने से विष का भय नहीं रह जाता। ताराशंकर वन्द्योपाध्याय की नागकन्या की कहानी बंगाल में प्रचलित लोककहानी का ही रूप है,जिसमें गंगा के किनारे हिजलविल में मनसा मैया के बसेरा बांधने का प्रसंग है। (धर्मयुग 25 फरवरी 1979) बंगाल की संथाल जाति गोखुरा नाग को देवता मानती है।

प्राचीन काल में तमिलनाडु में नागों की पूजा प्रचलित थी। वहां नागपूजा के देवस्थल अभी भी हैं,नायर नाग के वंशज माने जाते हैं। नायरों द्वारा नागपूजा की जाती है। वे सांप के बिल से सुनहरी मिट्टी लाते हैं। चेन्नई के समीप नागपट्टम है,कहा जाता है कि यह प्राचीनकाल में नाग लोगों की राजधानी थी। नागरकोइल में नाग अम्मणि का मंदिर है,नागमलै आदि स्थान भी नागों के प्रति आदर के सूचक हैं। नागस्वामी, नागार्जुन, नागप्पन, नायनथिनम्, नागलिंगम्, नागनाथन्, नागम्मल, नागलक्ष्मी आदि नाम नाग संस्कृति से जुड़े हुए हैं। तमिलनाडु में पीपल की छाया में नाग-स्थल होते हैं,वहां सांपों की बांबियों में दूध,फल-फूल चढ़ाने और कर्पूर-आरती के बाद स्त्रियां प्रार्थना गीत भी गाती हैं।

इतिहासविदों का कहना है कि आंध्र लोग नाग जाति से संबंधित थे। हैदराबाद के नाग मंदिर अत्यधिक प्रसिद्ध है। मैसूर में दीमक के टीले पूजे जाते हैं,समझा जाता है कि यहां सर्प का वास होता है। केरल में पुराने समय में सर्पपूजा की प्रथा थी, पुल्लवर नामक जाति में सर्प-पूजा के गीत प्रचलित थे। नायर-परिवार में सर्प-नाग पूजा होती है। महाराष्ट्र के नागपुर का उल्लेख महाभारत में है। सतारा जिले के बत्तिस शिरालागांव में नाग मंदिर हैं। (डॉ. पुरुषोत्तम जयकृष्ण : भारत में नाग-सर्प पूजा : धर्मयुग 19 अगस्त 1969) गोवा में श्री नागेश हैं,गोवा के आदिवासी नाग की पूजा करते थे।

वर्तमान में अनेक जाति और जनजातियों के लोग अपने आपको नागों के वंशज कहते हैं- कइयों के गोत्र चिह्न नाग आधारित हैं। मध्य प्रदेश के मुआसी जनजाति के लोग (कोरकू) अपने को नाग पूर्वजों का वंशज मानते हैं। (जनसत्ता 30 जुलाई 1995) उड़ीसा में कार्तिक की चतुर्थी तिथि को पिंगल नाग की पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति में नागतत्व भी विद्यमान है। मध्य प्रदेश के मुआसी (कोरकूः करकोटक की शाखा) तथा नागवंशी अपने को सर्प-पूर्वजों के वंशज मानते हैं। राष्ट्रीय संग्रहालय में नागराजाओं, नागकन्याओं तथा नाग-देवताओं की मूर्तियां सुरक्षित है।

# बैंकों में बढ़ते पर्सनल लोन

हाल ही में बैंकों में पर्सनल लोन लेने का रिवाज तेजी से बढ़ा है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने पर्सनल लोन में हुई वृद्धि का हवाला दिया है। उन्होंने पर्सनल लोन के सट्टेबाजी के उपयोग के जोखिम पर जोर दिया है और इन प्रथाओं की पुनः समीक्षा करने का आग्रह भी किया है। बैंकों में पर्सनल लोन लेना अब बहुत आसान हो गया है। एक समय में बैंक पर्सनल लोन देने में बड़ी एतियात बरतते थे, लेकिन अब तमाम बैंक पर्सनल लोन देने में मददगार बने हुए है। वर्तमान में 10.49 प्रतिशत प्रति वर्ष की शुरुआती ब्याज दर पर पर्सनल लोन उपलब्ध है। हालांकि कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक इससे कम ब्याज दरों पर भी पर्सनल लोन दे सकते हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आवेदक को कितनी ब्याज दर पर पर्सनल लोन मिलेगा ये उसके क्रेडिट स्कोर, मासिक आय, जॉब प्रोफाइल, जैसे कारकों पर निर्भर करता है। इसलिए जो लोग बेस्ट पर्सनल लोन ऑफर प्राप्त करना चाहते हैं,उन्हें जितना हो सके,उतने बैंक/ लोन संस्थानों के पर्सनल लोन ऑफर की तुलना करनी चाहिए। पर्सनल लोन की बढ़ती मांग को देखते हुए कुछ बैंक तो मोबाइल एप पर लोन प्रोसेस कर रहे हैं तो कुछ शर्तें पूरी होने के बाद पांच और 10 मिनट में पर्सनल लोन देने का वायदा भी कर रहे हैं। आए दिन इसके विज्ञापन देखने को मिल रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर द्वारा मौद्रिक नीति समिति की हाल की मीटिंग में पर्सनल लोन देते समय सावधानी बरतने और उपयोग प्रयोजनों पर निगाह रखने और समीक्षा करने और उपचारात्मक कारवाई करने का निर्देश भी दिया गया है,जो सर्वथा उपयुक्त भी है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले से भड़की योगी सेना

## कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, लोगों को सुरक्षित निकालने का उठाया गया मुद्दा


डीएम कार्यालय परिसर पर प्रदर्शन करते योगी सेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के विरोध में नगर के सुभाष चौक पर कैंडल मार्च निकालते लोग।

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद फंसे हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर राष्ट्रीय योगी सेना ने डीएम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। साथ ही जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एमपी भारद्वाज ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद अराजकता का माहौल है। इसी अराजकता के बीच विशेष समुदाय के लोग हिंदू समाज के लोगों को चिह्नित कर प्रताड़ित कर रहे हैं। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रही है।

ऐसे में केंद्र व प्रदेश की सरकार भी बांग्लादेश में फंसे लोगों को अति शीघ्र निकालने का प्रयास करे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल कोली, हरि ओम, सोमपाल कोली, रविंद्र पाल, रामअवतार, किशन पाल, राम दयाल आदि मौजूद रहे।

**शक्तिफार्म:** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों से आहत क्षेत्र के लोगों ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष विष्णु पद प्रमाणिक के नेतृत्व में बैठक कर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले की निंदा की। पुलिस चौकी पहुंचकर चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। नगर के सुभाष चौक में कैंडल मार्च निकालकर इस्लामिक कट्टरपंथियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक, सुनील विश्वास, कार्तिक राय , गोपाल रावत, देबू मंडल, विजय बागला, रवि मजूमदार,संजय बाछाड़, विधान दास, प्रशांत मंडल,परेश मंडल आदि मौजूद थे। इधर आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के आह्वान पर लोगों ने सुभाष चौक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति के समक्ष इस्लामी कट्टरपंथी एवं बांग्लादेश में लोकतंत्र की हत्या करने वालों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामचंद्र राय, नरेश साना, सुखदेव चक्रवर्ती, अनूप राय, तापस पहाड़, राम गोपाल सरकार, विनय विश्वास, सुमित मंडल, शंकर मजूमदार, दिलीप विश्वास, माखन मंडल, रुद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### सोनू चड्ढा के निधन पर हुईं शोक सभाएं

**काशीपुर।** काशीपुर निवासी जसपाल सिंह चड्ढा के बड़े पुत्र गुरप्रीत सिंह चड्ढा (सोनू चड्ढा) के आकस्मिक निधन पर शहर के विभिन्न स्थानों पर शोक सभा हुई। जहां क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, समेत विभिन्न लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, निवर्तमान मेयर उषा चौधरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष शमशुद्दीन, भाजपा नेता राम मेहरोत्रा, दीपक बाली, आशीष गुप्ता, गुरविंदर सिंह चंडोक, खिलेन्द्र चौधरी, आशीष अरोरा बॉबी, आसिफ रजा मौजूद रहे।

### डॉ.अभय सक्सेना ने संभाला टीडीसी महाप्रबंधक का कार्यभार

**पंतनगर :** उत्तराखंड कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ.अभय सक्सेना ने शुक्रवार को उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम (टीडीसी) के महाप्रबंधक का कार्य संभाल लिया है। मुख्य कृषि अधिकारी एवं टीडीसी के महाप्रबंधक रहे डॉ. अजय कुमार वर्मा का बीते दिनों देहरादून स्थानांतरण हो गया था। डॉ. सक्सेना तीन वर्ष पूर्व भी उपरोक्त पद पर कार्य कर चुके हैं।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ब्रहमनगर ढ़कियाकला निवासी ऋषिपाल, कटोराताल निवासी मोहम्मद आजम व कानून गोयान निवासी रामा को कोर्ट में पेश किया गया।

## सार-संक्षेप


भाजपा झनकट मंडल की बैठक को संबोधित करते किसान आयोग उपाध्यक्ष राजपाल सिंह।

### भाजपा झनकट मंडल की बैठक में किया मंथन

**खटीमा :** हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी झनकट मंडल की बैठक में किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि 13 से 15 तक मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों, घरों में तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। यह भी कहा कि नगर के शहीद स्मारकों की स्वच्छता एवं माल्यार्पण किया जाएगा। सिद्धेश्वर महादेव शिव मंदिर कंजाबाग में हुई बैठक में किसान आयोग उपाध्यक्ष सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा को विशेष रूप से इस अभियान में लगना है। युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 14 को विभाजन की विभीषिका कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट, जिला मंत्री किशोर जोशी, जिला मंत्री भुवन जोशी, अंजू देवी, मंडल महामंत्री महेश राणा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनीता ज्याला, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरेंद्र राणा, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरीश वर्मा, राजनाथ सिंह, गोकुल ओली, प्रेम महर, दीपक भट्ट आदि उपस्थित रहे।


नगर निगम में पर्यावरण मित्रों को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### नगर निगम में दो पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

**काशीपुर :** आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की मांगें पूरी होने पर उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने दो पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। शुक्रवार को नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य हर्ष रत्नाकर व अमित टांक का पगड़ी व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं संगठन के प्रदेश सचिव जितेंद्र देवांतक ने कहा कि बीते लंबे समय से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पांच सौ रुपये मानदेय व साप्ताहिक अवकाश देने की मांग की जा रही थी। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल, सरिता आर्या, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, विकास शर्मा, राजीव कुमार, राजीव कुमार, संजय कुमार, राजेश, अनीता, रिंकू, अमित कुमार, मोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

# नाग पंचमी पर काल सर्प दोष निवारण पूजा की

**संवाददाता, काशीपुर**


बाजपुर के संकट मोचन श्रीबालाजी घाटा मंदिर में नागपंचमी पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्रावण मास की नागपंचमी के अवसर पर काशीपुर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शिवालयों में श्रद्धालुओं ने नाग देवता को दूध, चना, बताशा, फूल आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। साथ ही घर-परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।

शुक्रवार को नागपंचमी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने नाग देवता व भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं कालसर्प दोष के निवारण के लिए हवन-यज्ञ किया। साथ ही शिव मंदिरों में कालसर्प दोष निवारण के लिए चांदी से बने नाग-नागिन अर्पित किए। शहर के प्राचीन शक्ति मंदिर, प्राचीन लेख मोटेश्वर महादेव, श्री नागनाथ मंदिर, बांसियोंवाला शिव मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं ने अराधना की। वहीं घरों में भी लोगों ने नाग देवता की पूजा-अर्चना कर आरती की।

**बाजपुर:** मोहल्ला बांकेनगर स्थित संकट मोचन श्रीबालाजी घाटा मंदिर में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने कालसर्प दोष के निवारण के लिए पूजा-अर्चना की। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने नागदेव को दूध पिलाया और दान दक्षिणा भी दी।


नाग पंचमी के अवसर पर शिवालयों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार


खटीमा में मंदिर निर्माण समिति के गठन को लेकर उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

### रघुवीर अध्यक्ष और महेश बने सचिव

**खटीमा :** अमर कॉलोनी और महोलिया कॉलोनी निवासियों की संयुक्त बैठक में मंदिर निर्माण कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण के लिए एक समिति का गठन किया जाय। बैठक में समिति के संरक्षक मंडल के लिए बुद्धि बल्लभ जोशी, जगदीश चंद्र भट्ट, दान सिंह सामंत, हेम कन्याल, मोहन चंद्र रजवार, हयात सिंह ठकुराठी और लीलाधर जोशी को शामिल किया गया है। वहीं रघुवीर चंद को अध्यक्ष, विजय चंद और जसपाल सिंह धामी को उपाध्यक्ष, सरस्वती ठकुराठी और पार्वती भट्ट को महिला उपाध्यक्ष, महेश चंद्र कापड़ी को सचिव, भोपाल चंद और आनंद सिंह सामंत उपसचिव, शांति गोस्वामी को महिला उपसचिव, मान सिंह चड्डा को कोषाध्यक्ष तथा प्रेम सिंह पोखरिया और जनार्दन भट्ट को आय व्यय निरीक्षक चुना गया। इसके अतिरिक्त समिति में पंकज रावत किशन जोशी, राजेंद्र जोशी, नीरज भंडारी, शिव सिंह गोबाड़ी, ममता भाट, मीना भंडारी, अनीता देवी, काम कमला जोशी और भावना सामंत को सदस्य चुना गया।


बाजपुरमें बैठक की शुरुआत करते भाजपा मंडल प्रभारी सर्वजीत सिंह।

### 13 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलेगा

**बाजपुर :** बाजपुर क्षेत्र में 11 से 13 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा, जिसमें युवाओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके अतिरिक्त 14 व 15 अगस्त को बूथ अध्यक्ष घर-घर जाकर तिरंगा झंडा लहराएंगे। शुक्रवार को मंडी समिति गेस्ट हाउस में मंडल प्रभारी सर्वजीत सिंह की अगुवाई में हुई भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में यह बात कही गई। संचालन मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मंजीत सिंह राजू, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, मंडल महामंत्री नरेंद्र चौधरी, विकास गुप्ता, विमल शर्मा, राजकुमार, कन्नू जोशी आदि मौजूद रहे।


किच्छा में झूला झूलकर तीज पर्व मनाती महिलाएं। ● अमृत विचार

### किच्छा में महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से मनाया तीज का पर्व

**किच्छा :** हरियाली तीज के मौके पर महिलाओं ने नगर के आवास विकास स्थित चाचा नेहरू पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर एक दूसरे को तीज पर्व की बधाई दी। चाचा नेहरू पार्क में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने झूले को सुंदर तरीके से सजाया और एक दूसरे को झूला झुलाते हुए तीज पर्व मनाया। मौके पर वरिष्ठ नेत्री दया डसीला, प्रेमलता चौहान, सीता किशोर, डॉ संगीता शर्मा, पूनम अग्रवाल, रितु अग्रवाल, गीता डसीला, नितिका सिंह, आकांक्षा, निशा डसीला, दिव्यांशी शर्मा, संगीता सिंह, शैल शुक्ला, रेणुका चौधरी, प्रतिभा देवी, ज्योति आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

**संवाददाता, किच्छा**


किच्छा में ध्वजारोहण करते मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य लोग।

**अमृत विचार :** अगस्त क्रांति दिवस के मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

निकटवर्ती ग्राम नारायणपुर तिराहे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, भाजपा के जिला प्रभारी पुष्कर काला ने संयुक्त रूप से ध्वजा रोहण कर कीर्ति स्तंभ पर पुष्प चक्र अर्पित किए। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि अगस्त क्रांति दिवस भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी पुष्कर काला ने कहा कि अगस्त क्रांति दिवस भारतीय इतिहास में एक स्वर्णिम पन्ना है, इस दिन देश के लाखों देश भक्तों ने स्वतंत्रता की ज्वाला को प्रज्वलित किया था। वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी जय गोविंद मानिक एवं टेंगरी यादव को मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, जिला प्रभारी पुष्कर काला ने संयुक्त रूप से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, ठाकुर संजीव कुमार सिंह, राजेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य बंटी खुराना, धर्मराज जायसवाल, राजेश तिवारी, जोगिंदर सिंह, जितेंद्र गौतम, मूलचंद राठौर आदि मौजूद रहे।


खटीमा में कांस्य पदक जीतने वाले अमित चंद्र भट्ट के साथ प्रबंधन। ● अमृत विचार

### सरस्वती एकेडमी के अमित ने जीता कांस्य पदक

**खटीमा :** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की सब जूनियर जूडो कराटे के 55 किग्रा भार वर्ग में सरस्वती एकेडमी बिगराबाग के छात्र अमित चन्द्र भट्ट ने कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता सहारनपुर में चार से छह अगस्त तक आयोजित की गई थी। अमित की इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल, प्रशासिका विनीता चंद, प्रबंधक राजेश पाल, प्रधानाचार्य रामयस, खेल प्रशिक्षक कृष्ण कुमार साना ने बधाई दी है।


बाजपुर के पीजी कॉलेज में ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### रिक्त सीटों पर प्रवेश देने की मांग उठाई

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को पढ़ाई का मौका देने की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने प्राचार्य को संबोधित ज्ञापन दिया है। शुक्रवार को छात्रसंघ पदाधिकारी एवं कुछ विद्यार्थी एकत्रित होकर महाविद्यालय पहुंचे और प्राचार्य को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया कि बीए- बीकाम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर, एमए, एमएससी, एमकाम प्रथम सेमेस्टर एवं योगा डिप्लोमा में अधिकतर विद्यार्थी सामर्थ पोर्टल में रजिस्ट्रेशन एवं फीस जमा नहीं कर पाए हैं, जबकि महाविद्यालय में सीटें रिक्त हैं। ऐसे में सामर्थ पोर्टल को पुन: शुरू करवाकर विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन करने का एक मौका और दिया जाए, ताकि विद्यार्थी महाविद्यालय में प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष प्रशांत भट्ट, महेंद्र सिंह बोहरा, सुधीर सक्सेना, अनुज आदि मौजूद रहे।

**परीक्षा** | भारत विकास परिषद की ओर से किया गया प्रतियोगिता का आयोजन

# 'भारत को जानो' में 2540 बच्चों ने की शिरकत


सितारगंज में आयोजित भारत जानो प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

**संवाददाता, सितारगंज**

**अमृत विचार:** प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली भारत जानो प्रतियोगिता का आयोजन परिषद द्वारा प्रत्येक शाखा स्तर पर किया गया। प्रांतीय मीडिया प्रभारी महेश मित्तल ने बताया कि सितारगंज शाखा द्वारा नगर के 11 स्कूलों के 2540 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता से बच्चों का मानसिक विकास होता है और पीसीएस की तैयारी में भी बहुत सार्थक परिणाम मिलते हैं। इस मौके पर अजीत सिंह जोशी, अमित गोयल, सुरेश जैन, अनंत प्रकाश शुक्ला, मोहन कुमार, राजकुमार सिड़ाना मौजूद रहे।

### खटीमा में परीक्षा संपन्न

**खटीमा :** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता क्षेत्र के 18 विद्यालयों में आयोजित की गई। परीक्षा में शिक्षा भारती इंटर कॉलेज, डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी, नोजगे पब्लिक स्कूल, सर्राफ पब्लिक स्कूल, राणा प्रताप इंटर कालेज, आरएलके स्कूल, अल्केमिस्ट एकेडमी, हिंद पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, हेल्पलाइन पब्लिक स्कूल आदि शामिल थे। 18 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 5000 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। परिषद के अध्यक्ष सुनील रैदानी, नीरज रस्तोगी, अमरनाथ गोयल, दीपक बत्रा, सतीश गोयल, संतोष अग्रवाल, संतोष गुप्ता मौजूद रहे।


क्षत्रिय महासभा प्रतिनिधि मंडल के साथ कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान।

### पंतनगर में प्रथम कुलपति की प्रतिमा लगाने की मांग

**पंतनगर :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को प्रतिनिधि मंडल के साथ कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान से मुलाकात की। उन्होंने परिसर में विवि के सह संस्थापक और प्रथम कुलपति राजा भद्री नारायण सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग की। संजीव ने कुलपति को बताया कि भदरी स्टेट के राजा भद्री नारायण सिंह ने पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय को 16 हजार एकड़ भूमि दान में दी थी, जिससे यहां कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जा सके और इस विवि में शिक्षा ग्रहण कर विद्यार्थी हरितक्रांति के माध्यम से देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें। बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भद्री नारायण सिंह पंतनगर विवि के सह संस्थापक और प्रथम कुलपति भी रहे हैं। इसलिए ऐसे महापुरुष की प्रतिमा विवि में स्थापित होनी आवश्यक है। इस दौरान पूर्व पूटा अध्यक्ष डॉ. रोहिताश्व सिंह, एडवोकेट हरीश कुमार सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, अशोक सिंह, उदयराज सिंह, धनंजय सिंह व नवीन सिंह मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

## शक्तिफार्म में दूसरे दिन बालक वर्ग का ट्रायल, जसपुर में जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन किया

संवाददाता, शक्तिफार्म/जसपुर

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में तीन दिवसीय मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग का ट्रायल प्रतियोगिता संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 30 मी फ्लाइंग रन, वर्टिकल जंप, मेडिसिन बॉल पुट, 6×10 शटल रन, 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता संपन्न हुई।

प्रतियोगिता में ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार, पंकज राय, बलबीर सिंह, प्रदीप कुमार, त्रिलोचन जोशी, नवीन चंद शर्मा, लीला रौतेला, प्रकाश बोरा, रामजन्म सिंह चौहान, देवेंद्र कुमार राय, नवनीत राव, निर्मल सरकार, मनीष सक्सेना, गौरव विनवाल आदि मौजूद रहे।




शक्तिफार्म में जीतने के लिए जूझते खिलाड़ी और जसपुर में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते बीएसवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य।

इधर, जसपुर में भी मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत 14 से 23 वर्ष विभिन्न आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन खिलाड़ी योजना के तहत बीएसवी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य पीयूष कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। ब्लॉक खेल समन्वयक केशव सिंह, सुभाष चंद्र, केशव सिंह, संजय वर्मा, तस्लीम अहमद, रवि कुमार, विजेंद्र सिंह, अनूप सिंह, राजेश चौधरी, विजय राज सैनी, ताविंदा अली, नीतू चौधरी, कुसुम लता, नूतन रवि, अलका सक्सेना, लता रानी, श्वेता नेगी, स्वतंत्र कुमार गहलोत आदि थे।

# युवा कांग्रेस ने मनाया 64वां स्थापना दिवस

आयोजन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** भारतीय युवा कांग्रेस के 64वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने झंडारोहण कर किया। इस दौरान कांग्रेस पीसीसी सदस्य उमेश राठौर बॉबी ने कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई। स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर पौधरोपण किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र आर्य, नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा सोन, दान सिंह राणा, जसविंदर सिंह, राशिद अंसारी, राज किशोर सक्सेना, रमेश रौतेला, दीपक चंद, नीरज कन्याल, दीपक मुंडेला, लक्ष्मण सिंह राणा, अरविंद कुमार, ललित सामंत, गौर सिंह राणा, छोटे लाल, हिमांशु भट्ट, फूलवती देवी आदि मौजूद थे।



खटीमा में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाते पीसीसी उमेश राठौर।

## सार-संक्षेप




जनसंपर्क करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### ग्राम मेघा वाला में जनसंपर्क किया

**जसपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ग्राम मेघा वाला में जनसंपर्क कर लोगों को लीगल सर्विसेज टू सीनियर सिटीजन स्कीम 2016 की जानकारी दी गई। वरिष्ठ नागरिकों को सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त इंटरनेट, सोशल मीडिया, नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, टोल फ्री नंबर की जानकारी भी दी गई। जनसंपर्क में टीम नंबर 15 के पैनल अधिवक्ता प्रदीप कुमार, पीएलवी वीर सिंह गौतम, मुनेश कुमारी, लता देवी आदि शामिल रहे।

### दमकल विभाग ने गिरीताल में डूब रहे युवक बचाया

**काशीपुर :** काशीपुर के गिरीताल में एक युवक के डूबने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने युवक को सकुशल रेस्क्यू किया। इसके बाद युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दमकल विभाग के लीडिंग फायरमैन चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि शुक्रवार रात एक युवक के गिरीताल में डूबने की सूचना मिली। इसके बाद फायर यूनिट मय उपकरणों के घटनास्थल के लिए रवाना हुई। जहां कर्मियों की मदद से गिरीताल में डूब रहे युवक का रेस्क्यू किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में युवक ने अपना नाम गड्ढा कॉलोनी निवासी राहुल पुत्र किशोर राम बताया। घायल युवक का सरकारी अस्पताल में इलाज कराया गया। बाद में युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



गूलरभोज में महिला कर्मकारों को किट वितरण करते अधिकारी।

### श्रम विभाग ने 63 महिला कर्मकारों को बांटे किट

**गूलरभोज :** महिलाओं को रोजगार परक बनाने के लिए श्रम विभाग द्वारा 63 महिला कर्मकारों को किट वितरण किए। शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अरविंद पांडेय के कैंप कार्यालय में आयोजित शिविर में श्रम विभाग अधिकारी दीपू मनराल ने शासन के निर्देश पर 63 महिला कामगारों को रोजगार के लिए किट वितरण किए। कूल्हा उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, हरवंश कौर, तारा देवी, गुड्डों देवी, हेमा देवी, आशा देवी, चंचल देऊपा, झनको देवी, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू मौजूद थीं।

# एनएसएस प्रमाणपत्र के लिए होंगे रजिस्ट्रेशन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना बी और सी प्रमाणपत्र परीक्षा-2024 -25 के लिए स्वयंसेवकों के ओएमआर शीट के स्थान पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। इसके लिए सचिव विद्यालयीय शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा सभी मुख्य शिक्षाधिकारियों को पत्र के माध्यम से जिले के विद्यालयों में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना में बी और सी के लिए पात्र स्वयंसेवकों की संख्या एवं विद्यालयों की सामान्य जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक के माध्यम से मांगी गई है।



एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा।

जिला समन्वयक ऊधमसिंहनगर धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने सचिव विद्यालयीय शिक्षा परिषद रामनगर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का फैसला एक अच्छा कदम है, इससे समय की बचत के साथ ही स्वयंसेवकों के विवरण में त्रुटि होने की संभावना नहीं रहेगी। स्वयंसेवकों के विवरण में सुधार विद्यालय स्तर से ही किया जा सकेगा। उन्होंने सभी कार्यक्रम अधिकारियों और प्रधानाचार्य से अनुरोध किया है कि समय पर सूचना उपलब्ध कराएं, ताकि उसे बोर्ड कार्यालय को प्रेषित किया जा सके। इसके साथ ही कार्यक्रम अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की गई है।

# सुखमय जीवन के लिए देवाधिदेव महादेव की आराधना करना जरूरी

संवाददाता, गरमपानी

**आस्था**

- श्रद्धालुओं से किया धर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान
- बढेरी महादेव मंदिर में शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ से माहौल शिवमय
- गांवों से उमड़ रहे सैकड़ों श्रद्धालु, भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान हुई कोसी घाटी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के बढेरी गांव में संगीतमय शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ से माहौल शिवमय बना हुआ है। कथा श्रवण को आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी है। मंदिर समिति सदस्य दिनभर व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं।

जीवनदायिनी कोसी नदी के तट पर स्थित बढेरी महादेव मंदिर में रोजाना की तरह धर्माचार्य उमेश पांडे ने यजमान बिशन सिंह जंतवाल, प्रेमा देवी, किसन सिंह, गंगा देवी से विधी विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। विशेष मंत्रोच्चार के साथ गांवों की खुशहाली को प्रार्थना की गई। महंत पंकज की देखरेख में हुए कार्यक्रम में कथा व्यास आचार्य भानू पांडे ने भगवान शिव की लीलाओं का गुणगान किया। कथा व्यास ने बताया की भगवान शिव संसार के कण कण में विराजमान हैं। कहा की शिवमहापुराण की कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। भगवान शिव की भक्ति उनकी गाथाओं का श्रवण करना चाहिए ताकि हमारा मानस जन्म सुखमय बन सके। कथा व्यास ने श्रद्धालुओं से धर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया। भजन मंडली ने शानदार भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कथा श्रवण को आसपास के धारी, खैरनी, हल्सों, धनियाकोट, सिमलखा, बर्धो, बसगांव, सोनगांव, गरमपानी, खैरना, लोहाली, भुजान आदि तमाम गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। देवाधिदेव महादेव के जयकारों से समूचा माहौल गुंजायमान हो उठा। मंदिर समिति सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# क्षतिग्रस्त मार्ग को लेकर प्रदर्शन आज

**दिनेशपुर:** वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास ने कांग्रेस द्वारा मटकोटा- गदरपुर क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को प्रातः 8 बजे से रेलवे फाटक छतरपुर से दिनेशपुर तक पद यात्रा को सफल बनाने के लिए क्षेत्रवासियों से अपील की।

पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास ने कहा सोई हुई भाजपा सरकार को जागने के लिए जनचेतना अभियान चलाकर प्रदेश की भाजपा सरकार को जगाने के लिए सड़क को लेकर सड़क पर प्रदर्शन करना जरूरी था। उन्होंने क्षेत्रवासियों से प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है।

# आवारा कुत्तों से निजात दिलाएं

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** आतंक का पर्याय बने आवारा कटखने कुत्तों से निजात दिलाने की मांग को लेकर नगरवासियों ने नगर पंचायत केलाखेड़ा के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को कुछ लोग नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे, जहां ईओ आदेश कुमार से मुलाकात कर कटखने कुत्तों की वजह से बनी समस्या के बारे में जानकारी दी। साथ ही ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना था कि आए दिन आवारा कुत्ते किसी न किसी को अपना शिकार बना रहे हैं। गुरुवार को दोपहर बाद डेढ़ बजे जामा मस्जिद रोड पर आवारा कुत्तों ने सुहेब पुत्र हाजी रहीस, वार्ड नंबर-4 निवासी अरसद पुत्र इसरत अली, वार्ड नंबर-9 निवासी सुहेल पुत्र शरीफ, वार्ड नंबर-एक निवासी एक युवक को काट लिया। जिसमें सुहेब को बाजपुर से मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया है, जबकि सुहेल का बाजपुर हास्पिटल में इलाज चल रहा है। यह आवारा कुत्ते कभी भी किसी को बुरी तरह काट कर जख्मी कर रहे हैं जिससे किसी की भी जान जाने का खतरा है। आवारा कुत्ते दर्जनों की संख्या में रहते हैं और आने-जाने वाले वाहनों और बाइक चालकों के पीछे दौड़ते हैं जिसमें राहगीर कई बार गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। वहीं ईओ ने आवारा कुत्तों को पकड़कर जंगल में छोड़ने की बात कही है। इस मौके पर अब्दुल्लाह पठान, साजिद अंसारी, दानिश अंसारी, सरफराज तुर्क, रियाज सैफी, फरमान अल्वी, समीर खान, गौरव सैनी आदि मौजूद रहे।



केलाखेड़ा नगर पंचायत में ईओ आदेश कुमार को ज्ञापन सौंपते नगरवासी।

# ट्रामा सेंटर में विशेषज्ञों की नियुक्ति की मांग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** आदर्श नगर कवि नगर के दर्जनों लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर काशीपुर के सरकारी अस्पताल में करोड़ों की लागत से निर्मित ट्रामा सेंटर का संचालन किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों, तकनीकी सहायकों की नियुक्ति न होने से ट्रामा सेंटर सफेद हाथी साबित हो रहा है।

शुक्रवार को आदर्श नगर, कवि नगर समेत अन्य क्षेत्रों से दर्जनों की संख्या में लोग सामाजिक कार्यकर्ता कुसुम लता बौड़ाई के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके पेशकार को स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि काशीपुर के अस्पताल में स्थानीय के अलावा कुमाऊं व गढ़वाल के दूरस्थ क्षेत्रों से भी दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति इलाज के लिए आते हैं। इसे देखते हुए यहां वर्ष 2008 में ट्रामा सेंटर की स्थापना की गई थी। लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों, तकनीकी सहायकों व उपकरणों के अभाव में 16 साल बाद भी शुरु नहीं हो सका है। इससे सरकार की असंवेदनशीलता झलकती है। उन्होंने ट्रामा सेंटर के लिए जरुरी स्टाफ की नियुक्ति व उपकरणों की व्यवस्था करने की मांग की। ताकि क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए जहां-तहां न भटकना पड़े। ज्ञापन देने वालों में उक्रांद जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र बौड़ाई, एडवोकेट प्रीती शर्मा, हीरा देवी, मनोज रावत, मनोज बिष्ट आदि मौजूद थे।


## वर्ग पहेली-157

**बाएं से दाएं**

1. रह-रह कर, किसी समय, किसी अवसर पर, कुछ समयांतराल पर।
2. कंजूस, कृपण।
5. न्यायाधीश 1. न्यायालय या अधिकरण संबंधी 2. न्यायालय या अधिकरण के आदेश से होने वाला।
7. आघात करने या ठोंकने से होने वाला ठक शब्द।
8. स्वयं, आप, मैं।

**ऊपर से नीचे**

3. जो ख़ूब मज़ाक करता हो, हंसोड़, विनोदप्रिय।
4. 1. तारों से भरा 2. तारा, नक्षत्र 3. एक चिह्न (3) जो पाद-टिप्पणी के संकेत आदि में किसी शब्द की कोई विशेषता सूचित करने के लिए लगाया जाता है 4. आंख की पुतली 5. नौका 6. एक मंत्र 7. एक पौराणिक दैत्य जो इंद्र का शत्रु था 8. एक उपनिषद।
5. 1. कांपा हुआ, थरथराया हुआ 2. हिला हुआ 3. भयभीत, डरा हुआ।
6. काठ की तरह शुष्क हृदयवाला, निष्ठुर, निर्मम।



### वर्ग पहेली -156 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 दं | | 2 फ़े | | |
| 3 रे | डि | ए | श | न | |
| | का | | ने | | 4 इ |
| 5 श | | | 6 ब | न | ना |
| 7 ह | ड़ि | य | ल | | म |
| व | | | | 8 गुं | |
| 9 त | ट | क | | ची | |

## सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 5 | | | |
| | | 1 | | 9 | | | 6 | |
| | | 7 | 1 | | 6 | 5 | 4 | 8 |
| | | 6 | 3 | | | | 5 | |
| | | 9 | 2 | | 7 | 4 | | |
| | 1 | | | | 8 | 7 | | |
| 3 | 5 | 8 | 9 | | 1 | 2 | | |
| | 7 | | | 2 | | 1 | | |
| | | | 8 | | 4 | | | |

### सुडोकू -69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 8 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अगस्त शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा। प्रेमी जन की भावनाओं का सम्मान करें। अनुभवी लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति काफी बेहतरीन रहने वाली है। नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

**वृष** — आज दुर्व्यसनों से बचने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। शाम के समय रुके हुए सरकारी मामले हल होने की संभावना बन रही है। ब्याज में उधार धन देने वालों को बड़ा नुकसान हो सकता है।

**मिथुन** — आज दूसरों के साथ दिखावा करने से आपके काम बिगड़ सकते हैं। बच्चों को अपने माता-पिता के प्रति सेवा भाव रखना चाहिए। परिजनों का सहयोग लेना न भूलें। उच्च शिक्षा में परेशानी का अनुभव कर सकते हैं।

**कर्क** — आज संपत्ति के मामलों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। छात्रों को किसी विषय को समझने में कठिनाई अनुभूत होगी। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। दिनचर्या थोड़ी अनियमित रहने की संभावना है। बड़े भाई-बहन आपकी काफी मदद करेंगे।

**सिंह** — आज आपके सपने साकार हो सकते हैं। बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। अपना पूरा ध्यान अपने काम पर लगायें। सीनियर्स आपको अच्छा सहयोग देंगे। मन में किसी तरह की दुविधा दूर होगी। सगे संबंधियों का घर पर आगमन हो सकता है।

**कन्या** — आज आप जिन कार्यों को सरल समझ रहे थे वो आपको परेशान कर सकते हैं। अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर कम हो सकता है। इसीलिए आपको अपने प्रदर्शन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा।

**तुला** — आज दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। निर्धारित लक्ष्यों को समय से पहले पूर्ण कर लेंगे। व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। घर में कोई धामिक आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज मीडिया से जुड़े लोगों को थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के शुरुआती भाग में करना सुखद होगा। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकते हैं। अनावश्यक और कम जरूरी कार्यों में आपका समय बर्बाद हो सकता है।


**धनु** — आज स्वास्थ्य समस्या की परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। बच्चे ऑनलाइन गतिविधियों में काफी व्यस्त रहेंगे। प्रभावशाली लोगों से आपके संबंध मजबूत होंगे। अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए काम करेंगे। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर** — आज आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी। अपना गुस्सा बच्चों पर निकालने से बचें। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको व्यापार बढ़ाने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**कुंभ** — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। नया व्यापार शुरू करने के योग बन रहे हैं। दूसरों से आगे निकलने के लिए काफी मेहनत करेंगे। आप स्वयं को काफी तरोताजा महसूस करेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियां आपके ऊपर बढ़ सकती हैं।

**मीन** — आज बदलते हुए मौसम को लेकर सावधान रहें। स्वभाव में अपरिपक्वता के कारण आपका प्रभाव कमजोर होगा। महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। मित्रों के साथ अनबन होने की आशंका है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा पूर्ण रात्रि तक।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मेला — सुबह : 11.07
- लोहा — शाम : 04.24

&pictures
- खिलाड़ी 786 — सुबह : 11.00
- जनहित में जारी — रात : 08.00

SONY PIX
- वेनम — सुबह : 11.11
- मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- कोई...मिल गया — सुबह : 10.11
- किसी का भाई किसी की जान — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- वेनम — दोपहर : 12.00
- हनु-मान — रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भाभी जी- भैया एक अच्छी चप्पल दिखाओ
दुकानदार- दिखाता हूं, भाभी जी
दुकानदार- ये वाली अच्छी है।
भाभी जी-नहीं
दस चप्पल दिखाने के बाद दुकानदार- मैंने आपको दुकान की एक-एक चप्पल दिखा दी अब तो एक भी बाकी नहीं है।
भाभी - वो सामने वाले डिब्बे में क्या है?
दुकानदार हाथ जोड़ते हुए- भाभी जी, रहम करें थोड़ा, उसमें मेरा लंच है।

पति- परसों मेरी बीवी कुएं में गिर गई, बहुत चोट लगी, बहुत चिल्ला रही थी।
डॉक्टर- अब तबियत कैसी है?
पति- अब ठीक है, कल से कुएं से आवाज नहीं आई।



अल्मोड़ा जिला कारागार में शुक्रवार को अगस्त क्रांति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार



अल्मोड़ा में शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी सम्मान यात्रा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# अगस्त क्रांति दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया

## ऐतिहासिक जिला कारागार में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, महान स्वाधीनता सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर ऐतिहासिक जेल अल्मोड़ा में अगस्त क्रांति दिवस मनाया गया। इस मौके पर नेहरू वार्ड में राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदानों का याद किया गया।

शुक्रवार को जिला कारागार में आयोजित अगस्त क्रांति दिवस पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, तहसीलदार ज्योति धपवाल ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी को अपने हृदय में संकल्प लेकर देश हित के लिए कार्य करने चाहिए। पालिकाध्यक्ष जोशी ने कहा कि महात्मा गांधी की अगुवाई में हुए इस आंदोलन से ही देश को आजादी मिली। अल्मोड़ा का आजादी की लड़ाई में गौरवशाली इतिहास रहा है। तहसीलदार ने कहा कि नौ अगस्त का दिन भारत छोड़ो आंदोलन की अगस्त क्रांति में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सेनानियों को याद करने का दिन है। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भारत छोड़ो आंदोलन के इतिहास, तत्कालीन परिस्थितियों आदि के बारे में अपने-अपने विचार रखे। यहां प्रो. बीडीएस नेगी, डे केयर संस्था के अध्यक्ष हेम चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।


रानीखेत में आजादी के अमर शहीदों को याद करते कांग्रेसजन। ● अमृत विचार

### विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

अगस्त क्रांति दिवस पर अल्मोड़ा जेल में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर छात्रों ने देश भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को तालियां बजाने में मजबूर कर दिया। वहीं, छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी।

### आजादी के अमर शहीदों को किया याद

**रानीखेत :** अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेसियों ने आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर सपूतों तथा ब्रितानी हुकूमत से लोहा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भावपूर्ण स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि मुंबई में भड़की क्रांति की चिंगारी पूरे देश के साथ ही रानीखेत में भी पहुंची थी। पीसीसी सदस्य कैलाश पांडे ने कहा कि यहां ब्रितानी शासक के निर्देश पर पुलिस ने दमन शुरू किया। रानीखेत मोटर कंपनी के पास कांग्रेस पार्टी के कार्यालय से पं. जयदत्त वैला, भूपाल सिंह खाती, मनोहर भट्ट आदि आजादी के दीवाने गिरफ्तार कर जेलों में बंद कर दिए गए। कहा गया कि उन्हीं महान क्रांतिकारियों के त्याग व बलिदान की बदौलत भारत आजाद हुआ। एक सुर से स्वतंत्रता सेनानियों व अमर सपूतों के विचारों को आत्मसात कर देश की अखंडता के लिये कदम बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जनो ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पंडित देवकिनदंन पाण्डे पद्मश्री, पंडित मदन मोहन उपाध्याय रामसिंह बिष्ट, पं कमलाकान्त तिवारी, भगीरथ पाण्डे, देव सिंह कुवार्बी, पद्मा दत्त तिवारी, बुद्धि सिंह सहित समस्त स्वतंत्रता सेनानियों का भी भावपूर्ण स्मरण किया गया।

### अगस्त क्रांति पर कांग्रेस ने किया शहीदों को याद

**बागेश्वर :** जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अगस्त क्रांति के अवसर पर शहीदां का याद किया तथा श्रदधासुमन अर्पित किए। इस दौरान वक्ताओं ने उनके सपनों के भारत के निर्माण की आवश्यकता जताई। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अगस्त क्रांति पर शहीदों को याद किया तथा महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस आदि के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री कवि जोशी, कुंदन गिरी, लक्ष्मी धर्मसत्तू, सुनील पांडे, ललित फर्स्वाण, गोकुल परिहार, दिव्यांशु कुमार, राजेंद्र सिंह परिहार, राजेंद्र टंगणियां आदि उपस्थित थे। इसके बाद युवा कांग्रेस ने एक पेड़ भारत के भविष्य के लिए कार्यक्रम के तहत नीलेश्वर मंदिर में पौधरोपण किया।

### स्वतंत्रता सेनानी सम्मान यात्रा में उमड़े लोग

**अल्मोड़ा :** अगस्त क्रांति दिवस पर अल्मोड़ा नगर में शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी सम्मान यात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर भारत माता के नारों से गूंज उठा। वहीं, चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में सभा का आयोजन कर अगस्त क्रांति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन की ओर से आयोजित यात्रा का पंडित गोविंद बल्लभ पंत पार्क से शुभारंभ किया गया। इस दौरान भारत रत्न पंडित की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। गांधी पार्क में विधायक मनोज तिवारी और निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द जोशी ने शहीदों व सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में नौ अगस्त को अगस्त क्रांति के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन शुरू कर महात्मा गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष कमलेश पांडे, तारा चंद्र साह, भरत पांडे, शिवेंद्र गोस्वामी, तारा चंद्र जोशी, आनंद सिंह बिष्ट, मनोज सनवाल, हेम चंद्र जोशी आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### पूर्णागिरि तहसील क्षेत्र में आज बंद रहेंगे स्कूल

**टनकपुर :** भारत मौसम विज्ञान विभाग देहरादून द्वारा जारी मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार 10 अगस्त को जनपद चम्पावत में कहीं-कहीं भारी वर्षा, आकाशीय बिजली चमकने की चेतावनी दी गई है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर 10 अगस्त को चम्पावत की तहसील पूर्णागिरि (टनकपुर) अंतर्गत कक्षा एक से 12 तक संचालित सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में एकदिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### आमबाग गांव में खड़े टिप्पर से बैटरी ले गए चोर

**टनकपुर :** बीती रात्रि नगर से लगे गांव आमबाग में खड़े एक टिप्पर वाहन से चोर बैटरी ले उड़े। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। चम्पावत के दियूरी गांव निवासी सुरेश चंद्र जोशी ने अपना टिप्पर वाहन संख्या यूके 03सीए 5651 राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमबाग के पास खड़ा किया था। शुक्रवार को जब वह वाहन पर पहुंचे तो वाहन की बैटरी गायब मिली। उन्होंने कोतवाली पुलिस को घटना की तहरीर देकर शीघ्र चोरो को गिरफ्तार करने की मांग की है। इससे पहले भी गांव के भूमिया मंदिर और भरड़ा मंदिर में भी चोरी की घटनाएं हो चुकी है। साथ ही गांव में कई सौर ऊर्जा की बैटरियां भी चोरी हो चुकी हैं लेकिन अभी तक इनका कोई पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त तेज करने की मांग की है। इधर एसएसआई सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया इस मामले में तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।


चौखुटिया में पौधरोपण करते संघर्ष समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### गैरसैण राजधानी की मांग को लेकर भेजा ज्ञापन

**बैरती (अल्मोड़ा) :** स्थाई राजधानी गैरसैंण संयुक्त संघर्ष समिति ने उपजिलाधिकारी चौखुटिया के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित करने, प्रत्येक जिले को मिनी सचिवालय की तरह विकसित करने, उत्तराखंड में मूलनिवास 1950 को लागू करने, उत्तराखंड में सशक्त भू कानून बनाने की मांग की गई है। इन मांगों के पूरा नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी। समिति ने राजधानी गैरसैंण के लिए अखरोट का पौधा भी रोपा। समिति ने बाबा मोहन उत्तराखंडी के शहादत दिवस के दिन तहसील परिसर में बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर नारायण सिंह, अशोक कुमार, कांता रावत, गजेंद्र सिंह नेगी, हीरा सिंह, रघुवर नैनवाल, गिरीश आर्या, चंदन सिंह, दिनेश मनराल, मुकेश पांडेय व जीवन सिंह आदि रहे।


अल्मोड़ा में यूथ कांग्रेस ने शुक्रवार को स्थापना दिवस पर झंडारोहण किया।

### यूथ कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**अल्मोड़ा :** यूथ कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने जिला पार्टी दफ्तर में झंडारोहण कर पार्टी के रीती नीतियों में चलने का आह्वान किया गया। पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सेवा दल शोभा जोशी व यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक कुमार ने झंडारोहण किया। यूथ जिलाध्यक्ष दीपक ने युवा कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को देश की समरसता को बनाए रखने की जिम्मेदारी संभालनी होगी। यहां नगर महामंत्री वैभव पांडे, उपाधयक्ष विमल कुमार, उपाध्यक्षा नीमा, जगदीश तिवारी, शशांक बिष्ट, कमल मेहता, इंदर गोस्वामी, निक्कू बोरा, भगवान भोजक, अनुज जोशी, राहुल कुमार, संजू सिंह, अंकित कुमार, दिव्यांशु पवार, प्रेम बिष्ट, सौरभ समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वाधीनता सेनानियों के परिजन सम्मानित किये

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** जिला मुख्यालय में जिला पत्रकार संगठन की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही उस दौर के समय को याद करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शुक्रवार को जिला जिला पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष चंद्र बल्लभ ओली की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख विनीता फर्त्याल व सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख बहादुर सिंह फर्त्याल, महेश चौड़ाकोटी, विनोद चतुर्वेदी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं के बारे अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिला उपाध्यक्ष गिरीश बिष्ट व प्रकाश जोशी शूल ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रशेखर जोशी, विनोद चतुर्वेदी, संगठन के कोषाध्यक्ष दिनेश भट्ट, सुरेश गड़कोटी आदि मौजूद रहे।

## नौ साल के मासूम की डूबने से मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** विकासखंड हवालबाग के ग्राम पंचायत तलाडबाड़ी



निवासी एक नौ वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई है। बालक अल्मोड़ा कलक्ट्रेट स्थित निर्माणाधीन पार्किंग के लिए बनाए गड्ढे में भरे पानी में डूबा हुआ मिला। मासूम कार्तिक गुरुवार देर शाम से लापता था। अगले दिन शुक्रवार को उसका शव बरामद हुआ।

मिली जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत तलाड़बाड़ी निवासी हरीश सिंह बिष्ट का नौ वर्षीय इकलौता पुत्र कार्तिक अपने अन्य दो अन्य दोस्तों के साथ गुरुवार शाम घर से निकला था। इस बीच दोस्त नवीन कलक्ट्रेट स्थित निर्माणाधीन पार्किंग के गड्ढे के पास पहुंचे। तीनों दोस्त गड्ढे में पानी भरा होने से उसमें नहाने उतर गए। लेकिन कार्तिक गड्ढे में नीचे मिट्टी और दलदल में फंस गया। अन्य दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन उसे बचा नहीं सके। परिजन रात भर कार्तिक को ढूंढते रहे। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। अगले दिन मृतक की माता और ताई निर्माणाधीन पार्किंग के पास पहुंचे।

यहां बने गड्ढे में भरे पानी में मासूम का शव उतरता हुआ देखा। इस दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों शव को बाहर निकाला, वहीं इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर, घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


जिला मुख्यालय स्थित कलक्ट्रेट के पास घटना स्थल पर जमा ग्रामीणों की भीड़।

**दुखद**

- निर्माणाधीन पार्किंग के लिए बने गड्ढे से बरामद हुआ शव
- गुरुवार देर शाम से लापता था कार्तिक, अगले दिन मिला शव

"मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। मौके पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसमें तीन बच्चे गड्ढे के पास नहाते हुए देखे गए। घटना की जांच की जा रही है।"
**-सुनील सिंह बिष्ट**, चौकी प्रभारी बेस

## आरटीओ कार्मिक कार्य पर लौटे, राहत

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** चारधाम यात्रा के दौरान दुर्घटना मामले में निलंबित परिवहन विभाग के कर्मचारियों को बहाल कर दिया गया है। कर्मचारियों की बहाली के बाद हड़ताली कर्मचारी काम पर लौट गए। कर्मचारियों के काम पर लौटने से लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि शुक्रवार को भी कर्मचारी एक घंटे तक कार्य बहिष्कार पर रहे। दरअसल, चारधाम यात्रा के दौरान दुर्घटना मामले परिवहन विभाग के कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था। इससे कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। बीते मंगलवार से परिहवन विभाग के मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी पूर्ण हड़ताल पर थे।

## आयुर्वेदिक अस्पताल में करें डॉक्टर की नियुक्ति

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगरखान में पूर्णकालिक चिकित्साधिकारी नियुक्त समेत तमाम मांगों के निराकरण को लेकर राज्य आंदोलनकारी मुखर हो गए है। शुक्रवार को राज्य आंदोलनकारियों ने मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजा। जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

पत्र में कहा कि नगरखान आयुर्वेदिक चिकित्सालय में नियुक्त चिकित्सक उच्चशिक्षा प्राप्त को लंबी छुट्टी पर हैं। जिससे मरीजों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि इन दिनों चिकित्सालय में जिन चिकित्सक को चार्ज दिया गया है, वह यहां आते नहीं है।

राज्य आंदोनकारियों ने पूर्णकालिक चिकित्सक की नियुक्ति करने, पंचकर्म चिकित्सा पद्धति शुरू करने, प्रशिक्षित टैक्नीशियन की तैनानी करने आदि की मांग उठाई। पत्र भेजने वालों में ब्रह्मानन्द डालाकोटी, सदस्य जिला पंचायत शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगडवाल आदि ने हस्ताक्षर किए।

## सुखीढांग में श्रीमद् गौभागवत कथा जारी

**टनकपुर, अमृत विचार:** सुखीढांग के जौल में सात दिवसीय श्रीमद् गौभागवत कथा में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान रामकथा भी सुनाई गई। विश्वामित्र द्वारा दशरथ से राम-लक्ष्मण को मांगने के प्रसंग का बखूबी वर्णन किया गया। व्यास आचार्य पं. तारा दत्त जोशी ने राम के चरित्र को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव का मंचन किया गया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बोहरा एवं सचिव पंडित शंकर जोशी आचार्य ने बताया कि क्षेत्र के लोग भक्तिमय माहौल में भक्त कथा का श्रवण कर भक्तिरस का आनन्द ले रहे हैं।

## आपदाओं से निपटने को सतर्क रहे अफसर

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** पूर्णागिरि मार्ग पर स्थित किरोड़ा नाले में मैक्स वाहन के बह जाने की घटना के बाद जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने अधिकारियों के साथ घटनास्थल का दौरा किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपदा की घटनाओं की रोकथाम को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं।

हादसे में छह लोग घायल हुए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेश चौहान ने बताया एक गंभीर घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। अन्य घायलों का उपचार टनकपुर अस्पताल में किया जा रहा है। एक घायल चंचल सिंह इलाज के बाद अपने घर गेड़ाखाली चले गए।


एसडीएम से घटना की जानकारी लेते जीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

एसडीएम आकाश जोशी और कोतवाल योगेश उपाध्याय टीम के नेतृत्व में एसडीआरएफ व पुलिस जवान लापता बालक की तलाश में जुटे रहे। लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं लग सका।

इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। साथ ही उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उन्होंने घायलों को बेहतर से बेहतर उपचार देने के निर्देश डीएम को दिए। साथ ही लापता हुए बालक की शीघ्र खोजबीन करने के निर्देश दिए।

- घटना के बाद जिलाधिकारी ने किरोड़ा नाले का किया निरीक्षण
- अस्पताल पहुंच घायलों का हाल जाना, बेहतर इलाज के निर्देश

### दुर्घटना के मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए

**टनकपुर :** जनपद चम्पावत के टनकपुर में शुक्रवार प्रात: किरोड़ा नाले में अचानक आए तेज उफान के कारण एक मैक्स वाहन नाले के तेज बहाव में बह गया। इसमें कुल 9 लोग सवार थे। जिला मजिस्ट्रेट नवनीत पाण्डे ने वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने उप जिला मजिस्ट्रेट टनकपुर आकाश जोशी को वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के लिए जांच अधिकारी नामित किया है।

**स्मरण** 112 वीं जयंती पर राइंका भनोली में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम, आजादी में उनके योगदान को याद किया

## स्वतंत्रता सेनानी स्व. बिशन सिंह बिष्ट को किया याद

अल्मोड़ा, संवाददाता

**अमृत विचार :** धौलादेवी ब्लॉक के राइंका भनोली में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिशन सिंह बिष्ट की 112 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया गया। वहीं, समारोह में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

शुक्रवार को राइंका भनोली में जयंती समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में स्व. बिष्ट का अहम योगदान रहा है। उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए जो सपने देखे थे, उसे पूरा करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। आज की युवा पीढ़ी को उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इसके अलावा कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। यहां भाजपा नेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिशन सिंह बिष्ट के पौत्र नरेंद्र बिष्ट, पूर्व जिला सहकारिता बैंक अध्यक्ष प्रशांत भैसोड़ा, गोपाल सिंह बिष्ट, लक्ष्मण डसीला, हरीश प्रसाद, मोहन सिंगवाल, जगन्नाथ तिवारी, कैलाश राम, हरीश बिष्ट, मदन सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह बिष्ट, हरीश तिवारी, हरीश सिंह, जगदीश कांडपाल आदि मौजूद रहे।


भनोली में स्व. बिशन सिंह बिष्ट की 112 वीं जयंती समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

## डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जिला योजना, राज्य सैक्टर, केन्द्र पोषित, बाह्य सहायतित योजना, बीसूका, मुख्यमंत्री घोषणा व हर घर झण्डा कार्यक्रम एवं एंटी ड्रग्स की समीक्षा की। उन्होंने जिला योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन से अवमुक्त धनराशि की विभाग को प्रथम किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। सभी विभाग और कार्यदायी संस्थाएं विकास कार्यों में अपेक्षित तेजी लाएं। जिन कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की जानी है उनकी निविदाएं शीघ्र आमंत्रित की जाए।

जिलाधिकारी ने क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को ठीक कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता जल संस्थान को दिए। बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण और शहरी तथा संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश देते हुए कहा कि अधूरी सड़कों की सूची उपलब्ध कराएं।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की भी समीक्षा की। वर्तमान तक जिले में 137 घोषणाएं हुई हैं। जिसमें 54 घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं और 44 में कार्य गतिमान है। जिलाधिकारी ने गतिमान कार्यों में तेजी लाते हुए कार्य पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, मुख्य शिक्षा जीएस सौन, उद्यान अधिकारी आरके सिंह, ईई लोनिवि एके पटेल, जल संस्थान सीएस देवीड़ी, जल निगम वीके रवि, केके जोशी, संजय भारती, प्रवीण गोस्वामी रहे।

**निर्देश**

- अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,705.91 | 24,367.50 |
| गिरावट | 819.69 | 250.50 |
| प्रतिशत में | 1.04 | 1.04 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शनिवार, 10 अगस्त 2024

## एक नजर

### विनिर्माण में 10 साल में विदेशी निवेश बढ़ा 69%

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को बताया कि 2014-24 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह 69% बढ़कर 165.1 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में विदेशी निवेश के लिए प्राथमिकता वाले देश के रूप में तेजी से उभर रहा है। पिछले दस वित्त वर्षों (2004-14) में यह 97.7 अरब अमेरिकी डॉलर था।पांच वित्त वर्षों (2019-20 से 2023-24) के दौरान देश में कुल एफडीआई प्रवाह 383.50 अरब डॉलर रहा।

### रुद्र ग्लोबल इंफ्रा सौर संयंत्र करेगी स्थापित

**नई दिल्ली।** इस्पात विनिर्माता कंपनी रुद्र ग्लोबल इंफ्रा प्रोडक्ट्स गुजरात में 30 मेगावाट की कैप्टिव सौर परियोजना स्थापित करने के लिए करीब 190 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के अनुसार, सौर संयंत्र का परिचालन जनवरी 2025 तक शुरू हो जाएगा। इसमें कहा गया कि परियोजना के पहले चरण में 190 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय होगा, जिसमें से 80 प्रतिशत वित्त पोषण पांच साल की अवधि में वित्तीय संस्थानों के जरिये सुरक्षित किया जाएगा। शेष 20 प्रतिशत कंपनी द्वारा निवेश किया जाएगा।

## हल्द्वानी मंडी

(दाम प्रति क्विंटल में)

**चावल :** शरबती- 5880 मसूरी- 5260 बासमती- 9640 परमल- 3820

**दाल दलहन :** काला चना- 8160 साबुत चना दाल- 8500 मूंग साबुत- 10380 राजमा- 12400-12500 दाल उड़द- 11220 साबुत मसूर दाल- 7425 मसूर दाल- 7675 उड़द साबुत- 11730 काबुली चना- 12420 अरहर दाल- 16580 लोबिया/करमानी- 9710 सोयाबीन- 4680 मूंगफली- 11620 मटर (सूखी)- 6720 मक्का- 2500

# सेंसेक्स 820 अंक चढ़ा, निफ्टी भी लाभ में

## वैश्विक स्तर पर तेजी, रिलायंस और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली से बाजार चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**



- सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 लाभ में जबकि दो नुकसान में रहे
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,626.73 करोड़ के शेयर बेचे

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 820 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 819.69 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,705.91 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान एक समय 1,098.02 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 लाभ में जबकि दो नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 250.50 अंक यानी 1.04 प्रतिशत उछलकर 24,367.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में बेरोजगारी दावों के सकारात्मक आंकड़ों से मंदी की आशंका दूर हुई है। इससे बाजार पर अच्छा असर पड़ा है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति के शेयर नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में सकारात्मक रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को लाभ में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 2,626.73 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.18 डॉलर प्रति बैरल रहा। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 581.79 अंक टूटा था, जबकि एनएसई निफ्टी में 180.50 अंक का नुकसान रहा था।

### मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में भी आया उछाल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बाजार में मजबूती आनी शुरू हो गयी है। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक संकेत से सेंसेक्स व निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए। मझोली कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप 1.21 प्रतिशत प्रतिशत उछला जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक 0.79 प्रतिशत मजबूत हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 1,276.04 अंक यानी 1.57 प्रतिशत नीचे आया जबकि निफ्टी 350.2 अंक यानी 1.41 प्रतिशत टूटा है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश प्रवाह 9% घटकर 37,113 करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- बड़ी, लघु एवं मझोली कंपनियों से जुड़े शेयरों में निवेश में कमी से कुल प्रवाह कम रहा

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश प्रवाह जुलाई में मासिक आधार पर 9% घटकर 37,113 करोड़ रुपये रहा है। बड़ी, लघु एवं मझोली कंपनियों से जुड़े शेयरों में निवेश में कमी से कुल प्रवाह कम रहा। गिरावट के बावजूद जुलाई में शुद्ध रूप से निवेश प्रवाह का आंकड़ा किसी एक महीने में दूसरा सर्वाधिक है। जून में निवेश प्रवाह 40,608 करोड़ रुपये था।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार यह 41वां महीना है जब इक्विटी फंड में शुद्ध रूप से निवेश प्रवाह बढ़ा है। एसआईपी यानी व्यवस्थिति निवेश योजना से मासिक योगदान जुलाई में बढ़कर अबतक के सर्वाधिक 23,332 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो इससे पिछले माह में 21,262 करोड़ रुपये था। एएमएफआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेंकट चालसानी ने कहा कि यह खुदरा निवेशकों के बीच बढ़ते वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। इससे उन्हें समय के साथ व्यवस्थित रूप से अच्छा-खासा कोष बनाने में मदद मिलती है। कुल मिलाकर म्यूचुअल फंड उद्योग में समीक्षाधीन महीने में 1.9 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ, जबकि जून में 43,637 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। यह प्रवाह इक्विटी के साथ-साथ बॉण्ड योजनाओं में निवेश के जरिये हुआ।

### म्यूचुअल फंड में दबाव का करें परीक्षणः सेबी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड उद्योग से सक्रियता से दबाव परीक्षण करने को कहा है। यह वित्तीय क्षेत्र में जोखिम प्रबंधन के लिए प्रमुख तत्व है। सेबी के सदस्य अनंत नारायण गोपालकृष्णन ने कहा कि नियामक का दबाव परीक्षण विशेष रूप से छोटी एवं मझोली इक्विटी योजनाओं में नकदी जोखिमों का आकलन व प्रबंधन करने पर बल देता है। म्यूचुअल फंड पर कार्यक्रम में गोपालकृष्णन ने न केवल व्यक्तिगत योजनाओं या फंड हाउस के लिए बल्कि पूरे म्यूचुअल फंड परिदृश्य के लिए दबाव परीक्षण के महत्व को रेखांकित किया। गोपालकृष्णन ने कहा कि समग्र संयुक्त म्यूचुअल फंड परिदृश्य के लिए दबाव परीक्षण का मॉडल तैयार करना महत्वपूर्ण है।

## बीएसएनएल का 4जी, 5जी उपयुक्त ओवर द एयर, यूनवर्सल सिम जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मोबाइल नंबर के साथ भौगोलिक प्रतिबंधों के बिना बदल सकेंगे सिम

बीएसएनएल 4 और 5जी उपयुक्त ओवर-द-एयर (ओटीए) और यूनिवर्सल सिम (यूएसआईएम) मंच जल्द पेश करेगा। ग्राहक मोबाइल नंबर चुनने के साथ भौगोलिक प्रतिबंधों के बिना सिम बदल सकेंगे।

ओटीए उपकरण को परीक्षण उपकरण से जोड़ने की विधि है। बीएसएनएल ने कहा कि पायरो होल्डिंग्स के सहयोग से विकसित इस मंच का उद्घाटन चंडीगढ़ में किया गया। इसमें त्रिची में आपदा रिकवरी साइट भी शामिल है। बीएसएनएल ने शुक्रवार को कहा कि 4जी और 5जी उपयुक्त मंच ग्राहकों को बेहतर कनेक्टिविटी और सेवा गुणवत्ता प्रदान करने को तैयार है। कंपनी देश में 4जी नेटवर्क शुरू कर रही है। बीएसएनएल 4जी और 5जी के लिए नेटवर्क को बेहतर कर रही है। डिजिटल अंतर को पाटने और ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त बनाने तथा अत्याधुनिक दूरसंचार सेवाओं तक समान रूप से पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में बीएसएनएल के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ओडिशा नेफेड के माध्यम से उत्तर प्रदेश से खरीदेगा आलू

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने आलू की कमी दूर करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) के माध्यम से उत्तर प्रदेश से आलू खरीदने का निर्णय लिया है। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री केसी पात्रा ने कहा कि उपभोक्ताओं को 30 रुपये प्रति किलो आलू उपलब्ध कराने का निर्णय हुआ है। व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश से आलू खरीदने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि वहां जिस किस्म का आलू उपलब्ध है उसे राज्य के लोग पसंद नहीं करते हैं।

# जर्मनी का इस्पात मानक भारत के लिए चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- निर्यात घटकर 2023-24 में 21.8 अरब डॉलर रहा
- आयात 37% बढ़कर 23.7 अरब डॉलर हुआ
- वैश्विक बाजार कम कार्बन वाले उत्पादों की मांग

जर्मनी के प्रस्तावित निम्न उत्सर्जन इस्पात मानक (एलईएसएस) से भारतीय उद्योग के लिए नई चुनौतियां उत्पन्न होने की आशंका है, जो पहले से कम निर्यात, अधिक आयात और यूरोप के कार्बन कर से जूझ रहा है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, भारत का इस्पात निर्यात 2021-22 में 31.7 अरब डॉलर से 31.2% घटकर 2023-24 में 21.8 अरब डॉलर रह गया है। आयात 37% बढ़कर 17.3 अरब डॉलर से 23.7 अरब डॉलर हो गया है, जिससे भारत आयातक बन गया है। भारतीय उद्योग जर्मनी के नए मानक का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है, लेकिन इसकी अनदेखी से नुकसान हो सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि वैश्विक बाजार कम कार्बन वाले उत्पादों की मांग कर रहे हैं। एलईएसएस से तालमेल नहीं बैठाने वाले उत्पादकों को कठिनाई हो सकती है।

### पांच श्रेणियों में वर्गीकृत है जर्मनी का इस्पात

एलईएसएस स्वेच्छिक लेबलिंग कार्यक्रम है जो पूर्व-उत्पादन और चरणों के दौरान उत्सर्जित सीओ2 के आधार पर इस्पात को वर्गीकृत करता है। एलईएसएस को जर्मन स्टील फेडरेशन (डब्ल्यूवी स्टाहल) और संघीय आर्थिक एवं जलवायु संरक्षण मंत्रालय (बीएमडब्ल्यूके) ने विकसित किया है। इसे 2024 के अंत में पेश होना है। एलईएसएस इस्पात उत्पादों को उनके कार्बन और स्क्रैप सामग्री के आधार पर पांच श्रेणियों में वर्गीकृत करता है। अल्ट्रा-लो एमिशन क्लास ए से लेकर हाई एमिशन क्लास ई तक हैं। श्रेणी ए में सबसे कम सीओ2 उत्सर्जन होता है, जबकि ई में सबसे अधिक, बी, सी और डी इनके बीच में आते हैं। संस्थान ने कहा कि यह भारत के लिए चुनौतियां खड़ी कर सकता है, क्योंकि उनके अधिकतर इस्पात को निम्न तीन श्रेणी (सी, डी और ई) में वर्गीकृत होने की आशंका है।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आईईडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार को एक विस्फोटक आईईडी बरामद हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को 'प्रेशर कुकर' में लगाकर दक्षिण कश्मीर जिले के बलासु परिगाम मार्ग पर रख दिया गया था। बम निरोधक दस्ते ने आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

### कबाड़ी की दुकान पर मिले बम के खोल

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में शुक्रवार को एक कबाड़ी की दुकान पर 12 से 15 बम के खोल मिलने के बाद बम निरोधक दस्ते और भारतीय वायुसेना की टीम को बुलाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बरामद बमों में से कुछ के सक्रिय होने का संदेह है। एएसपी कमला जोशी ने बताया कि 12 से 15 खोल बरामद हुए हैं, जिनमें से कुछ निष्क्रिय और कुछ के सक्रिय होने का संदेह है।

### पूजा खेडकर के पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**पुणे।** पुलिस ने आईएएस की पूर्व ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर के खिलाफ पुणे में लोक सेवक को धमकाने और उनके काम में बाधा डालने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बताया कि पुणे जिलाधिकारी कार्यालय के एक तहसीलदार स्तर के अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर यहां बंडगार्डन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# लोकसभा में 35 गैर सरकारी विधेयक पेश

## आईटी उद्योग के विनियमन और विकास को बढ़ाने के लिए आयोग की स्थापना वाले निजी विधेयक पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सदन में मनरेगा में संशोधन, स्कूलों में सैन्य प्रशिक्षण व संस्कृत के शिक्षण, युवा आयोग के गठन का विधेयक हुआ पेश

लोकसभा में शुक्रवार को 35 गैर सरकारी विधेयक पेश हुए जिनमें शामिल सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के विनियमन और विकास को बढ़ाने के लिए आयोग की स्थापना वाले निजी विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। सदन में अपराह्न 3.30 बजे के बाद का समय गैर-सरकारी कामकाज के लिए होता है।

सदन में आरएसपी सदस्य एनके प्रेमचंद्रन ने मनरेगा में संशोधन, पेशेवर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं से संबंधित आईयूएमएल सदस्य के नवासिकानी का निजी विधेयक शामिल रहा। शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारणे का स्कूलों में सैन्य प्रशिक्षण, भाजपा सांसद स्मिता उदय वाघ का स्कूलों में संस्कृत भाषा के शिक्षण और राष्ट्रीय युवा आयोग के गठन और जैविक खेती को बढ़ावा देने से संबंधित भाजपा सदस्य राजकुमार चाहर का गैर-सरकारी विधेयक शामिल रहा। द्रमुक सांसद सीएन अन्नादुरई द्वारा प्रस्तुत सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के विनियमन और विकास के लिए आयोग विधेयक, 2024 पर सदन में चर्चा शुरू हुई। अन्नादुरई ने कहा कि भारत में आईटी उद्योग की संभावनाएं हैं और उक्त आयोग राज्यों में सामाजिक आर्थिक विकास के लिए काम करेगा। उक्त निजी विधेयक पर भाजपा के निशिकांत दुबे ने चर्चा की शुरुआत की। चर्चा अधूरी रही।

### बैंककारी संशोधन विधेयक पर लोकसभा में हुई चर्चा

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक पेश किया, जिसके तहत बैंक खाताधारक द्वारा नॉमिनी व्यक्तियों की संख्या एक से बढ़ाकर चार करने का प्रावधान है। इसका विरोध करते हुए कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि सहकारी समितियों और सहकारी बैंकों से जुड़े कानूनों में संशोधन का अधिकार राज्यों को है। उन्होंने इस संबंध में विधायी अधिकारों को लेकर अस्पष्टता की भी बात कही। आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि सरकार एक साथ चार कानूनों में संशोधन का प्रयास कर रही है और यह सदन की परंपराओं के खिलाफ है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बहु सहकारी बैंक से जुड़े कानून में पहले भी इस सदन के माध्यम से संशोधन हो चुका है और इससे छोटे खाताधारकों को राहत मिली है। हम चार विधेयक भी ला सकते थे लेकिन जब एक समान तरह के कामकाज से जुड़े कानून हैं तो हम एक संशोधन विधेयक ला रहे हैं। बैंकिंग विनियमन अधिनियम और सहकारी बैंकों के बीच एक संबंध है और कोई भी संशोधन इसी रास्ते से लाना होगा।

### रेलवे बोर्ड को पूर्ण अधिकार देने वाला विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में रेल (संशोधन) विधेयक पेश किया और कहा कि इसके माध्यम से रेलवे बोर्ड को पूर्ण अधिकार मिलेंगे। इस विधेयक का विरोध करते हुए टीएमसी के सौगत राय ने कहा कि रेल मंत्री को ऐसे गैरजरूरी विधेयक लाने के बजाय रेल दुर्घटनाएं रोकने पर ध्यान देना चाहिए।

# सीएए के तहत लोगों के लिए जरूरी दस्तावेजों पर स्पष्टीकरण जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा- केंद्र या राज्य सरकार या भारत में अर्ध-न्यायिक निकाय से जारी कोई भी दस्तावेज स्वीकार्य होगा

केंद्र ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत जारी नियमों का दायरा बढ़ा दिया है जिसके जरिये अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान से प्रताड़ित होकर आने वाले अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने घोषणा की कि केंद्र या राज्य सरकार या भारत में अर्ध-न्यायिक निकाय द्वारा जारी किया कोई भी दस्तावेज स्वीकार्य होगा, जो यह साबित करता हो कि माता-पिता, दादा-दादी या परदादा-परदादी में से कोई भी इन तीनों देशों में से किसी एक के नागरिक हैं या रहे हैं।

गृह मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण तब आया जब नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत भारतीय नागरिकता चाहने वाले कई आवेदकों को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के एक विशेष खंड के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के पहले के खंड में कहा गया है कि कोई भी दस्तावेज जो दर्शाता हो कि आवेदक के माता-पिता या दादा-दादी या परदादा-परदादी में से कोई भी तीन देशों यानी अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान में से किसी एक का नागरिक हैं या रहे हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि यह स्पष्ट किया जा सकता है कि अनुसूची-1ए के क्रम संख्या 8 के तहत दस्तावेजों में केंद्र/राज्य/भारत में किसी न्यायिक या अर्ध न्यायिक निकाय से जारी दस्तावेज जैसे भूमि रिकॉर्ड, न्यायिक आदेश आदि शामिल हो सकते हैं, जो यह दर्शाते हैं कि आवेदक या उसके माता-पिता या दादा-दादी या परदादा-परदादी अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान के नागरिक थे।

## मलिक को उम्रकैद की याचिका पर पक्ष रखने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकवादी गतिविधियों के लिए आर्थिक मदद देने और उस में शामिल होने के जुर्म में उम्र कैद की सजा काट रहे जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट प्रमुख व अलगावादी नेता यासीन मलिक को पक्ष रखने की शुक्रवार को अनुमति मिल गई।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और गिरीश कठपालिया की पीठ ने मलिक की मौत की सजा की मांग करने वाली एनआईए की याचिका के खिलाफ दोषी की खुद बहस करने की गुहार स्वीकार करने के साथ उसे अगली सुनवाई 19 सितंबर से पहले विचार करने का विकल्प दिया। पीठ ने कहा कि मलिक मामले में कानूनी प्रतिनिधित्व के बारे में फिर से सोच सकते हैं। हाईकोर्ट ने उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए कहा कि उन्हें खुद अपना पक्ष रखने का अधिकार है, लेकिन किसी भी वादी को कानूनी सहायता मिलनी चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर में जल्द कराएंगे चुनाव : सीईसी

**जम्मू।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शुक्रवार को कहा कि निर्वाचन आयोग जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी आंतरिक या बाहरी शक्ति को चुनाव प्रक्रिया प्रभावित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सभी दल विधानसभा चुनाव कराने का पुरजोर समर्थन कर रहे हैं। कुमार के नेतृत्व में आयोग का प्रतिनिधिमंडल चुनाव के लिए तैयारियों की समीक्षा के सिलसिले में तीन दिन की जम्मू-कश्मीर यात्रा पर है। मंडल में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू भी हैं।

# मोबाइल ढूंढ़ने के लिए छात्राओं के कपड़े उतरवाने पर मप्र हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**इंदौर, एजेंसी**



- राज्य सरकार को नोटिस जारी हफ्ते भर में मांगा जवाब

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर के सरकारी विद्यालय में मोबाइल ढूंढने के लिए शिक्षिका द्वारा नाबालिग छात्राओं के कपड़े उतरवाकर तलाशी लेने पर राज्य सरकार को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। नोटिस में इस घटना को लेकर उठाए कदमों के बारे में राज्य सरकार से हफ्ते भर में रिपोर्ट तलब की गई है।

हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति दुप्पला वेंकटरमणा ने सामाजिक कार्यकर्ता चिन्मय मिश्रा की याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान मिश्रा के वकील अभिनव धनोदकर ने दावा किया कि परिजनों की ओर से पुलिस को दो अगस्त को शिकायत देने के हफ्ते भर बाद भी पॉक्सो अधिनियम का पालन नहीं हुआ है। पीठ ने घटना से जुड़े आरोपों के मद्देनजर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और निर्देशित किया कि वह हफ्ते भर में रिपोर्ट पेश करे कि पुलिस थाने में शिकायत के बाद क्या कार्रवाई की गई है? अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तारीख तय की है।

## बेटी के वैवाहिक मामले में मौर्य के खिलाफ कार्यवाही पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ उनकी बेटी एवं पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य से जुड़े वैवाहिक विवाद के मामले में आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया।

मौर्य ने हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिसमें दीपक स्वर्णकार द्वारा दायर मामले में उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद करने से इनकार कर दिया गया था। स्वर्णकार ने संघमित्रा का पति होने का दावा किया है। इससे पहले विशेष अदालत ने एक व्यक्ति को परेशान करने और धमकी देने के मामले में स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को फरार घोषित कर दिया था।

## जयराम ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटाने के मुद्दे पर सदन को गुमराह करने के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ राज्यसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। सभापति जगदीप धनखड़ को भेजे नोटिस में रमेश ने कहा कि सात अगस्त, 2024 को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तीसरी और छठी कक्षा के बच्चों के लिए एनसीईआरटी द्वारा पाठ्यपुस्तकों में संविधान की प्रस्तावना को हटाने का मुद्दा उठाया था। इसके जवाब में, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बाद में कहा कि अभी छठी कक्षा की जो पाठ्यपुस्तक आई है, उसमें भी प्रस्तावना है। रमेश के अनुसार, प्रधान का यह दावा तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है।

# मिजोरम और असम अंतर्राज्यीय सीमा पर शांति बनाए रखने पर हुए सहमत

**आइजोल, एजेंसी**

### दशकों पुराना विवाद

- दोनों राज्यों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच आइजोल में हुई बैठक

मिजोरम और असम दशकों पुराने सीमा विवाद को सुलझाने के प्रयासों के तहत शुक्रवार को अंतर्राज्यीय सीमा पर शांति बनाए रखने पर सहमत हुए। दोनों राज्यों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच शुक्रवार को आइजोल में हुई बैठक से पहले मिजोरम और असम के बीच पिछले दौर की बातचीत 20 महीने पूर्व नवंबर 2022 में गुवाहाटी में हुई थी।

असम के सीमा सुरक्षा और विकास मंत्री अतुल बोरा ने बैठक के बाद कहा कि चर्चा सकारात्मक रही। दोनों राज्य सीमा विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के वास्ते समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों पक्षों ने पड़ोसी देशों से तस्करी कर लाई गई सुपारी के परिवहन के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं की नीति जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। मिजोरम के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले राज्य के गृह मंत्री के. सपडांगा ने आशा व्यक्त की कि जटिल सीमा विवाद का समाधान हो जाएगा।

## अमृतपाल सिंह के निर्वाचन के खिलाफ दाखिल याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह के पंजाब के खडूर साहिब से सांसद के रूप में निर्वाचन के खिलाफ दायर याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष दावा किया कि संविधान का अनुच्छेद 84 संसद की सदस्यता के लिए योग्यता से संबंधित है और इसके अनुसार कोई व्यक्ति संसद की सदस्यता के लिए तब तक योग्य नहीं होगा जब तक वह भारत का नागरिक न हो। याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रतिवादी अमृतपाल सिंह ने कहा था कि वह भारत के संविधान के प्रति निष्ठा नहीं रखते। इन पर पीठ ने कहा कि आप निर्वाचन याचिका दाखिल करें। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह खडूर साहिब निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं लेकिन सिंह द्वारा पूर्व में दिए बयानों से आहत हैं। पीठ ने कहा कि यह साक्ष्य का मामला है।

# खरगे, महिला सदस्यों को अपमानित किया जाना अस्वीकार्य : प्रियंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सपा सदस्य जया बच्चन के सभापति के बोलने के लहजे पर आपत्ति व खरगे का माइक बंद का आरोप लगाए जाने पर कांग्रेस महासचिव ने की टिप्पणी


कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महिला सदस्यों को अपमानित किया जाना अस्वीकार्य है। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है, जब राज्यसभा में शुक्रवार को सपा सदस्य जया बच्चन के सभापति जगदीप धनखड़ के बोलने के लहजे पर आपत्ति जताने के बाद आसन और विपक्ष में टकराव देखने को मिला।

कांग्रेस का आरोप है कि सदन में खरगे का माइक बंद कर दिया जाता है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे लोकतंत्र की आवाज हैं। संसद में उनको अपमानित करना, उन्हें बोलने न देना, माइक बंद करना और सत्ता में बैठे लोगों द्वारा वरिष्ठ महिला सदस्यों को अपमानित करना अस्वीकार्य है। संसद इस बात का गवाह रही है कि विपक्षी सदस्यों की बात सुनी जाती थी। राममनोहर लोहिया की बहसें और पंडित नेहरू के धैर्य की आज भी मिसाल दी जाती है।



# पेरिस ओलंपिक 2024





# रफ्तार के खेल में पिछड़ीं टीमें

## भारतीय पुरुष और महिला टीम 4x400 मीटर रिले के फाइनल राउंड में क्वालीफाई करने से चूकीं



**2:59.05** सेकेंड का है भारत का एशियाई रिकॉर्ड जो 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप के दौरान बना था

**2:57.76** समय के साथ बोत्सवाना पहले और ब्रिटेन (2:58.88) दूसरे व अमेरिका (2:59.15) की टीम शीर्ष तीन में हुई शामिल

पुरुषों की 4x400 मीटर रिले के दौरान मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल (आसमानी जर्सी मे)।

पेरिस, एजेंसी

भारतीय पुरुष 4x400 मीटर रिले टीम शुक्रवार को यहां पेरिस ओलंपिक में उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकी और हीट रेस (शुरूआती रेस) में कुल 10वें स्थान पर रहने के कारण अंतिम राउंड में जगह बनाने से चूक गईं। मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी ने हालांकि सत्र का सर्वश्रेष्ठ तीन मिनट और 0.58 सेकंड का समय निकाला। लेकिन दूसरी हीट में सातवें स्थान पर रहीं जिससे उसने 16 टीमों में से कुल मिलाकर 10वां स्थान हासिल किया।

दोनों हीट में से प्रत्येक में शीर्ष तीन टीम तथा दोनों हीट में अगली दो सबसे तेज टीमें फाइनल राउंड में पहुंचती हैं। बोत्सवाना (2:57.76), ब्रिटेन (2:58.88) और अमेरिका (2:59.15) की टीम शीर्ष तीन पर रहीं जबकि जापान 2:59.48 के समय के साथ चौथे स्थान पर था। भारत का एशियाई रिकॉर्ड 2:59.05 सेकेंड का है जो 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप के दौरान बना था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) को पुरुषों की 4x400 मीटर रिले टीम के फाइनल राउंड में पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही।

महिलाओं की 4x400 मीटर रिले टीम भी पहले दौर की हीट में भाग लेने वाले 16 देशों में 15वें स्थान पर रहने के बाद क्वालीफाई करने में असफल रही। विथ्या रामराज, ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:32.51 का समय निकाला और हीट नंबर दो में आठवें और आखिरी स्थान से कुल 15वें स्थान पर रही।

**16** टीमों में पुरुषों ने पाया 10वां स्थान

**15** वें स्थान पर रहीं भारतीय महिलाएं



<< महिलाओं की 4x400 मीटर रिले के दौरान फर्राटा भरतीं ज्योतिका श्री दांडी।

**3:32.51** का समय निकाला विथ्या रामराज, ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने महिलाओं की 4x400 मीटर रिले टीम स्पर्धा में। वहीं, हीट नंबर दो में आठवें स्थान पर रहीं।

## भारतीय जूनियर टीम के कोच बनेंगे श्रीजेश

नई दिल्ली। भारतीय हॉकी की दीवार पी आर श्रीजेश खेल से संन्यास के बाद जल्दी ही नयी भूमिका में दिखेंगे और हॉकी इंडिया उन्हें जूनियर टीम का कोच बनाने जा रहा है। 36 वर्ष के श्रीजेश ने स्पेन को हराकर पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने पेरिस से पीटीआई से कहा हम श्रीजेश को कुछ दिन के भीतर पुरूष जूनियर टीम (अंडर 21) का कोच बनायेंगे। हमने उनसे बात कर ली है और युवाओं को उनसे बेहतर कोई मार्गदर्शन नहीं दे सकता। उसमें असाधारण क्षमता है जो उसने ब्रिटेन के खिलाफ पेरिस में दिखाई। वह आने वाली पीढ़ी के गोलकीपरों को भी मार्गदर्शन देगा। हम चाहते हैं कि श्रीजेश कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा जैसे युवा गोलकीपरों को मार्गदर्शन दे जो उनकी जगह लेने जा रहे हैं। अगले साल भारत में जूनियर विश्व कप होने वाला है। तिर्की ने कहा श्रीजेश अगले साल जूनियर विश्व कप के लिये टीम को तैयार कर सकता है।

# समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे मनु-श्रीजेश

पेरिस, एजेंसी

मशहूर हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश रविवार को यहां होने वाले ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में स्टार निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। श्रीजेश के नाम पर अंतिम मोहर लगाने से पहले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने नीरज चोपड़ा से भी बात की और उन्होंने कहा कि भाला फेंक यह स्टार एथलीट भी चाहता था कि पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले हॉकी खिलाड़ी को ही यह सम्मान मिलना चाहिए।

पिछले ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीत कर भारतीय खेलों के इतिहास में नया पन्ना जोड़ा। उषा ने कहा मैंने नीरज चोपड़ा से बात की और मैं उनकी खेल भावना की सराहना करती हूं क्योंकि वह इस बात पर सहमत थे कि समापन समारोह में श्रीजेश को ही ध्वजवाहक होना चाहिए। नीरज ने मुझसे कहा, मैडम अगर आप मुझसे नहीं पूछती तब भी मैं श्री भाई के नाम का ही सुझाव देता। इससे पता चलता है कि नीरज भारतीय खेलों में श्रीजेश के योगदान को कितना अधिक सम्मान देते हैं। उषा ने कहा कि श्रीजेश भारतीय दल के प्रमुख गगन नारंग सहित भारतीय ओलंपिक संघ के नेतृत्व की भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे। आईओए ने कहा, भारतीय ओलंपिक संघ को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पेरिस ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश संयुक्त ध्वजवाहक होंगे।



**11** को होगा ओलंपिक का समापन पी टी उषा ने की नीरज से बात

श्रीजेश ने भारतीय हॉकी टीम को ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह संन्यास ले लेंगे। भारत ने कांस्य पदक के मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर श्रीजेश को शानदार विदाई दी। श्रीजेश हांग्झोऊ एशियाई खेलों के समापन समारोह में भी भारत के ध्वजवाहक थे। भारतीय ओलंपिक संघ ने इससे पहले मनु को समापन समारोह के लिए महिला ध्वजवाहक के रूप में चुना था। वह स्वतंत्रता के बाद एक ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते थे।

## आज भारत के मुकाबले

- गोल्फ : महिलाओं का व्यक्तिगत फाइनल : अदिति अशोक और दीक्षा डागर – दोपहर 12.30 बजे से
- कुश्ती : महिलाओं की फ्रीस्टाइल 76 किग्रा प्री क्वार्टरफाइनल : रीतिका हुड्डा बनाम बर्नाडेट नागी (हंगरी) – दोपहर 2.51 बजे से।



अदिति अशोक

## पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 32 | 25 | 20 | 77 |
| अमेरिका | 30 | 38 | 36 | 104 |
| ऑस्ट्रेलिया | 18 | 15 | 14 | 47 |
| फ्रांस | 14 | 19 | 22 | 55 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 14 | 17 | 21 | 52 |
| जापान | 13 | 8 | 13 | 34 |
| द. कोरिया | 13 | 8 | 7 | 28 |
| जर्मनी | 11 | 9 | 7 | 27 |
| नीदरलैंड | 11 | 6 | 8 | 25 |
| इटली | 10 | 11 | 11 | 32 |
| भारत | 0 | 1 | 4 | 5 |

## खेल डायरी

### मिस्र का पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने आए मिस्र के एक पहलवान को यौन उत्पीड़न के आरोप में यहां गिरफ्तार किया गया। फ्रांस के अभियोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पेरिस अभियोजक के कार्यालय के एक बयान के अनुसार एक 26 वर्षीय एथलीट को पेरिस कैफे के बाहर एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के कारण हिरासत में लिया गया था। कार्यालय ने पहलवान का नाम नहीं बताया लेकिन कहा कि वह मिस्र में पैदा हुआ था और ओलंपिक में भाग लेने के लिए पेरिस में था। मिस्र कुश्ती महासंघ ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

### ऑस्ट्रेलिया में दो दिवसीय दिन-रात्रि मैच खेलेगा भारत

कैनबरा। भारतीय क्रिकेट टीम इस साल के आखिर में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दिन रात्रि अभ्यास मैच खेलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि इन दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली जाएगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि भारतीय टीम 30 नवंबर से कैनबरा के मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय दिन रात्रि अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम की एडिलेड में होने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच की तैयारी में मदद करने के लिए यह अभ्यास मैच कार्यक्रम में जोड़ा गया है। भारत ने 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी एक दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था।

### अजीत एआईसीएफ के परिचालन प्रमुख बनने को तैयार

चेन्नई। दिल्ली शतरंज संघ के मौजूदा सचिव अजीत कुमार वर्मा अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नए परिचालन प्रमुख बनने को तैयार हैं। इस हफ्ते एआईसीएफ ने शार्टलिस्ट हुए दो उम्मीदवारों की घोषणा की जिसमें इस भूमिका के लिए वर्मा (52 वर्ष) और अरबिंद कुमार सिंह शामिल थे। एआईसीएफ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार रायजादा ने शुक्रवार को पीटीआई को बताया कि दोनों उम्मीदवारों के साक्षात्कार हो चुके हैं और एक या दो दिन के अंदर आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। सूत्रों से पता चला है कि वर्मा इस पद की दौड़ में आगे चल रहे हैं।

# विनेश रजत की हकदार : तेंदुलकर

नई दिल्ली, एजेंसी

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने पेरिस ओलंपिक में महिला 50 किग्रा कुश्ती स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण विनेश फोगाट को अयोग्य करार देने की आलोचना करते हुए इस पहलवान को रजत पदक का हकदार बताया। विनेश को पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग की स्पर्धा के स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले वजन मापने के दौरान 100 ग्राम अधिक पाया गया जिससे उन्हें अयोग्य करार दिया गया। विनश ने इस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट का दरवाजा खटखटाया है।

तेंदुलकर ने कहा कि खेलों में नियमों पर समय-समय पर गौर किया जाना चाहिए। उन्होंने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया हर खेल के कुछ नियम होते हैं और उन नियमों को संदर्भ में देखने की जरूरत है, शायद कभी-कभी उन पर दोबारा गौर भी किया जाना चाहिए। विनेश फोगाट ने निष्पक्षता से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वजन के आधार पर उसकी अयोग्यता फाइनल से पहले हुई थी और ऐसे में उससे रजत पदक छीन लिया जाना तर्क और खेल की समझ से परे है। मास्टर ब्लास्टर ने कहा कि अगर खिलाड़ी अनैतिक चीजों का इस्तेमाल करें तो उसे अयोग्य करना जायज है लेकिन विनेश के मामले में ऐसा नहीं हुआ है। यह समझ में आता अगर किसी एथलीट को प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के उपयोग जैसे नैतिक उल्लंघनों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता। उस स्थिति में, किसी भी पदक से सम्मानित न किया जाना और अंतिम स्थान पर रखा जाना उचित होगा। उन्होंने कहा विनेश ने शीर्ष दो में पहुंचने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया। वह निश्चित रूप से रजत पदक की हकदार हैं। हम सभी खेल पंचाट के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद और प्रार्थना करें कि विनेश को वह पहचान मिले जिसकी वह हकदार है।



- महान बल्लेबाज सचिन बोले- भारत को खेल पंचाट के फैसले का इंतजार, उम्मीद है फोगाट को उनका हक मिलेगा

### पंचाट न्यायालय में विनेश का पक्ष रखेंगे हरीश साल्वे

नई दिल्ली। पंचाट न्यायालय (सीएएस) में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का संयुक्त रजत पदक दिये जाने का अनुरोध को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है और उनके मामले की पैरवी प्रसिद्ध वकील हरीश साल्वे करेंगे। सीएएस विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने सात अगस्त को सीएएस एड हॉक डिवीजन में अपील दायर उन्हें पेरिस ओलंपिक में अयोग्य ठहराये जाने के निर्णय को रद्द करने और अंतिम मैच से पहले एक बार और वजन मापने का आदेश देने के साथ-साथ उन्हें फाइनल में भाग लेने के लिए योग्य घोषित किये जाने की मांग सीएएस एड हॉक डिवीजन से की गई थी। इसके साथ ही दूसरी अपील में विनेश ने उन्हें संयुक्त रजत दिये जाने की अनुरोध किया गया था। सीएएस ने दूसरी अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। सीएएस के समक्ष विनेश के मामले की पैरवी के लिए भारतीय अधिकारियों ने वकील हरीश साल्वे को नियुक्त किया।

## पोंटिंग फिर से किसी आईपीएल टीम को कोचिंग देने के इच्छुक

दुबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स के साथ करार खत्म होने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में किसी अन्य टीम के साथ कोच के तौर जुड़ने के इच्छुक हैं। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में से एक पोंटिंग ने कहा कि दिल्ली किसी भारतीय को मुख्य कोच बना सकती है।

पोंटिंग के सात साल के कार्यकाल के बाद पिछले महीने दिल्ली कैपिटल्स के उन्हें मुख्य कोच के पद से हटाने का फैसला किया था। टीम को अपने कार्यकाल में एक भी खिताब नहीं दिला पाने के कारण उन्हें इस फ्रेंचाइजी से अलग होना पड़ा। वह हालांकि फिर से किसी टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। पोंटिंग ने कहा मैं आईपीएल में फिर से कोचिंग देना पसंद करूंगा। आईपीएल से जुड़ने के बाद हर साल मैंने बहुत अच्छा समय बिताया, चाहे वह एक खिलाड़ी के रूप में शुरुआती दिन हों या दो साल तक मुंबई के कोच के रूप में बिताया समय हो। पोंटिंग ने आईसीसी पॉडकास्ट में कहा, मैंने दिल्ली की टीम के साथ सात सत्र बिताये हैं।



चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात के बाद ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और सरबजोत सिंह।

# मनु भाकर और सरबजोत ने की हरियाणा के मुख्यमंत्री से भेंट

चंडीगढ़, एजेंसी

- मुख्यमंत्री बोले- दोनों खिलाड़ियों की प्रतिभा पर देश को है गर्व

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को उनके आवास संत कबीर कुटीर पर पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने मुलाकात की। सैनी ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और भविष्य में भी उच्च प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान सरबजोत सिंह और मनु भाकर के साथ उनके माता-पिता और कोच भी उपस्थित रहे। दोनों खिलाडियों ने मुख्यमंत्री के साथ पेरिस ओलंपिक में अपने अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर खेल राज्य मंत्री संजय सिंह भी मौजूद थे। सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमेशा हरियाणा के खिलाड़ियों ने राज्य और देश का नाम रोशन किया है। हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर हमें बहुत गर्व है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खेलों और खिलाड़ियों को सहयोग देने के लिए वर्तमान राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्हें दोनों खिलाड़ियों से मिलकर बहुत खुशी हो रही है।

**खेल ने हटाई सरहद** पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण विजेता अरशद व रजत पदक पाने वाले नीरज की माताओं ने पेश की मिसाल

# सरोज ने अरशद को तो रजिया ने नीरज को बताया अपना बच्चा

नई दिल्ली/कराची, एजेंसी

'गोल्ड जिसका है वो भी हमारा ही लड़का है। ये बात सिर्फ एक मां ही कह सकती है। अद्भुत... ।'' शोएब अख्तर ने दो पंक्तियों में सरहद के आर पार के जज्बात बयां कर दिये जो चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम की मां द्वारा एक दूसरे के बच्चे को अपना बच्चा कहे जाने के बाद उमड़े हैं।

आम तौर पर भारत और पाकिस्तान की टक्कर खेल के किसी भी मैदान पर होने के बाद सोशल मीडिया पर लोग जहर उगलते दिखते हैं। लेकिन इस बार आलम अलग है। इसका श्रेय नीरज की मां सरोज देवी और अरशद की मां रजिया परवीन को भी जाता है। नदीम ने गुरुवार की रात 92.97 मीटर के रिकॉर्ड ओलंपिक प्रयास से स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि नीरज ने सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर के साथ रजत पदक जीता। नीरज लगातार दो ओलंपिक व्यक्तिगत स्पर्धा का पदक जीतने वाले तीसरे और ट्रैक एवं फील्ड के पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए।

सरोज ने पानीपत के खंडरा गांव में एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि हम रजत पदक से बहुत खुश हैं, जिसने स्वर्ण जीता वह भी हमारा बच्चा है और जिसने रजत पदक प्राप्त किया वह भी हमारा बच्चा है। सभी एथलीट हैं, सभी कड़ी मेहनत करते हैं। नदीम भी अच्छा है, वह अच्छा खेलता है, नीरज व नदीम में कोई अंतर नहीं है। हमें स्वर्ण और रजत पदक मिला, हमारे लिए कोई अंतर नहीं है। नीरज और नदीम दोनों प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं। वहीं, अरशद की मां रजिया ने एक न्यूज चैनल को बताया कि वे दोनों भाई हैं नीरज हमारे बच्चे जैसा है। मैं दुआ करूंगी कि वह जीते। खेल में जीत हार होती है लेकिन ये दोनों भाई हैं।



स्पर्धा के बाद बात करते नीरज और अरशद।

### 'चूरमा' से होगा नीरज का स्वागत

नीरज का 'देशी खाने' के प्रति लगाव जगजाहिर है और उनका परिवार दो बार के ओलंपिक पदक विजेता का उनके पसंदीदा व्यंजन 'चूरमा' के साथ स्वागत करने की योजना बना रहा है। सरोज ने कहा कि उसने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। हम उसका स्वागत 'चूरमा' से करेंगे जो उसका पसंदीदा है। मुझे खुशी है, लोग पटाखे जला रहे हैं, हम लड्डू बना रहे हैं। नीरज की चाची कमलेश ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। उसने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सभी 88-89 मीटर के करीब थे। इसलिए प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन थी। यह स्वर्ण या रजत जीतने के बारे में नहीं है, बल्कि पदक जीतने के बारे में है और उसने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# विवाद के बाद स्वदेश लौटीं अंतिम

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस में ओलंपिक खेलों के खेल गांव में अनुशासनात्मक उल्लंघन के कारण विवादों में घिरी भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल शुक्रवार को स्वदेश लौट आईं। यह पहलवान गुरुवार को तब चर्चा में आ गई थी जब उन्होंने अपने मान्यता कार्ड पर अपनी बहन को खेल गांव में प्रवेश करवाने की कोशिश की थी और बाद में पुलिस ने उन्हें बुलाया।

इस घटना ने देश को शर्मसार किया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को तुरंत ही स्वदेश वापस भेजने का फैसला किया। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंतिम ने हालांकि कहा कि उनका कुछ भी गलत करने का इरादा नहीं था लेकिन खेल गांव के नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय टीम की जर्सी पहनकर यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने वाली अंतिम तुरंत ही बाहर निकल गई और उन्होंने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया।



भारत लौटी अंतिम पंघाल व उनकी बहन। ● एजेंसी।

- मीडिया से बात करने से किया इनकार, बोलीं- यह सब भ्रम की वजह से हुआ
- मान्यता कार्ड पर बहन को खेल गांव में प्रवेश करवाने पर पेरिस की पुलिस ने पकड़ा था

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# अवामी लीग पर निर्भर नहीं भारत-बांग्लादेश संबंध

## बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता बोले- शेख हसीना को शरण देने से बांग्लादेश में प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व मंत्री खांडकर मुशर्रफ हुसैन ने बांग्लादेश के लिए भारत को बहुत महत्वपूर्ण करार दिया

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंध अवामी लीग पर निर्भर नहीं हैं और भारत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को शरण देने पर बांग्लादेश में प्रतिकूल प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री खांडकर मुशर्रफ हुसैन ने बांग्लादेश के लिए भारत को बहुत महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि यह द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करने का सही समय है।

हुसैन ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बधाई संदेश का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि भारत सरकार अब अवामी लीग और शेख हसीना को समर्थन देना जारी नहीं रखेगी, जिन्हें बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों के बाद देश से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बीएनपी के उपाध्यक्ष अब्दुल अवल मिंटू ने भी ऐसी ही राय जताते हुए कहा कि बेहतर होता कि हसीना भारत नहीं भागतीं। उन्होंने कहा, बेहतर होता कि वह भारत नहीं भागतीं, क्योंकि हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। बांग्लादेश और इसके लोग भारत को दोस्त की तरह मानते और देखते हैं। उन्होंने हालांकि रेखांकित किया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुताबिक भारत का अधिकार है कि वह जिसे चाहे उसे शरण दे सकता है।

हुसैन ने कहा, शेख हसीना के भारत में शरण लेने का असर बिल्कुल स्वाभाविक है। उदाहरण के लिए, यदि मैं आपको पसंद नहीं करता हूं और कोई अन्य व्यक्ति आपका समर्थन कर रहा है तो स्वाभाविक रूप से मुझे वह व्यक्ति पसंद नहीं आएगा। प्रतिकूल प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है। लेकिन तथ्य यह है कि भारत-बांग्लादेश के बीच हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं, भले ही अवामी लीग सत्ता में हो या शेख हसीना। उन्होंने कहा, जब बीएनपी सत्ता में थी, मैं बांग्लादेश सरकार में मंत्री था। हमने देखा कि दोनों देशों के बीच शानदार संबंध रहे। भारत, बांग्लादेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत ने हमेशा बांग्लादेश के लोगों का समर्थन किया है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के लोग उम्मीद करते हैं कि भारत सरकार अवामी लीग जैसे भ्रष्ट और तानाशाहीपूर्ण शासन का समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि भारत के लोगों को भी इसका एहसास है। यह पूछे जाने पर कि क्या बीएनपी चाहती है कि हसीना को बांग्लादेश को सौंप दिया जाए, उन्होंने कहा, यह अंतरिम सरकार को तय करना है।



भारत में घुसपैठ करने की कोशिश में कूच बिहार में सीतलकुची बाड़ वाली भूमि सीमा के करीब इकट्ठा हुए बांग्लादेशी। • एजेंसी

### हम नस्ली आधार पर होने वाले हमले और हिंसा भड़काने के खिलाफ हैं: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह नस्ली आधार पर होने वाले किसी भी तरह के हमले या हिंसा भड़काने के खिलाफ हैं। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने गुरुवार को कहा, हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बांग्लादेश में जो हिंसा हो रही है उस पर नियंत्रण पाया जाए। निश्चित रूप से हम नस्ल आधार पर हमले या हिंसा के खिलाफ हैं। वह बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे हमलों के संबंध में महासचिव की प्रतिक्रिया से जुड़े सवालों के जवाब दे रहे थे।

### सलाहकार परिषद के सदस्यों के विभागों की घोषणा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को नवनियुक्त सलाहकार परिषद के विभागों की घोषणा की और रक्षा सहित 27 मंत्रालयों का प्रभार अपने पास रखा तथा अनुभवी राजनयिक मोहम्मद तौहीद हुसैन को विदेश मंत्रालय का प्रमुख नियुक्त किया। अन्य सलाहकारों का चयन छात्र नेताओं, सेना और नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के परामर्श से किया गया। एक आधिकारिक घोषणा के अनुसार, यूनुस ने रक्षा, लोक प्रशासन, शिक्षा, ऊर्जा, खाद्य, जल संसाधन और सूचना मंत्रालय सहित 27 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है। पूर्व विदेश सचिव हुसैन को विदेश मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है, जबकि सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जनरल एम सखावत हुसैन को गृह मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है। बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर सलाहुद्दीन अहमद वित्त और योजना मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि पूर्व अटॉर्नी जनरल ए एफ हसन आरिफ स्थानीय सरकार मंत्रालय का प्रभार संभालेंगे।

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार बड़े देशों के साथ संबंधों में संतुलन चाहती है: हुसैन

**ढाका।** बांग्लादेश की नवगठित अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को बड़े देशों के साथ ढाका के संबंधों में संतुलन बनाये रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। विदेश मामलों के सलाहकार एवं पूर्व विदेश सचिव मोहम्मद तौहीद हुसैन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कानून एवं व्यवस्था बहाल करना इस समय अंतरिम सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है तथा पहला लक्ष्य हासिल हो जाने के बाद अन्य कार्य भी हो जाएंगे। यूएनबी समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश को सभी देशों के साथ अच्छे संबंध रखने की जरूरत है। हुसैन ने कहा, हम सभी के साथ अच्छे संबंध रखना चाहते हैं।

## एक नजर

### तुर्किये में बस दुर्घटना में नौ लोगों की मौत, 26 घायल

**अंकारा।** तुर्किये में शुक्रवार को एक बस के सड़क किनारे एक खंभे से टकराने से उसमें सवार नौ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गये। गवर्नर वासिप शाहिन ने हैबरटर्क टेलीविजन स्टेशन को बताया कि यह दुर्घटना राजधानी अंकारा से लगभग 80 किलोमीटर दूर पोलाटली शहर के निकट हुई। उन्होंने बताया कि बस पश्चिमी तुर्किये के इजमिर शहर से देश के पूर्व में एग्री शहर की ओर जा रही थी।

### विदेश सचिव दो दिनी यात्रा पर जाएंगे नेपाल

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी रविवार 11 अगस्त से नेपाल की दो दिवसीय यात्रा शुरू करेंगे, जो कार्यभार संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि विदेश सचिव की यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय यात्राओं की एक कड़ी है। मंत्रालय ने कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी नेपाल के विदेश सचिव सेवा लमसाल के निमंत्रण पर 11-12 अगस्त को नेपाल की आधिकारिक यात्रा पर होंगे।

### नशे में धुत महिला ने बस परिचालक पर फेंका सांप

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक महिला ने नशे की हालत में बस के शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर उसने बस की परिचालक पर सांप फेंक दिया। शिकायत पर पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि महिला ने गुरुवार की शाम विद्यानगर में तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की बस पर शराब की बोतल फेंकी थी। जब बस की महिला परिचालक ने विरोध किया तो बैग से सांप निकालकर उसके ऊपर फेंक दिया।

### पांचवीं मंजिल से बच्ची पर गिरा कुत्ता, लड़की की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में एक इमारत की पांचवीं मंजिल से एक पालतू कुत्ता चार साल की बच्ची पर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कुत्ते के मालिक को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि ठाणे शहर के मुंब्रा इलाके में मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे यह घटना हुई थी। इस संबंध में तीन अन्य के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

### निकारागुआ के राजदूत को ब्राजील छोड़ने का आदेश

**साओ पाउलो।** ब्राजील की सरकार ने गुरुवार को मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ की राजदूत को देश छोड़ने का आदेश दिया। इससे पहले निकारागुआ के राष्ट्रपति डैनियल आर्टेगा ने ब्राजील के राजदूत को देश से जाने का आदेश सुनाया था। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने निकारागुआ के राजदूत फुल्विया पेट्रीसिया कास्त्रो माटू को निष्कासित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मानागुआ से ब्राजील के राजदूत को हटाने के निकारागुआ सरकार के कदम के बदले में लिया गया।

# द्विपक्षीय संबंध मजबूत करेंगे जयशंकर

माले, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत की पड़ोस प्रथम नीति में मालदीव एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और वह द्वीपसमूह राष्ट्र के नेतृत्व के साथ सार्थक वार्ता को लेकर आशान्वित हैं। जयशंकर मालदीव के साथ द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे।

द्वीपसमूह देश में पिछले साल चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद भारत की ओर से यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। उनकी मालदीव यात्रा जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत यात्रा के कुछ हफ्तों बाद हो रही है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के नवंबर 2023 में शीर्ष कार्यालय का पदभार संभालने के बाद भारत और मालदीव के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मालदीव पहुंचकर खुशी हुई। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए विदेश मंत्री मूसा जमीर को धन्यवाद। हमारी पड़ोस प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण में मालदीव एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व के साथ सार्थक वार्ता को लेकर आशान्वित हूं।



मालदीव के हवाई अड्डे पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा ज़मीर के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर। • एजेंसी

- मालदीव पहुंचे विदेश मंत्री, द्वीप समूह राष्ट्र को बताया महत्वपूर्ण

### टेलर के संगीत कार्यक्रमों में हमले की साजिश में एक और गिरफ्तारी

**वियना।** अमेरिकी गायिका टेलर स्विफ्ट के इस सप्ताह होने वाले तीन संगीत कार्यक्रम को हमले की साजिश का पता चलने के बाद रद कर दिया गया था। इससे पहले दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में मुख्य संदिग्ध ने अर्न्स्ट हैप्पल स्टेडियम के बाहर एकत्र होने वाले दर्शकों को निशाना बनाने की साजिश रची थी।

उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रिया में 19 वर्षीय मुख्य संदिग्ध और 17 वर्षीय एक किशोर को मंगलवार को हिरासत में ले लिया गया था। गृह मंत्री ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 18 वर्षीय तीसरे संदिग्ध को गुरुवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया गया।

# रूसी सेना में शामिल 91 भारतीयों में आठ की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- 14 की वतन वापसी, 69 को रिहाई का इंतजार

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सेना में भारत के 91 नागरिकों को भर्ती किया गया था जिनमें से 8 जान गंवा चुके हैं और 14 को छुट्टी दी जा चुकी है जबकि बाकी 69 भारतीय रिहाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि हमारे पास अब तक कुल मिलाकर 91 ऐसे भारतीय नागरिक हैं, जिन्हें रूसी सेना में भर्ती किया गया था। दुर्भाग्य से, उनमें से 8 का निधन हो गया है। 14 को छुट्टी दे दी गई है या किसी तरह से हमारी सहायता से वापस आ गए हैं जबकि 69 भारतीय नागरिक रिहाई का इंतजार कर रहे हैं।

### अवैध एजेंटों के खिलाफ हो रही कार्रवाई : जयशंकर

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि अवैध एजेंट लोगों को विदेश भेज रहे हैं और सरकार को इसकी जानकारी है इसलिए इस बारे में कार्रवाई की जा रही है तथा दोषियों को कड़ा दंड दिया जाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में एक पूरक सवाल के जवाब में कहा कि विदेश भेजने के लिए जो एजेंट अवैध तरीके से काम कर रहे हैं और उनकी सूची सरकार के पास है, कार्रवाई हो रही है।

### जल्द ही ऑकलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत: मुर्मू

**ऑकलैंड।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत न्यूजीलैंड के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और प्रवासी भारतीयों की सुविधा के लिए जल्द ही ऑकलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलेगा। ऑकलैंड में भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उन्हें न्यूजीलैंड में भारतीय समुदाय की उपलब्धियां देखकर बहुत प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा, भारत के न्यूजीलैंड से संबंध बहुत गहरे और बहुआयामी हैं। भारतीय समुदाय ने न्यूजीलैंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत समुदाय की लंबित मांग को पूरा करते हुए जल्द ही ऑकलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलेगा।

### यूक्रेन में मॉल पर रूसी हमले में 10 की मौत

**कीव।** रूस ने कुर्स्क क्षेत्र में स्थिति को संघीय स्तर का आपातकाल घोषित कर दिया और शुक्रवार को अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा। चार दिन पहले सैकड़ों यूक्रेनी सैनिकों के सीमा पार कर आने के बाद यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि एक रूसी विमान द्वारा दागी गई मिसाइल दिन में एक यूक्रेन के शॉपिंग मॉल में जा गिरी, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गये। पूर्वी दोनेत्स्क के कोस्टियनटिनिव्का में स्थित यह मॉल शहर के आवासीय क्षेत्र में स्थित है। हमले के बाद घना काला धुआं उठता दिखाई दिया।

# इमरान खान और बुशरा की रिमांड बढ़ी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- तोशाखाना के नए भ्रष्टाचार मामले में अदालत की कार्रवाई

पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना के नए भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की रिमांड 11 दिनों के लिए बढ़ा दी है। मीडिया में शुक्रवार को जारी की गई खबरों में यह जानकारी दी गई।

पाकिस्तान के अंग्रेजी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार में प्रकाशित खबर में कहा गया है कि जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा की अध्यक्षता में रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में स्थापित अस्थायी अदालत कक्ष में गुरुवार को मामले की सुनवाई की गई। न्यायाधीश राणा ने तोशाखाना के नये भ्रष्टाचार मामले में खान और बीबी की 10 दिन की रिमांड समाप्त होने के बाद इसे 11 और दिनों के लिए बढ़ा दिया।

### एयर इंडिया ने स्थगित कीं तेल अवीव की उड़ानें

**नई दिल्ली।** इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर एयर इंडिया ने शुक्रवार को तेल अवीव से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को अगली सूचना तक स्थगित करने की घोषणा की। कंपनी ने इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तेल अवीव तक की अपनी सेवाएं 8 अगस्त तक स्थगित कर दी थीं। एयरलाइन ने एक्स पर लिखा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानों का निर्धारित संचालन तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

# वायनाड: रहस्यमयी आवाज से दहशत

वायनाड, एजेंसी

- भूकंपीय रिकॉर्ड की जांच में किसी हलचल की जानकारी नहीं
- प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया

केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले में विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार की सुबह लोगों ने जमीन के नीचे से तेज आवाज सुनने की सूचना दी, जिससे स्थानीय लोगों और अधिकारियों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि अंबालावायल गांव और व्यथिरी तालुक के कुछ इलाकों में तेज ध्वनि सुनाई दी। वायनाड के जिलाधिकारी डीआर. मेघश्री ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने के लिए कदम उठाए हैं।

केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने कहा कि वह भूकंपीय रिकॉर्ड की जांच कर रहा है और स्थानीय स्तर पर जांच कर स्थिति का पता लगाया जा रहा है। उसने कहा कि अभी तक भूकंपीय रिकॉर्ड में हलचल का किसी प्रकार का संकेत नहीं मिला है। पंचायत वार्ड के एक सदस्य ने एक टीवी चैनल से कहा कि यह आवाज सुबह करीब 10:15 बजे सुनी गई। प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

### पीड़ितों के परिजन और अन्य लोग खोज दल में शामिल

वायनाड में भूस्खलन की घटनाओं में लापता हुए लोगों की तलाश में शुक्रवार को 11वें दिन व्यापक तलाश अभियान शुरू किया गया। खोज दल में घटनास्थल से सुरक्षित बचाए गए लोग और पीड़ितों के रिश्तेदार भी शामिल हैं। राज्य सरकार के अनुसार, वायनाड के मुंडक्कई और चूरलमाला गांव में भूस्खलन की घटनाओं में अब भी 131 लोग लापता हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### लोगों ने कहा हीरो नहीं बन सकते : राहुल देव

**मुंबई।** 90 के दशक के बाद सबसे खूंखार विलेन कहे जाने वाले नॉन फिल्मी बैकग्राउंड से होने के बावजूद राहुल इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो गए थे। हालांकि, पर्सनल लाइफ में हुए एक हादसे ने उन्हें बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया। एक वक्त ऐसा आया कि 80 फिल्मों में काम करने के बाद उन्हें मूवीज के ऑफर मिलने बंद हो गए। मेकर्स उन्हें कास्ट करने से बचने लगे। आखिरकार उन्हें दूसरी पारी शुरू करने के लिए बिग बॉस जैसे कॉन्ट्रोवर्शियल शो में जाना पड़ा। बिग बॉस के बाद राहुल ने दोबारा एक्टिंग करियर में वापसी की। राहुल का बचपन से ही क्रिकेट की तरफ रुझान था। इस बारे में वे कहते हैं, बहुत क्रिकेट खेलता था। मैंने दिल्ली की अंडर 19 और अंडर 16 टीम में भी खेला है। हालांकि, कभी पेरेंट्स को यह बताने की हिम्मत नहीं हुई कि मुझे पढ़ाई से ब्रेक लेकर पूरा ध्यान क्रिकेट पर लगाना है। यही वजह रही कि क्रिकेट से दूर होता चला गया। क्रिकेटर ना बन पाने के बाद राहुल ने मॉडलिंग का रुख किया।

### डॉन 2 के लिए ऋतिक रोशन से हुई थी बात

**मुंबई।** फरहान अख्तर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि अमिताभ बच्चन की फिल्म डॉन के रीमेक में उन्होंने पहले ऋतिक रोशन को कास्ट करने का सोचा था। फरहान ने राज शहामी के पॉडकास्ट पर कहा कि फिल्म की स्क्रिप्ट लिखने से पहले ही उन्होंने ऋतिक से कनेक्ट किया था। एक्टर-फिल्ममेकर ने कहा, मैंने ऋतिक से कहा कि मैं डॉन के रीमेक के बारे में सोच रहा हूं। उन्होंने कहा, यह तो शानदार लगता है। मैंने जवाब में कहा, मैं इसे लिख लूंगा और फिर तुम्हारे पास लाऊंगा। हालांकि, जब फरहान ने स्क्रिप्ट लिखनी शुरू की, तो उन्हें लगा कि शाहरुख की पर्सनालिटी और उनका मजाकिया स्वभाव इस रोल के लिए फिट बैठता हैं। इस बारे में फरहान ने कहा, जब मैं लिख रहा था, ऐसा लग रहा था कि शाहरुख ही इस रोल के लिए सबसे सही हैं। लेकिन मैंने पहले ही ऋतिक से बात कर ली थी। तो मैंने सोचा कि क्या किया जाए? मैंने ऋतिक को कॉल किया और कहा कि मैं स्क्रिप्ट लिख रहा हूं और मुझे लगता है कि शाहरुख को कॉल करना चाहिए।



### उलझ ने पहले हफ्ते में सात करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की

**मुंबई।** जान्हवी कपूर एवं गुलशन देवैया की उलझ प्रदर्शन के पहले सात दिनों में 7.2 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस फिल्म का प्रदर्शन दो अगस्त को हुआ था। इसी दिन तब्बू और अजय देवगन अभिनीत औरों में कहां दम था भी सिनेमाघरों मे प्रदर्शित हुई थी। भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी (आईएफएस) के जीवन की चुनौतियों पर आधारित उलझ का निर्माण जंगली पिक्चर्स ने किया है तथा इसका वितरण पेन स्टूडियो ने किया है। फिल्म का निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है।

## खगोल विज्ञान


बहुआयामी खोज विभिन्न खगोलीय आयामों को समझने के लिए मानी जाती है महत्वपूर्ण

# 19 हजार प्रकाशवर्ष दूर 10 पल्सर की बढ़ी खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने क्लस्टर टेर्जन 5 नक्षत्र में दस पल्सर की खोज करने में कामयाबी हासिल की है। यह गोलाकार क्लस्टर, न्यूट्रॉन सितारों को बेहतर ढंग से समझने व आइंस्टीन के सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत का परीक्षण करने के साथ पल्सर श्रेणियों के विस्तार को लेकर बहुआयामी खोज मानी जा रही है।

खगोल वैज्ञानिकों ने मीरकैट रेडियो टेलीस्कोप और ग्रीन बैंक टेलीस्कोप से प्राप्त डेटा के जरिये इस खोज को अंजाम दिया। यह मिलीसेकंड प्लसर खोज है। ब्रह्मांड में यह तारकीय समूह हजारों विभिन्न प्रकार के सितारों का एक भीड़-भाड़ वाली जगह है। इसे ई इस ओ 520-27 और 2 एम ए एस एक्स जे17480455-2446441 के नाम से भी जाना जाता है, जो धनु राशि में पृथ्वी से लगभग 19,000 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। नेशनल रेडियो एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेटरी के खगोलशास्त्री स्कॉट रैनसम के अनुसार टेर्जन 5 ऐतिहासिक रूप से सबसे व्यापक अध्ययन का केंद्र रहा है। जिसने कई तरंग दैर्ध्य में उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। यह क्लस्टर आकाशगंगाओं में आदिकालीन संरचनाओं का अवशेष माना जाता है। जिस कारण आकाशगंगा निर्माण का अभिन्न अंग भी माना हैं। यह क्लस्टर 1.09 मिलियन सौर द्रव्यमान वाला है और उच्चतम तारकीय टकराव वाला गोलाकार नक्षत्रों में से एक है। इस तरह के नए पल्सर की खोज असामान्य व वास्तव में बेहद रोमांचक है।



तारा समूह गोलाकार क्लस्टर टेर्जन 5 की तस्वीर।

### ऊर्जा चुकाकर बनते हैं मिनी पल्सर

नैनीताल : पल्सर शक्तिशाली प्रक्रिया है। जब भी पल्सर बायनेरिज़ यानी दूसरे तारे से जुड़ते हैं, तो एक से दूसरे तक तेज गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के जरिए सामग्री और ऊर्जा चुरा लेते हैं। जिस कारण पल्सर तेजी से घूमने लगता है और एक मिलीसेकंड पल्सर बन जाता है। पल्सर, क्वेजार व ब्लैक होल के व्यवहार व रंग रूप को समझने के प्रयास में खगोल वैज्ञानिक जुटे रहते हैं।